राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 गोलमाल 5 में करीना कपूर की...



विपक्ष की आवाज दबाने का आरोप... 12

गाजियाबाद, शुक्रवार 06 फरवरी 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 12 अंकः 335, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

# अल-फलाह यूनिवर्सिटी के चेयरमैन जावेद अहमद सिद्दीकी गिरफ्तार,इस मामले में क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अल-फलाह यूनिवर्सिटी के चेयरमैन जावेद अहमद सिद्दीकी को गिरफ्तार कर लिया है। सिद्दीकी पर विश्वविद्यालय के संचालन में जालसाजी और भारी अनियमितताएं बरतने का आरोप है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बुधवार को जानकारी दी कि यह गिरफ्तारी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (त्रष्ट) की ओर से दर्ज कराई गई दो एफआईआर के आधार पर की गई है।

लाल किला धमाके के बाद रडार पर आया मामला पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस पूरे मामले की कड़ियाँ लाल किले के पास हुए धमाके के बाद शुरू हुई जांच से जुड़ती हैं। धमाके के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने जब जांच का दायरा बढ़ाया, तो अल-फलाह




यूनिवर्सिटी के कामकाज में कई तरह के फजीवाड़े और अनियमितताओं के संकेत मिले। जांच के दौरान मिले ठोस तथ्यों के आधार पर क्राइम ब्रांच ने मामला दर्ज कर अपनी तफ्तीश शुरू की थी। इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) भी पहले से सक्रिय था और अपनी ओर से कार्यवाही कर रहा था। ईडी की जांच और मिले सबूतों के बाद दिल्ली पुलिस ने सिद्दीकी को हिरासत में लिया और लंबी पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

**कोर्ट ने चार दिन की रिमांड पर भेजा**


गिरफ्तारी के बाद जावेद अहमद सिद्दीकी को कानूनी प्रक्रिया के तहत स्थानीय अदालत में पेश किया गया। पुलिस ने अदालत के सामने दलील दी कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी से गहन पूछताछ की आवश्यकता है। अदालत ने पुलिस की दलील स्वीकार करते हुए सिद्दीकी को चार दिन की पुलिस हिरासत (रिमांड) में भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि रिमांड के दौरान यूनिवर्सिटी के अन्य वित्तीय लेन-देन और कथित फजीवाड़े से जुड़े अन्य पहलुओं की बारीकी से जांच की जाएगी।

**विस्फोटक बरामदगी के बाद सुर्खियों में था विश्वविद्यालय**

आपको बता दें कि अल-फलाह यूनिवर्सिटी का नाम विवादों में आना नया नहीं है। यह संस्थान उस वक्त सुरक्षा एजेंसियों की नजरों में चढ़ गया था, जब फरीदाबाद और जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक संयुक्त अभियान में एक कश्मीरी डॉक्टर को गिरफ्तार किया गया था। आरोपी की पहचान मुजम्मिल शकील के रूप में हुई थी, जो इसी यूनिवर्सिटी में बतौर शिक्षक कार्यरत था। उस समय पुलिस ने शकील के पास से करीब 360 किलोग्राम विस्फोटक और भारी मात्रा में हथियार बरामद किए थे। इस आतंकी कनेक्शन के सामने आने के बाद से ही यूनिवर्सिटी की गतिविधियों पर जांच एजेंसियों की पैनी नजर थी।

# लोकसभा में ऐसा क्या होने वाला था? ओम बिरला ने क्यों पीएम को सदन आने से रोका? खुलासे से मचा बवाल

**दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को कहा कि उन्हें सूचना मिली थी कि कांग्रेस सांसद प्रधानमंत्री के राष्ट्रपति अभिभाषण के दौरान सदन में अभूतपूर्व व्यवधान उत्पन्न करने की योजना बना रहे हैं, जिसके बाद उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बुधवार को सदन में न आने की सलाह दी थी। अपने इस निर्णय को स्पष्ट करते हुए बिरला ने कहा कि जब प्रधानमंत्री को सदन में राष्ट्रपति अभिभाषण का उत्तर देना था, तब मुझे सूचना मिली कि कुछ कांग्रेस सांसद प्रधानमंत्री की कुर्सी के पास अनुचित घटना को अंजाम दे सकते हैं। यदि ऐसी कोई घटना घटित होती, तो इससे देश की लोकतांत्रिक परंपराओं को ठेस पहुँचती। इसे रोकने के लिए, मैंने प्रधानमंत्री से सदन में न आने का अनुरोध किया। बुधवार को जब लोकसभा की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई, तो विपक्ष द्वारा विभिन्न मुद्दों पर बार-बार की गई बाधाओं के कारण अध्यक्ष ने सदन को गुरुवार (5 फरवरी) तक के लिए स्थगित कर दिया। सूत्रों के अनुसार, विपक्ष की महिला सांसद, जिनमें अधिकतर कांग्रेस की थीं, लोकसभा में प्रधानमंत्री की सीट के पास खड़ी हो गईं और उस गलियारे को अवरुद्ध कर दिया जिससे होकर प्रधानमंत्री वहां पहुंचते। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस सांसद वर्षा गायकवाड़, ज्योतिमणि और अन्य प्रधानमंत्री की कुर्सी के पास ही डटे रहे और केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के समझाने-बुझाने के बावजूद भी नहीं हटे। तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने बाद में समाचार एजेंसी एएनआई को बताया कि केंद्र सरकार विपक्ष का भाषण तैयार नहीं कर सकती... हम वही बोलेंगे जो हम बोलना चाहते हैं। सूत्रों ने आगे दावा किया कि विपक्षी महिला सांसद कार्यवाही शुरू होने से पहले ही सदन पहुंच चुकी थीं और प्रधानमंत्री के संबोधन को बाधित करने की योजना बना रही थीं। उनके व्यवहार को अत्यंत आक्रामक बताया गया और सूत्रों ने संकेत दिया कि कल भी उनके भाषण को बाधित करने का एक और प्रयास हो सकता है। सूत्रों के अनुसार, सरकार का मानना था कि सांसद प्रधानमंत्री के सदन में प्रवेश करते ही उन्हें घेरने का प्रयास कर सकती हैं, जिसके चलते कार्यवाही को दिन भर के लिए स्थगित करने का निर्णय लिया गया। परिणामस्वरूप, लोकसभा स्थगित होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी का संबोधन भी स्थगित कर दिया गया।



**जब प्रधानमंत्री को सदन में राष्ट्रपति अभिभाषण का उत्तर देना था, तब मुझे सूचना मिली कि कुछ कांग्रेस सांसद प्रधानमंत्री की कुर्सी के पास अनुचित घटना को अंजाम दे सकते हैं। यदि ऐसी कोई घटना घटित होती, तो इससे देश की लोकतांत्रिक परंपराओं को ठेस पहुँचती। इसे रोकने के लिए, मैंने प्रधानमंत्री से सदन में न आने का अनुरोध किया**

## न्यूज डायरी

### जिस दीए को तूफां में जलना होगा, उसे संभल संभल के चलना होगा, शशि थरूर ने शेयर किया वीडियो

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** संसद भवन परिसर में हुए एक घटनाक्रम की खूब चर्चा हो रही है। सांसद शशि थरूर संसद परिसर की सीढ़ियों पर फोन पर बात करते हुए लड़खड़ाए और उन्हें सपा मुखिया अखिलेश यादव ने संभाला। इस घटनाक्रम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



वीडियो में कांग्रेस सांसद शशि थरूर संसद परिसर की सीढ़ियों पर फोन पर बात करते हुए लड़खड़ाते हुए दिखाई दे रहे हैं। जैसे ही उन्होंने सीढ़ी पर पैर रखा, थरूर फिसल गए। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव उनके बगल में खड़े थे और वे तुरंत थरूर को उठने में मदद करने लगे। इसके बाद दोनों में थोड़ी सी बातचीत भी हुई। इसके बाद अखिलेश यादव थरूर का हाथ पकड़कर कुछ सीढ़ियों से उतरते दिखाई दिए। इसके बाद उनके स्वास्थ्य को लेकर कई लोगों ने चिंता व्यक्त की थी। अब इस वीडियो को खुद शशि थरूर ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है।

शशि थरूर ने एक्स पर लिखा, जिस दीए को तूफां में जलना होगा, उसे संभल संभल के चलना होगा। मैं ठीक हूं। थरूर के इस बयान के अब राजनीतिक मायने भी निकाले जा रहे हैं। संसद भवन में हुई एक और घटना की दिनभर चर्चा रही। संसद परिसर में बुधवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के बीच नोकझोंक हो गई। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि चिंता मत करो, तुम वापस आओगे। इस दौरान राहुल गांधी ने केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को गद्दार कहा। हालांकि, राहुल गांधी ने केंद्रीय मंत्री से हाथ मिलाने के लिए हाथ आगे बढ़ाया, लेकिन बिना हाथ मिलाए रवनीत सिंह बिट्टू चले गए। इस पूरे मामले को लेकर भाजपा राहुल गांधी पर हमलावर है।बिट्टू को गद्दार कहे जाने पर दिल्ली के सात भाजपा सांसदों ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान को निंदनीय करार दिया है। भाजपा सांसदों का दावा है कि राहुल गांधी ने सिख समुदाय की अस्मिता पर सीधा प्रहार किया है।

### भाजपा सांसद ने कांग्रेस और गांधी परिवार का इतिहास बताने वाली 40 किताबों की लिस्ट जारी की

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की किताब को लेकर संसद में चल रहे विवाद के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे ने कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार पर पलटवार किया है। उन्होंने 40 किताबों की एक लिस्ट शेयर की, जिनके बारे में उनका दावा है कि वे भारत का असली इतिहास बताती हैं और पार्टी के पिछले शासन से जुड़े कथित विवादों को उजागर करती हैं। निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 40 किताबों की एक लिस्ट जारी की। उन्होंने कहा कि इन किताबों में भारत के ऐतिहासिक वृत्तांत, 1975 और 1977 के बीच आपातकाल की अवधि, वंशवादी राजनीति की आलोचना और अन्य विवरण शामिल हैं। किताबों का जिक्र करते हुए उन्होंने दावा किया कि वे कांग्रेस शासन के विवादास्पद पहलुओं को उजागर करती हैं। भाजपा सांसद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 40 अलग-अलग पोस्ट किए, जिनमें से हर एक में उनकी लिस्ट की एक किताब का शीर्षक, लेखक और सारांश शामिल था।

# सीएम रेखा गुप्ता ने सुनीं दिल्लीवालों की समस्याएं

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने मुख्यमंत्री जनसेवा सदन में आयोजित जनसुनवाई के दौरान शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से आए दिल्लीवासियों की समस्याएं और सुझाव ध्यान से सुने। 'जनता का शासन, जनता के द्वारा के अपने संकल्प को दोहराते हुए उन्होंने न सिर्फ हर शिकायत को गंभीरता से लिया,

**मौके पर ही दिए समाधान के निर्देश**

बल्कि मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश भी दिए। जनसुनवाई में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेंशन, टूटी सड़कों, जलभराव और सफाई व्यवस्था जैसे मुद्दे प्रमुख रूप से सामने आए। मुख्यमंत्री ने हर नागरिक से व्यक्तिगत बातचीत की और उनके प्रार्थना पत्रों पर तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनसुनवाई में उठने वाली शिकायतों के निपटारे में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि होती है। जनसुनवाई केवल समस्याएं सुनने का मंच नहीं, बल्कि सरकार और जनता के बीच भरोसे को मजबूत करने का माध्यम है। जब कोई नागरिक सीधे मुख्यमंत्री के सामने अपनी बात रखता है और उस पर कार्रवाई होती है तो प्रशासन पर विश्वास बढ़ता है। हमारी सरकार पूरी तरह जवाबदेह है और दिल्ली के हर नागरिक की भलाई के लिए प्रतिबद्ध है।



**निशुल्क गैस सिलेंडर योजना पर उमड़ा जन-आभार**

जनसुनवाई के दौरान दिल्ली के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से आई महिलाओं और मध्यमवर्गीय परिवारों ने होली और दिवाली पर निशुल्क गैस सिलेंडर की राशि देने की योजना के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि कैबिनेट द्वारा 242 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी और सीधे बैंक खाते में 853 रुपये की राशि भेजने के फैसले ने उनके त्योहारों की खुशियों को और बढ़ा दिया है। महिलाओं ने इसे बड़ी राहत बताते हुए कहा कि महंगाई के इस दौर में यह योजना उनके रसोई बजट को संभालने में काफी मददगार साबित होगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता का विश्वास और उनकी दुआएं ही हमें और बेहतर काम करने की प्रेरणा देती हैं। जब लोग बताते हैं कि सरकारी योजनाओं से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है, तो हमारा संकल्प और मजबूत होता है। हमारी सरकार पूरी तरह जवाबदेह है और जनसेवा ही हमारा एकमात्र लक्ष्य है।

# एक लाख से ज्यादा लोग लापता, पुलिस ने सिर्फ 9700 मामलों में की कार्रवाई, हाई कोर्ट ने कहा-आंकड़े चौंकाने वाले

**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश में रहस्यमय तरीके से गायब हो रहे लोगों की बढ़ती संख्या और पुलिस की निष्क्रियता




पर इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने बेहद सख्त रुख अपनाया है। प्रदेश में पिछले दो सालों में एक लाख से अधिक लोगों के लापता होने की खबर पर स्वतः संज्ञान लेते हुए अदालत ने इसे एक जनहित याचिका (क्कढ्ढरु) के रूप में दर्ज करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गहरी नाराजगी जताते हुए कहा है कि लाखों लोगों के गायब होने के बावजूद पुलिस का रवैया बेहद सुस्त है और यह आंकड़े किसी को भी चौंकाने के लिए काफी हैं।

पिता की याचिका से खुला पुलिस की लापरवाही का राज

मामले की गंभीरता तब सामने आई जब जस्टिस अब्दुल मोइन और जस्टिस बबीता रानी की डिवीजन बेंच एक पीड़ित पिता, विक्रमा प्रसाद की क्रिमिनल रिट याचिका पर सुनवाई कर रही थी। विक्रमा प्रसाद ने कोर्ट को बताया कि उनका बेटा जुलाई 2024 से लापता है, लेकिन पुलिस उसे ढूंढने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रही है और न ही कोई ठोस कदम उठा रही है। इसी याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने जब अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) से जवाब तलब किया, तो जो आंकड़े सामने आए, उन्होंने पूरे सिस्टम की पोल खोलकर रख दी।

## पंजाब के युवाओं के लिए खुलेंगे रोजगार के द्वार

# मान सरकार ने निवेश अभियान को दी नई रफ्तार

**मुंबई (आरएनएस)।** मुंबई निवेश रोड शो के दूसरे दिन भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने प्रोग्रेसिव पंजाब निवेशक सम्मेलन 2026 के हिस्से के रूप में राज्य के युवाओं के लिए पूंजी निवेश को नौकरियों में बदलने पर ध्यान केंद्रित करते हुए निवेश अभियान को और तेज कर दिया। उच्च-स्तरीय बैठकों से लेकर वित्तीय विचार-विमर्श करते हुये पंजाब सरकार ने लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को और मजबूत करने तथा उन्हें बड़े उद्यमों में बदलने योग्य बनाने से लेकर विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स और उभरते क्षेत्रों में वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करने तक अनेक संभावनाओं की श्रृंखला प्रस्तुत की।



परिणाम-उन्मुख बैठकों की यह श्रृंखला कॉर्पोरेटों और वित्तीय संस्थाओं के साथ साझेदारी को और गहरा करने, औद्योगिक क्षमताओं के विस्तार के साथ-साथ टिकाऊ, कुशल और दीर्घकालिक रोजगार संबंधी रणनीति को दर्शाती है, जो पंजाब को युवा-नेतृत्व वाले औद्योगिक विकास और उद्यमिता-आधारित आर्थिक विस्तार के लिए केंद्र के रूप में स्थापित कर रही है। प्रतिनिधिमंडल ने दिन की शुरूआत सनातन टेक्सटाइल और महिंद्रा ग्रुप सहित प्रमुख उद्योग समूहों के साथ उच्च-स्तरीय बैठकों से की, जहाँ टेक्सटाइल, ऑटोमोटिव, कृषि उपकरण, रक्षा विनिर्माण और सप्लाई-चेन एकीकरण में संभावित अवसरों पर केंद्रित चर्चा की गई। इन बैठकों के दौरान नए निवेशों के साथ-साथ पंजाब में मौजूदा कार्यों के विस्तार, राज्य के कुशल कार्यबल, औद्योगिक आधारभूत ढांचे और नीतिगत स्थिरता का लाभ उठाने की संभावनाओं की पड़ताल भी की गई। इस विशेष दिन का मुख्य आकर्षण सीएक्सओ राउंडटेबल बैठक थी, जिसमें प्रमुख प्राइवेट इक्विटी फर्मों और वित्तीय संस्थाओं ने भाग लिया। यह बैठक पंजाब के एमएसएमई को बड़े और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी उद्यमों में बदलने के लिए वित्तीय संभावनाओं, पूंजी निवेश और संरचनात्मक सहायता पर विचार-विमर्श के लिए बुलाई गई थी।

## सुनाई थी खरी-खरी | भारत झुकेगा नहीं...ट्रंप का कार्यकाल खत्म होने का इंतजार करेंगे

# ट्रेड डील पर डोभाल ने रूबियो को सुनाई थी खरी-खरी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में भारत पर लगाए गए ट्रेड टैरिफ को 18 प्रतिशत करने की घोषणा की है। बताया जा रहा है कि इसके पीछे भारत का राष्ट्रीय हितों से समझौता न करने का दृढ़ रुख एक प्रमुख कारण रहा। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वर्ष सितंबर में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के लिए एक स्पष्ट संदेश लेकर अमेरिका गए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस दौरान डोभाल ने रूबियो से कहा था कि भारत राष्ट्रपति ट्रंप और उनके शीर्ष सहयोगियों की धमकियों के आगे नहीं झुकेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भारत अतीत में भी प्रतिकूल अमेरिकी सरकारों का सामना कर चुका है और वह दबाव में आने की बजाय मौजूदा राष्ट्रपति का कार्यकाल समाप्त होने तक इंतजार करने को तैयार है।

रिपोर्ट के मुताबिक, सितंबर की शुरूआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात के बाद अमेरिका के साथ संबंधों को पटरी पर लाने के प्रयासों के तहत डोभाल को वॉशिंगटन भेजा था। इसी दौरान डोभाल और रूबियो की मुलाकात हुई। मुलाकात से जुड़े भारतीय अधिकारियों के अनुसार, डोभाल ने रूबियो से कहा था कि भारत राष्ट्रपति ट्रंप का कार्यकाल पूरा होने तक धैर्य रखने को तैयार है, लेकिन वह यह भी चाहता है कि ट्रंप और उनके सहयोगी सार्वजनिक मंचों पर भारत की आलोचना से बचें, ताकि द्विपक्षीय रिश्तों को सुधारा जा सके। इस बैठक के कुछ समय बाद ही तनाव कम होने के संकेत मिलने लगे। 16 सितंबर को राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी को उनके जन्मदिन पर फोन कर उनके काम की सराहना की थी। इसके बाद वर्ष के अंत तक दोनों नेताओं के बीच टैरिफ कम करने की संभावनाओं को लेकर फोन पर चार बार बातचीत हुई। हालांकि सार्वजनिक तौर पर



दोनों देशों की ओर से किसी समझौते का संकेत नहीं दिया गया था। ऐसे में सोमवार को कई भारतीय अधिकारी तब हैरान रह गए, जब ट्रंप ने इंटरनेट मीडिया पर इस डील को लेकर पोस्ट साझा की। रिपोर्ट के अनुसार, रूबियो के साथ डोभाल की सितंबर की मुलाकात अमेरिका के लिए यह संकेत थी कि भारत उसे दीर्घकालिक साझेदार के रूप में देखता है और संबंधों को और खराब नहीं होने देना चाहता।

भारत में आम राय रही है कि चीन को संतुलित करने और वर्ष 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने के प्रधानमंत्री मोदी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अमेरिकी पूंजी, तकनीक और सैन्य सहयोग महत्वपूर्ण है। दिसंबर में भारत में नए अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के आगमन से भी यह संकेत मिला कि संबंधों को सुधारने की दिशा में गंभीर प्रयास शुरू हो गए हैं। गोर व्हाइट हाउस के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी रह चुके हैं और राष्ट्रपति ट्रंप तथा विदेश मंत्री रूबियो के करीबी माने जाते हैं। अपने पहले सार्वजनिक भाषण में उन्होंने भारत-अमेरिका के बीच तनाव को 'असली दोस्तों के बीच असहमति बताया था। हालांकि संबंधों में सुधार के संकेतों के बावजूद भारत ट्रंप प्रशासन के साथ सावधानी बरतने के पक्ष में है, क्योंकि वह अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखना चाहता है। भारतीय अधिकारियों का कहना है कि प्रधानमंत्री मोदी की रूसी राष्ट्रपति पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ हाथ पकड़कर हंसते हुए वायरल हुई तस्वीर भी यह दिखाने का संकेत थी कि भारत के पास अन्य विकल्प मौजूद हैं। दिसंबर में पुतिन के भारत दौरे पर उनका भव्य स्वागत भी इसी संदेश का हिस्सा माना जा रहा है।

# डीएम और एसएसपी द्वारा जिला पंचायत सभागार में आगामी पर्व महाशिवरात्रि के दृष्टिगत धर्मगुरुओं एवं वरिष्ठ नागरिको के साथ की गयी पीस कमेटी की बैठक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** जिलाधिकारी श्रुति एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा जिला पंचायत सभागार में आगामी पर्व महाशिवरात्रि के सम्बन्ध में जनपद के समस्त धर्मगुरुओं व वरिष्ठ नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठक की गयी जिलाधिकारी श्रुति द्वारा बैठक में कावड यात्रा के दौरान शिविर लगाने हेतु प्रमुख मार्ग से दूरी व सी0सी0टी0वी0 कैमरे लगाने के साथ ही खाना पकाने वालों व उनके सहयोगियों का सत्यापन करने के पश्चात ही अनुमति देने को निर्देशित किया, विद्युत तारों के नीचे व विद्युत ट्रांसफॉर्मर के बराबर में कावड़ यात्रा शिविर न लगाने के निर्देश दिए।

बैठक में खाद्य पदार्थों के विभागीय अधिकारियों द्वारा गुणवत्ता परीक्षण करने के निर्देश दिए। कावड़ यात्रा निकलने के दौरान डी0जे0 कम ध्वनि से बजाने तथा अधिक ध्वनि प्रदूषण करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कावड़ यात्रा के दौरान शिविर लगाने हेतु धन उगाही करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।




बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार ने कहा कि पूर्व में कावड यात्रा के दौरान समाज के लोगो द्वारा कावड यात्रा पर पुष्प वर्षा कर गंगा जमुना तहजीब का परिचय दिया गया, इसी प्रकार आगामी महाशिवरात्रि को सौहार्द के साथ मनाएं। साथ ही उन्होंने ने सड़क पर कार्यक्रम तथा गैर परंपरागत कार्यक्रम न करने के निर्देश दिए एव समस्त धार्मिक स्थलों पर सी0सी0टी0वी कैमरे लगवाने को निर्देशित किया। जनपद में संवेदनशील मार्गो पर नियमित पैट्रोलिंग करने के निर्देश दिए बैठक में जनपद के समस्त अधिशासी अधिकारियों को साफ-सफाई का विशेष अभियान चलाकर साफ-सफाई करने व पानी की पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति एव कावड़ यात्रा निकलने के दौरान मार्गो पर पानी की टैंकरों की व्यवस्था एव वैकल्पिक जनरेटरो की व्यवस्था तथा चूना डाले जाने हेतु निर्देशित किया तथा विद्युत अधिकारियों को त्यौहारों पर बिना कटौती के पूर्ण विद्युत आपूर्ति करने तथा कावड़ यात्रा व महाशिवरात्रि के दौरान विद्युत खम्बो को पॉलिथीन द्वारा ढकवाना तथा ट्रांसफार्मरों को कवर करने तथा विद्युत लाइनों की नियमित पैट्रोलिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में त्यौहारों के अवसर पर सड़कों पर निराश्रित पशुओ को पकड़ने के निर्देश दिए।

# लोगों को सरकार की अनेक योजनाओं का लाभ दिलायेगी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण: अनुपम सिंह

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लोगों को सरकार की अनेक योजनाओं का लाभ दिया जा रहा, तथा समय समय पर अनेक समस्याओं का समाधान किया जा रहा। लेकिन इस बार कुछ स्पेशल होने जा रहा, लोगों को सरकार की योजनाएं का लाभ दिलाने व समस्याओं का समाधान कराने के लिए एक विशाल मेगा विधिक सहायता व सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश संजय सिंह के निर्देश पर सचिव अनुपम सिंह द्वारा विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर आयोजन होने वाले शिविर में लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने व समस्याओं का समाधान कराने का कार्य किया जा रहा है अपर सिविल जज (प्रवर खंड)/ सचिव डीएलएसए अनुपम सिंह द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के आदेश के अनुपालन में बुलंदशहर में 22 फरवरी को मेगा/ बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा।


# कोहरे के कारण बाइक पुलिया से टकराई एक की मौत,दूसरा घायल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** कोहरे के कारण बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकराई और बंबे मैं जा गिरी। हादसे में एक की मौत हो गई, जबकि दूसरा घर गंभीर रूप से घायल हो गया।

यह घटना 4 फरवरी 2026 की रात हुई। जब दोनों एक शादी समारोह से वापस घर लौट रहे थे। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जलालपुर करीरा निवासी गजेंद्र सिंह 60 वर्षीय और कुक्कू पंडित शिकारपुर स्थित विनायक फार्म हाउस में एक शादी में शामिल होकर वापस गांव लौट रहे थे। गोरे होने के कारण जैसे ही बाइक बुलंदशहर गांव के पास





पहुंची अनियंत्रित होकर पुलिया से टकराई और बबे में जा गिरी। दुर्घटना के बाद कुक्कू पंडित ने अपने गांव में परिजनों को सूचना दी। परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और दोनों को अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने गजेंद्र सिंह को मृत घोषित कर दिया। कोतवाली पुलिस ने शब का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंदगी राम ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची उन्होंने पुष्टि की। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई**

**शिकारपुर।** मेरठ बदायूं हाईवे पर बीती रात भगत जी होटल के पास अनियंत्रित कर पेड़ से टकराई और क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायल चालक को सरकारी अस्पताल पहुंचाया।

# क्षेत्राधिकारी खुर्जा द्वारा थाना अरनिया का किया गया अर्द्धवार्षिक निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** क्षेत्राधिकारी खुर्जा शोभित कुमार द्वारा थाना अरनिया का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान द्वारा थाना अरनिया पहुँचकर गार्द की सलामी ली गयी। इसके उपरान्त क्षेत्राधिकारी द्वारा थाना कार्यालय के मिशन शक्ति केंद्र,बन्दीगृह, बीट बुक रजिस्टर, सीसीटीएनएस, शस्त्रागार, साफ-सफाई, मालखाना, आवासीय थाना परिसर, थाने में खडे वाहनों, आदि को चेक किया गया। महिला हैल्प डेस्क पर नियुक्त महिला कर्मचारियों द्वारा थाने पर अपनी समस्याओं को लेकर आने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रार्थना पत्रों के निराकरण, जांच का परिणाम इत्यादि को क्रमबद्ध तरीके से कम्प्यूटर में व्यवस्थित करने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी खुर्जा देहात को मालों के निस्तारण करने, अभिलेख पूर्ण करने, अभिलेखों का रखरखाव रखने, हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की निगरानी रखने, थाना परिसर में साफ-सफाई रखने एवं प्रतिदिन थानाक्षेत्र में भ्रमणशील रहकर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने, महिला सम्बन्धी अपराधों पर रोकथाम आदि आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।






# भ्रष्टाचार के खिलाफ भाकियू अ राजनीतिक ऊंचगांव में अनिश्चितकालीन धरना

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** भ्रष्टाचार के खिलाफ कल तीन फरवरी से ऊंचागांव



ब्लॉक पर चल रहे अनिश्चितकालीन धरने पर पहुंचे युवा जिला अध्यक्ष ठाकुर शैलेंद्र आर्य, जिला प्रभारी धर्मवीर उर्फ गुड्डू प्रधान सहित सैकड़ो किसानों ने भाग लिया, आपको बता दे कि एडीओ पंचायत राजेश राघव की तानाशाही , तुगलकशाही, बिना रिश्वत काम ना करना, किसानों और गरीबों से बदतमीजी करना, आदि से कुपित होकर आज दिनांक 4 फरवरी को ब्लॉक परिसर में धरना दिया इससे पहले की किसान इकट्ठा होते ब्लॉक के भ्रष्टाचारी एडीओ पंचायत राजेश राघव सहित सभी अधिकारी भाग खड़े हुए क्योंकि राजेश राघव पर रिश्वत लेकर काम करना बदतमीजी करना आदि शामिल है।

# वर्ष के प्रथम माह में मेरठ परिक्षेत्र मे अपराधियों के विरुद्ध की गई प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ऑपरेशन शस्त्र के अंतर्गत 193 अभियुक्त गिरफ्तार, 161 अवैध शस्त्र व 217 कारतूस बरामद**

**बुलंदशहर।** डीआईजी रेंज मेरठ कलानिधि नैथानी द्वारा परिक्षेत्र के अधीनस्थ जनपदो में अपराध की रोकथाम के लिए परिक्षेत्र स्तर पर विगत वर्ष ऑपरेशन प्रहार चलाया गया है, जिसके अन्तर्गत रेंज के अधीनस्थ जनपदो ने प्रभावी कार्यवाही करते हुए अपराधियों पर कड़ा प्रहार किया है । माह जनवरी 2026 मे परिक्षेत्र स्तर पर ऑपरेशन प्रहार के अन्तर्गत निम्नवत कार्यवाही की गयी है।

परिक्षेत्र के चारो जनपदो मे ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत माह जनवरी में गैंगस्टर अधिनियम के 60, शस्त्र अधिनियम के 191, एनडीपीएस अधिनियम के 18, आबकारी अधिनियम के 194 अभियोग पंजीकृत किये गये हैं । इसके अलावा गुण्डा अधिनियम के अन्तर्गत 159 अपराधियों पर कार्यवाही करते हुए 35 अपराधियों को जिला बदर किया गया एवं 49 अपराधियो पर पुरस्कार घोषित किया गया है ।

जनपद मेरठ- गैंगस्टर अधिनियम मे 26 अभियोग-100 अभियुक्त, शस्त्र अधिनियम मे 67 अभियोग-80 अभियुक्त- 52 अवैध शस्त्र व 88 कारतूस, एनडीपीएस में 06 अभियोग- 07 अभियुक्त, आबकारी अधिनियम मे 55 अभियोग- 57 अभियुक्त जनपद बुलन्दशहर गैंगस्टर अधिनियम मे 20 अभियोग-70 अभियुक्त, शस्त्र अधिनियम के 58 अभियोग-65 अभियुक्त-54 अवैध शस्त्र व 57 कारतूस, एनडीपीएस के 09 अभियोग- 16 अभियुक्त एवं आबकारी अधिनियम के 77 अभियोग- 80 अभियुक्त

जनपद बागपत गैंगस्टर अधिनियम मे 06 अभियोग-29 अभियुक्त, शस्त्र अधिनियम के 28 अभियोग-28 अभियुक्त- 27 अवैध शस्त्र व 33 कारतूस, एनडीपीएस के 02 अभियोग- 02 अभियुक्त, आबकारी अधिनियम के 25 अभियोग- 26 अभियुक्त जनपद हापुड गैंगस्टर अधिनियम मे 08 अभियोग-30 अभियुक्त, शस्त्र अधिनियम के 38 अभियोग-20 अभियुक्त- 28 अवैध शस्त्र व 39 कारतूस, एनडीपीएस मे 01 अभियोग- 01 अभियुक्त, आबकारी अधिनियम के 37 अभियोग- 37 अभियुक्त गुण्डा अधिनियम के अन्तर्गत माह जनवरी मे परिक्षेत्र के जनपदो मे कुल 159 अभियुक्तो के विरुद्ध कार्यवाही कर 35 अभियुक्तो को जिलाबदर किया गया है। जनपद मेरठ मे 76 गुण्डा 13 जिलाबदर इसी प्रकार जनपद बुलन्दशहर मे 50 गुण्डा 10 जिलाबदर, जनपद बागपत मे 19 गुण्डा 10 जिलाबदर एवं जनपद हापुड मे 14 गुण्डा व 02 जिलाबदर किये गये है।

जिसमे 03 अभियुक्तो को धारा 10 गुण्डा एक्ट के अंतर्गत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है कुल 49 अपराधियो पर पुरस्कार घोषित किया गया है ।

**पुनः चुनाव तक कोई आधिकारिक अध्यक्ष नहीं का लिया गया फैसला**

# फर्जी वोटिंग के आरोपों के चलते मंडी कमेटी भंग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नवीन अनाज मंडी स्थित उप फल सब्जी मंडी कमेटी अब भंग कर दी गई है। हाल ही में संपन्न हुए चुनाव में फर्जी वोटिंग पद के लिए चुनाव कराया गया था। इस चुनाव में भारी धांधली और फर्जी वोटिंग हुई थी। इसके चलते सभी ने मिलकर मंडी कमेटी भंग करने का निर्णय लिया है। अध्यक्ष पद के लिए पुनः निष्पक्ष ढंग से







के आरोपों के चलते सब्जी मंडी के आढ़तियों ने सामूहिक रूप से उक्त निर्णय लिया। मंडी सचिव को पत्र लिखकर आढ़तियों ने अपने इस निर्णय की जानकारी दी है।

उप फल एवं सब्जी मंडी कमेटी ने मंडी सचिव को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि विगत 3 जनवरी को मंडी कमेटी के अध्यक्ष चुनाव कराया जाएगा। चुनाव संपन्न होने तक कोई भी व्यक्ति आधिकारिक तौर पर अध्यक्ष नहीं है। पत्र पर दयानंद गुप्ता हिमांशु गुप्ता योगेश कुमार बाबू खां हाजी यूनुस रियाजउद्दीन कुरैशी गोलू भोलू सुनील लोधी अनुज हितेश लोधी हारुन फारूक आदि के हस्ताक्षर हैं।

# सांसद द्वारा लगवाई गई सोलर लाइट को पिकअप चालक द्वारा किया क्षतिग्रस्त जिम्मेदार बेखबर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** मेरठ बदायूं हाईवे पर रानीवाला चौराहे पर लगी सोलर लाइट करीब दो माह पहले एक पिकअप गाड़ी ने टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दी गई थी जो कि आज तक इस और किसी का ध्यान नहीं है।




स्थानीय लोगों ने बताया है कि जब यह लाइट एवं पुलिस कर्मियों की वैरी केडिंग को टक्कर मार के क्षतिग्रस्त किया गया था तो स्थानीय लोगों ने थाना पुलिस अहमदगढ़ को सूचना दी गई थी जिस पर पुलिस ने पिकअप चालक को हिरासत में ले लिया था और कहा गया था कि इस लाइट और बैरिकेडिंग को जल्द ही सही कर दिया जाएगा लेकिन करीब दो माह बीतने के बाद भी इस लाइट और बैरिकेडिंग को सही कराने की किसी ने जहमत नहीं उठाई है। इस चौराहे पर यह लाइट एवं यात्रीशेड सांसद भोला सिंह द्वारा कई वर्ष पूर्व बनवाकर जनता को समर्पित किया गया था लेकिन अब इसकी देखभाल राम भरोसे है जबकि मामला सांसद भोला सिंह के क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। जिसको लेकर भी जिम्मेदार बेखबर हैं

# जिला अधिकारी ने रिकॉर्ड रूम, मतदाता पंजीकरण केंद्र, खतौनी वितरण कक्ष, उप जिलाधिकारी न्यायालय, तहसीलदार न्यायालय आदि का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों का अवलोकन किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति ने तहसील सदर का निरीक्षण करते हुए विभिन्न पटलों पर संपादित किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया। रिकॉर्ड रूम, मतदाता पंजीकरण केंद्र, खतौनी वितरण कक्ष, उप जिलाधिकारी न्यायालय, तहसीलदार न्यायालय आदि का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों का अवलोकन किया। जिलाधिकारी महोदया ने निर्देशित किया कि पटल पर सभी अभिलेखों को अद्यतन रखा जाए। रजिस्टर में सभी एंट्री को सही प्रकार से प्रदर्शित किया जाए जिससे संबंधित पत्रावली को ढूंढने में परेशानी नहीं हो। वर्तमान में चल रही एसआईआर की प्रक्रिया के लिए भी मतदाताओं द्वारा भरे गए फॉर्म के सत्यापन की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी ली। निर्देशित किया गया कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए फॉर्म में सभी एंट्री सही प्रकार से भरी हुई



है या नहीं उसका सत्यापन कर उसे अग्रसारित किया जाए। तहसील में साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करें। संबंधित विभागों से प्राप्त होने वाली आरसी की वसूली के बारे में भी जानकारी लेते हुए निर्देशित किया गया कि प्राप्त होने वाली आरसी को पोर्टल पर भी अद्यतन रखा जाए। तहसील में आने वाले लोगों की सुविधा हेतु भी व्यवस्था कराया जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर दिनेश चंद्र, तहसीलदार सदर मनोज कुमार रावत सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**महंगाई** | **आसान नहीं है आशियाना बनाना**

# आसमान पर पहुंचे सरिया,सीमेंट और ईट के दाम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर ।** एक घर बनाऊंगा, तेरे घर के सामने, दुनिया बसाऊंगा तेरे घर के सामने..... एक वह दौर था, जब घर और दुनिया बसाना कोई

**महंगाई ने खाई घर बनाने की कमाई**

बड़ी बात नहीं थी, लेकिन बदलते दौर में दुनिया तो दूर घर बनाना भी आसान नहीं है। महंगाई इतनी बढ़ती जा रही है कि कुछ पूछिए नहीं। सरिया, सीमेंट और ईट के दाम आसमान छू रहे हैं। ऐसे में दो जून की रोटी का इंतजाम भारी पड़ रहा है, फिर कैसे बने सपनों का महल। बिल्डिंग मटेरियल के दामों में आए तेजी से मध्यम वर्ग के लोगों का घर बनाने का सपना पूरा नहीं हो पा रहा है। सरिया, सीमेंट,ईट के दामों में इजाफा होने से प्लॉट लेकर भी मकान बनाने की हिम्मत नहीं पड़ रही है तमाम लोग हैं जो महंगाई कम होने का इंतजार कर रहे हैं या फिर अपने प्लॉट को बेचना चाहते हैं। सुरसा के मुंह की तरह बढ़ रही महंगाई से आम आदमी बुरी तरह त्रस्त है। लोगों को महंगाई से निपटने का रास्ता नहीं सूझ रहा है। हर किसी की जिंदगी का तंबू तीन बंमबुओ पर टिका है।ये है रोटी, कपड़ा और मकान। इस महंगाई के दौर में जहां एक और 2 जून की रोटी जुटा पाना मुश्किल हो गया है, वहां तन ढकने के लिए कपड़ा बनाना कितना महंगा होगा, सहसा समझा जा सकता है। ऐसे दौर में बात जब सिर ढकने के लिए छत की करें तो सोच कर ही दिमाग खराब होने लगता है। रातों की नींद उड़ जाती है, यह सोचकर कि किसी साहूकार के आगे हाथ फैलाया जाए, या फिर किस बैंक में खसरा खतौनी और जमीन की रजिस्ट्री के कागजात रखे जाएं। बगैर जुगाड़ किए मकान



बनवाना आसान बात नहीं है। वही मजदूरी का रेट भी बढा हुआ है। मौजूदा समय में राजमिस्त्री 800 प्रतिदिन और मजदूर 500 लेता है। मकान बनाने के काम आने वाली सामग्री के रेट इतनी बढ़ गए हैं कि मकान बनाने से पहले 100 बार सोचना पड़ता है। सरिया का भाव ,4 हजार आठ सो रुपए प्रति कुंतल, सीमेंट 400 प्रति बोरी, ईट तो 7000 में मिल रही है। लिहाजा सरिया सीमेंट और ईट के भाव जब इस तरह आसमान छुएंगे फिर तो महल बनवाने का सपना सिर्फ फलों के भीतर ही कैद होकर रह जाएगा, और कट जाएगी जिंदगी किराए के मकान में या फिर वही पुश्तैनी घरों में।

अजय कुमार बोले मौजूदा समय में मकान बनाने के काम आने वाली सभी चीजों के दाम बढे हुए हैं। पता नहीं यह महंगाई कब कम होगी। प्रदीप कुमार कहते हैं कि पिछले दिनों प्लॉट खरीदा था कि जल्द ही मकान बनवाएंगे, मगर महंगाई के चलते फिलहाल इसे टाल दिया है।

# रघुवर दयाल प्रभु दयाल कन्या इंटर कॉलेज में छात्राओं का विदाई "समारोह आयोजित" किया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जहांगीराबाद।** रघुवर दयाल प्रभु दयाल कन्या इंटर कॉलेज जहांगीराबाद में छात्राओं का विदाई "समारोह आयोजित" किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक गिरीश गर्ग, निदेशक शरद अग्रवाल, संयोजक कुलदीप गर्ग तथा महाविद्यालय प्राचार्य डॉ शीनू चौधरी अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा अनेक रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें उन्होंने अपने सीनियर्स को भावपूर्ण विदाई दी। ऐसे समय यादें, आभार और भविष्य की शुभकामनाएं सम्मिलित होती है, जो आज इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी के सम्मुख दिखाई दी। इस



आयोजन में दीक्षा चौधरी को "मिस फेयरवेल" का ताज पहनाया गया, और हिमांशी कुमारी को द्वितीय रनर अप चुना गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। महाविद्यालय के प्रबंधक गिरीश गर्ग ने सभी को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सभी छात्राओं ने यहाँ केवल अध्ययन ही नहीं किया वरन् जीवन के मूल्य को शिक्षा के माध्यम से जानने का प्रयास किया है, वही निदेशक शरद अग्रवाल तथा संयोजक कुलदीप गर्ग ने कहा कि यह विदाई समारोह अंत नहीं वरन जीवन की नई शुरूआत है, जहां अपने सपनों को साकार करने का सभी को प्रयास करना होगा। प्राचार्य डॉ शीनू चौधरी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सदैव सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़े, क्योंकि ऐसे ही जीवन की नई डोर को थाम कर वे अपने भविष्य को श्रेष्ठ बन सकती हैं। कार्यक्रम की संयोजक मोनालिसा चौधरी रहीं।

# नगर आयुक्त ने की निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा, 227 करोड़ के कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित करने के दिये निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा शहर के विकास कार्यों को रफ्तार दी जा रही है इंदिरापुरम सहित प्रत्येक वार्ड में निर्माण कार्य तेजी से चल रहे हैं, जनप्रतिनिधियों द्वारा बताए गए कार्यों को धरातल पर कराया जा रहा है आंतरिक वार्डों में इंटरलॉकिंग टाइल, नालिया, पुलिया बनाने के साथ-साथ मुख्य प्रमुख मार्गो के सड़क सुधार का कार्य भी निरंतर जारी है जिसमें नालों के निर्माण कार्य भी कराये जा रहे हैं, नगर आयुक्त द्वारा लगातार चल रहे कार्यों की समय-समय पर समीक्षा की जाती है इसी क्रम में समस्त निर्माण विभाग टीम के साथ नए कार्यों को करने के लिए भी समीक्षा की गई जिसमें विकास की श्रंखला में 227 करोड़ के कार्यों को प्रारंभ करने के लिए निविदा आमंत्रित करने के निर्देश दिए गए हैं, मौके पर मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी तथा सभी जोन के अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता, सुपरवाइजर व अन्य टीम भी उपस्थित रही' नगर आयुक्त द्वारा बताया गया ।

# पश्चिम प्रदेश बनाए जाने को लेकर पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चे के नेता कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता डोली शर्मा से मिले, मांगा सहयोग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश निर्माण मोर्चा के मुद्दे पर बातचीत की और कांग्रेस नेता के राष्ट्रीय प्रवक्ता व डोली शर्मा से मिले मांगा सहयोग प्रदेश बनाए जाने की मांग को लेकर पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा के संयोजक मंडल के सदस्य धीरेंद्र प्रताप मोर्चे के राष्ट्रीय महासचिव करनल सुधीर चौधरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमती डॉली शर्मा से मिला और पश्चिम प्रदेश निर्माण के लिए कांग्रेस का सहयोग मांगा । मोर्चे के महासचिव करनल सुधीर चौधरी ने कहा कि इस प्रतिनिधि मंडल जिसमें धीरेंद्र प्रताप सुधीर चौधरी के अलावा हंसवीर सिंह केंद्रीय उपाध्यक्ष श्री जसवीर सिंह केंद्रीय सचिव संगठन भाजपा के नेता जितेंद्र गौड़ पश्चिमी उत्तर प्रदेश कांग्रेस के बैकवर्ड सेल के प्रभारी सुनील यादव शामिल थे ने डोली शर्मा से अनुरोध किया कि वह पश्चिम प्रदेश की मांग को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे और विपक्ष के नेता श्री राहुल गांधी से मोर्चे की मुलाकात तय करवा जिससे कि कांग्रेस इस मामले में अपना रुख स्पष्ट कर मोर्चे के लोगों को आशीर्वाद दे और पश्चिम प्रदेश के 27 जिलों को मिलाकर इस क्षेत्र की वैभूति और विकास के लिए विकास का मार्ग प्रशस्त करें करनाल सुधीर ने बताया की डोली शर्मा ने इस सिस्ट मंडल की बात को बहुत ध्यानपूर्वक सुना और इस वक्त कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव गुरमीत सफल से टेलीफोन पर बात करके पश्चिम प्रदेश के नेताओं को मिलने के लिए समय मांगा करनाल सुधीर ने बताया कि कांग्रेस महासचिव सफल ने डोली शर्मा के द्वारा मोर्चे के नेताओं को विश्वास दिलाया कि संसद के सत्र की समाप्ति के तुरंत बाद मोर्चे के नेताओं को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिलाया जाएगा और इस मामले पर गंभीर चिंतन किया जाएगा डोली शर्मा ने इस बीच मोर्चे की विकास के लिए छोटे राज्यों के गठन की मांग का समर्थन



किया और उन्होंने कहा कांग्रेस हमेशा विकास वादी पार्टी रही है और ऐसी कोई भी मांग कहीं पर भी विकास के लिए उठी है कांग्रेस ने उसका समर्थन किया है उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के देश के अन्य राज्यों के मुकाबले विकास की दौड़ में पिछड़ने पर चिंता व्यक्त की और पश्चिम के जिलों में फैल रही गुंडागर्दी यहां पर विकास में असमानता कृषि और उद्योग की बुरी हालत महिलाओं की दुर्दशा और राज्यपाल के लोगों को न्याय मिलने में तेरी जैसे जैसे सवालों और बेरोजगारी को वह लोग दूर करने के लिए छोटी इकाइयों के गठन का समर्थन किया उन्होंने कहा कि संबंध है पहल करेंगे और जल्दी पश्चिम प्रदेश के नेताओं को शीर्ष कांग्रेसी नेताओं से मिलवाया जाएगा। उन्होंने कहा वह संबंध में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी से भी बात करेंगी।

# युवाओं में बढ़ रहे हैं कैंसर के मामले दुर्लभ किस्म के कैंसर रोगों से पीड़ित दो युवा कैंसर मरीजों का फोर्टिस ग्रेटर नोएडा में सफल उपचार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** कैंसर को प्रायः ऐसे रोग के रूप में देखा गया है जो आमतौर से अधिक उम्र के लोगों को अपना शिकार बनाता है। लेकिन अब यह ऐसा दुश्मन बन चुका है जिसके लिए उम्र का कोई बंधन नहीं रह गया है। खअटअनेटवर्क ओपन द्वारा प्रकाशित एक अध्ययन से इस चिंताजनक तथ्य का खुलासा हुआ है कि कैंसर अब युवा वयस्कों (यंग एडल्ट्स) में भी बढ़ रहा है। उल्लेखनीय है कि कैंसर रोग की मौजूदा दर 50 वर्ष से कम उम्र के लोगों में अब तक सर्वाधिक पायी गई है। इस चिंताजनक रुझान के बारे में जागरूकता बढ़ाने और शीघ्र निदान के महत्व को रेखांकित करने के लिए, फोर्टिस हॉस्पीटल ग्रेटर नोएडा ने आज एक संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया, जिसमें डॉक्टरों ने युवाओं में बढ़ रहे कैंसर के मामलों की ओर ध्यान खींचा। साथ ही, उन्होंने दुर्लभ किस्म के, जीवनघाती कैंसर रोगों से ग्रस्त ऐसे दो युवा मरीजों के बारे में भी जानकारी दी जिनका अस्पताल में सफल उपचार किया गया। विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर, कैंसर जागरूकता के वैश्विक प्रतीक रंग बैंगनी में अस्पताल भवन को रोशन किया गया।

मीडिया को संबोधित करते हुए, डॉक्टरों ने समय पर डायग्नॉसिस, और साक्ष्य-आधारित उपचार पर जोर देते हुए कहा कि ऐसा करने से परिणामों पर काफी सकारात्मक असर पड़ता है, यहां तक की एडवांस स्टेज के कैंसर होने पर भी अच्छे नतीजे मिल सकते हैं, और युवा मरीजों को एक बार फिर अपने हेल्थी, प्रोडक्टिव जीवन में वापसी करने का अवसर मिलता है।

20-वर्षीय राहुल को जब फोर्टिस ग्रेटर नोएडा लाया गया तो वह लगातार गर्दन में सूजन, बुखार और उल्टी की परेशानी से जूझ रहे थे। विस्तृत जांच, जिसमें इमेजिंग और बायोप्सी शामिल है, में स्टेज 3 के हॉजकिन लिंफोमा (लिंफेटिक सिस्टम का कैंसर) की पुष्टि हुई। मरीज को जब अस्पताल में भर्ती किया गया था तो उनके जीवित रहने की संभावना 30%से

**विश्व कैंसर दिवस**

भी कम थी। मरीज को एक्सपर्ट सुपरविजन में कीमोथेरेपी दी गई। फौलो-अप पैट-सीटी स्कैन्स से पता चला कि वह पूरी तरह से ठीक हो चुके हैं, जो इसका बात का इशारा था कि




उपचार को लेकर उनके शरीर ने अच्छा रिस्पॉन्स दिया। मरीज को अभी भी प्लान्ड कीमोथेरेपी दी जाती है और फिलहाल उनकी हालत स्थिर है। यदि समय पर उनका डायग्नॉसिस नहीं होता या उपचार शुरू नहीं किया जाता, तो वह एक वर्ष से अधिक जीवित नहीं रहते।

एक अन्य मामला 24-वर्षीय सुमित कुमार का है जिन्हें लगातार बुखार और पेट में बेचैनी की शिकायत थी। फोर्टिस ग्रेटर नोएडा में भर्ती के बाद उनकी जांच में ब्लड काउंट काफी बढ़ा हुआ पाया गया। बोन मैरो एस्पीरेशन और बायोप्सी में क्रोनिक माइलॉयड ल्यूकीमिया (बोन मैरो का कैंसर) की पुष्टि हुई और अस्पताल में भर्ती के समय उनके जीवित रहने की संभावना 30%से कम थी।

मरीज को तत्काल टारगेटेड ओरल थेरेपी दी गई, जिसके बाद उनके ब्लड काउंट सामान्य हो गए, और उन्हें गहन चिकित्सा की आवश्यकता नहीं पड़ी। धीरे-धीरे उनकी कंडीशन में सुधार होने लगा और स्थिर होने पर उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। यदि समय पर मरीज का इलाज नहीं किया जाता, तो वह छह महीने से अधिक जीवित नहीं रह पाते।

डॉ प्रभात रंजन, कंसल्टेंट झ मेडिकल ओंकोलॉजी, फोर्टिस हॉस्पीटल ग्रेटर नोएडा ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में, यह देखने में आया है कि युवाओं में कैंसर के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। ब्लड कैंसर की स्थिति में अक्सर कुछ अस्पष्ट लक्षण जैसे बुखार, सूजन, या थकान की शिकायत होती है, जिसे आसानी से नजरंदाज किया जा सकता है। इन मामलों ने एक बार फिर जल्द से जल्द जांच और साक्ष्य-आधारित उपचारा शुरू करने के महत्व पर जोर दिया है जो बेहतरीन परिणाम दिला सकते हैं, और यहां तक कि एडवांस स्टेज में भी ऐसा मुमकिन हो सकता है। आधुनिक कीमोथेरेपी और टारगेटेड थेरेपी के साथ, कई प्रकार के हेमेटोलॉजिकल कैंसर अब आसानी से उपचारयोग्य हो सकते हैं। ऐसा देखा गया है कि मरीज बायोप्सी और कीमोथेरेपी से डरते हैं जिसकी वजह से डायग्नॉसिस में देरी होती है और इस देरी की वजह से रोग भी एडवांस स्टेज तक पहुंच जाता है। हमें यह समझना होगा कि कैंसर का उपचार उस स्थिति में अधिक प्रभावी साबित होता है जबकि डायग्नॉसिस रोग की शुरूआती अवस्था में हो जाए। इसलिए, रेग्युलर स्क्रीनिंग और प्रीवेंटिव हेल्थ चेक-अप करवाने और साथ ही, किसी भी असामान्य लक्षण को नजरंदाज नहीं करने की सलाह दी जाती है। डॉ अंबेश सिंह, सीनियर कंसल्टेंट झ सर्जिकल ओंकोलॉजी, फोर्टिस हॉस्पीटल ग्रेटर नोएडा ने कहा, कैंसर अब ऐसा रोग नहीं रह गया है जो अधिक उम्र वाली आबादी को अपनी चपेट में लेता है। हम अक्सर युवा मरीजों को एडवांस-स्टेज के कैंसर से जूझते हुए देख रहे हैं, और ऐसा प्रायः इसलिए हो रहा है क्योंकि शुरूआती लक्षणों की अनदेखी की गई या उन्हें साधारण रोगों से जुड़ा हुआ मानने की गलती हुई।

# उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर परिवहन विभाग द्वारा ओवरलोड वाहनों के विरूद्ध चलाया गया सघन अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी द्वारा सड़क सुरक्षा, यातायात व्यवस्था सुदृढ करने तथा सड़कों को क्षति से बचाने के उद्देश्य से दिये गये निर्देशो के क्रम में परिवहन विभाग, द्वारा ओवरलोड वाहनों के विरुद्व विशेष प्रवर्तन अभियान जनपद के मोहननगर, इन्द्रापुरम, मेरठ रोड, पेरीफेरल रोड आदि क्षेत्रों में चलाया गया। उक्त अभियान में प्रवर्तन दलों द्वारा नियमित एवं आकस्मिक जांच की जा रही है। जांच के दौरान निर्धारित भार क्षमता से अधिक भार लेकर चल रहे वाहनों को चिन्हित कर उनके विरुद्व मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही की जा रही है। इसी कम में गत रात्रि में अभियान के दौरान



ओवरलोड/ प्रपत्र समाप्त 25 वाहनों को निरुद्ध किया गया है। साथ ही वाहन स्वामियों एवं चालकों को भविष्य में ओवरलोडिंग न करने के लिए चेतावनी भी दी गई है।

परिवहन विभाग द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि ओवरलोडिंग के कारण सडकों की शीघ्र क्षति होती है, दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ती है तथा आमजन की जान-माल को खतरा उत्पन्न होता है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए शासन द्वारा ओवरलोडिंग के विरुद्ध सख्त नीति अपनाई गई है। अभियान के अंतर्गत विभाग द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी स्तर पर अनियमितता अथवा लापरवाही न हो तथा सभी कार्यवाहियाँ पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से संपादित की जाएं। परिवहन विभाग ने वाहन स्वामियों, चालकों एवं परिवहन व्यवसाय से जुड़े सभी हितधारकों से अपील की है कि वे निर्धारित मानकों का पालन करें, ओवरलोडिंग से बचें तथा सड़क सुरक्षा में अपना सहयोग प्रदान करें। यह प्रवर्तन अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाती रहेगी। यह अभियान परिवहन विभाग की टीम में अमित राजन राय, मनोज कुमार मिश्रा सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) गाजियाबाद तथा खनन विभाग से जिला खनन अधिकारी सौरभ चतुर्वेदी द्वारा चलाया गया।

# निपाह वायरस वैक्सीन पर ऐतिहासिक वैज्ञानिक सफलता,मानवता के लिए उम्मीद की नई किरण डॉ.बी.पी त्यागी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** डॉ. बी. पी. त्यागी, चेयरमैन हर्ष ईएनटी हॉस्पिटल, गाजियाबाद की विशेष प्रतिक्रिया जापान के टोक्यो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित निपाह वायरस की नई वैक्सीन एमवी-एनआईवी को लेकर चिकित्सा जगत में एक नई उम्मीद जगी है। इस महत्वपूर्ण वैज्ञानिक उपलब्धि पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए डॉ. बी. पी. त्यागी, चेयरमैन झ हर्ष ईएनटी हॉस्पिटल, गाजियाबाद ने इसे वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि निपाह वायरस जैसी घातक बीमारी, जिसकी मृत्यु दर 40 से 75 प्रतिशत तक मानी जाती है, के खिलाफ एक प्रभावी वैक्सीन का विकास मानवता के लिए बड़ी उपलब्धि है और यह भविष्य में संभावित महामारियों को रोकने में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। डॉ. त्यागी ने बताया कि यह वैक्सीन संशोधित खसरा वायरस तकनीक पर आधारित है, जिसमें निपाह वायरस की आनुवंशिक सामग्री को सम्मिलित कर शरीर में बिना बीमारी उत्पन्न किए मजबूत रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित की जाती है। पशु परीक्षणों में इसकी सुरक्षा और प्रभावशीलता सिद्ध हो चुकी है, जो इसके वैज्ञानिक आधार को मजबूत बनाती है। उन्होंने कहा कि अप्रैल 2026 से बेल्जियम में मानव परीक्षण शुरू होना चिकित्सा विज्ञान के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और यदि यह परीक्षण सफल होते हैं तो आने वाले वर्षों में दुनिया को निपाह वायरस के विरुद्ध एक सुरक्षित और प्रभावी टीका मिल सकेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह वैक्सीन केवल एक



चिकित्सा उपलब्धि नहीं, बल्कि वैश्विक सहयोग का प्रतीक है, जिसमें जापान, बांग्लादेश, अमेरिका और अन्य देशों के प्रतिष्ठित संस्थान मिलकर मानवता की रक्षा के लिए कार्य कर रहे हैं। डॉ. त्यागी के अनुसार, विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निपाह वायरस को प्राथमिकता रोगजनक घोषित किया जाना इस बात का प्रमाण है कि यह बीमारी भविष्य में वैश्विक संकट का रूप ले सकती है, इसलिए इस वैक्सीन का विकास समय की सबसे बड़ी जरूरत है। डॉ. बी. पी. त्यागी ने कहा कि ह्लयदि यह वैक्सीन मानव परीक्षणों में भी सफल रहती है, तो यह न केवल एशिया बल्कि पूरी दुनिया के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा की नई ढाल बनेगी। यह चिकित्सा विज्ञान, अनुसंधान और मानव सेवा की भावना का उत्कृष्ट उदाहरण है।ह्व उन्होंने सरकारों, स्वास्थ्य संस्थानों और वैज्ञानिक समुदाय से अपील की कि ऐसे अनुसंधानों को निरंतर सहयोग और समर्थन दिया जाए, ताकि भविष्य की महामारियों से मानवता को सुरक्षित रखा जा सके।उन्होंने अंत में कहा कि निपाह जैसी घातक बीमारियों से लड़ाई केवल अस्पतालों या डॉक्टरों की नहीं, बल्कि पूरे समाज की साझा जिम्मेदारी है। वैज्ञानिक प्रगति, जागरूकता, समय पर पहचान और वैश्विक सहयोग के माध्यम से ही हम एक सुरक्षित, स्वस्थ और सशक्त विश्व का निर्माण कर सकते हैं।

# 25वीं नेशनल स्पीड स्केटिंग चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो






**गाजियाबाद।** चेन्नई (तमिलनाडु) चेन्नई में दिनांक 31 जनवरी से 2 फरवरी तक आयोजित 25वीं नेशनल स्पीड स्केटिंग चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का नाम रोशन किया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के जिला गाजियाबाद के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर कई पदक अपने नाम किए।

गाजियाबाद के खिलाड़ी वेदांशु राजपूत, श्रेयांश उपाध्याय एवं आयुष शर्मा (सनवेल इंटरनेशनल स्कूल, वैशाली सेक्टर-1) ने भी शानदार प्रदर्शन किया। वेदांशु राजपूत ने 200 ़३ में एक रजत (सिल्वर) एवं 100 ़३ में एक कांस्य (ब्रॉन्ज) पदक प्राप्त किया, जबकि श्रेयांश उपाध्याय और आयुष शर्मा ने एक-एक कांस्य पदक जीतकर जिले एवं प्रदेश को गौरवान्वित किया।वही कुनाल (डीपीएस गाजियाबाद) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) प्राप्त किए। इसी क्रम में तरंग (डीपीएस गाजियाबाद) ने भी उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए एक कांस्य पदक (ब्रॉन्ज मेडल) हासिल किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश स्पीड स्केटिंग एसोसिएशन के जिला सचिव श्री रवि कुमार वर्मा ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

# हनी ट्रैप के जाल में फंसे दरोगा,शातिर महिला गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** बताते चलें हनी ट्रिप मला आय दिन नए-नए साजिशों के तहत आम आदमी को निशाना बना रहा है वही गाजियाबाद में उपनिरीक्षक जयसिंह भी हुए शिकार

**प्यार का नाटक...फिर ब्लैकमेलिंग और आखिर में लाखों की डिमांड**

शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में पुलिस ने रेखा त्यागी नाम की महिला को गिरफ्तार किया है, जिस पर आरोप है कि वह हनी ट्रैप के जरिए लोगों को फंसाकर मोटी रकम वसूलती थी।इस बार शिकार बने उपनिरीक्षक जयसिंह निगम। आरोप है कि



3 लाख रुपये नकद, 20 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर, और फिर कचहरी परिसर में सीधे 10 लाख रुपये की मांग।इतना ही नहीं रिकॉर्डिंग में रकम के बंटवारे तक की बातें सामने आई हैं। पैसे नहीं देने पर झूठे मुकदमों में फंसाने, नौकरी से निकलवाने, और पूरे परिवार को बर्बाद करने की धमकियां दी गईं। मामले का खुलासा तब हुआ, जब पीड़ित दरोगा की पत्नी समीक्षा ने थाना शालीमार गार्डन में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही पुलिस हरकत में आई और बुधवार को आरोपी महिला को जेल भेज दिया गया।

**शूटिंग**

## यूपी की पहली इंटरनेशनल फिल्म सिटी में होगी मॉम-2 की शूटिंग

# सेट के लिए शुरू हुई लैंड मैपिंग, 20 दिन में तैयार होगा शूटिंग सेट

बुलन्द संदेश ब्यूरो
अब्दुल सलाम

**ग्रेटर नोएडा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट इंटरनेशनल फिल्म सिटी ने अब जमीनी रफ्तार पकड़ ली है। गौतमबुद्ध नगर के जेवर क्षेत्र में विकसित की जा रही उत्तर प्रदेश की इस पहली इंटरनेशनल फिल्म सिटी में पहली फिल्म शूटिंग के रूप में मॉम-2 का फिल्मांकन होने जा रहा है। फिल्म सिटी परिसर में शूटिंग को लेकर प्रारंभिक तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। परियोजना का निर्माण कर रहे बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप के ज्वाइंट वेंचर बेव्यू भूटानी फिल्म सिटी प्राइवेट लिमिटेड ने जमीन की मैपिंग का कार्य शुरू कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार, मैपिंग पूरी होने के बाद करीब 20 दिनों के भीतर शूटिंग सेट तैयार कर लिया जाएगा, जिसके बाद फिल्म की शूटिंग शुरू होने की संभावना है।

उल्लेखनीय है कि इंटरनेशनल फिल्म सिटी प्रोजेक्ट का कार्य बॉलीवुड के प्रसिद्ध निर्माता-निर्देशक बोनी कपूर व भूटानी



ग्रुप को संयुक्त रूप से मिला है। इस कंपनी ने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के साथ एग्रीमेंट साइन किया है। यीडा द्वारा लेआउट प्लान को मंजूरी दिए जाने के बाद परियोजना के पहले चरण की तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

बेव्यू भूटानी फिल्म सिटी प्रोजेक्ट के जीएम राजीव अरोड़ा ने बताया कि शूटिंग की तैयारियों के साथ-साथ फिल्म सिटी के निर्माण कार्य की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है। जमीन की मैपिंग पूरी होने के बाद करीब 20 दिनों के भीतर शूटिंग सेट तैयार कर लिया जाएगा, जिससे फिल्म निर्माण से जुड़ी गतिविधियां शुरू हो सकेंगी। इसके साथ ही फिल्म सिटी के निर्माण का कार्य भी शुरू हो जाएगा और जल्द ही सीएम योगी व पीएम मोदी के कर कमलों से इसका विधिवत शुभारंभ होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि बोनी कपूर की कंपनी ने ही 2017 में रिलीज हुई बॉलीवुड फिल्म मॉम को प्रोड्यूस किया था और अब उन्होंने इसके दूसरे पार्ट की शूटिंग को यूपी में करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

इंटरनेशनल फिल्म सिटी यमुना एक्सप्रेसवे के सेक्टर-21 में विकसित की जा रही है। यह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है, जिसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश को फिल्म, ओटीटी, वेब सीरीज समेत एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री का राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय केंद्र बनाना है। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निकट विकसित हो रही यह फिल्म सिटी आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, बेहतर कनेक्टिविटी और वर्ल्ड-क्लास सुविधाओं के साथ प्रदेश को एक एंटरटेनमेंट और एविएशन हब के रूप में स्थापित करेगी। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि फिल्म सिटी की औपचारिक शुरूआत से पहले मॉम-2जैसी फिल्म की शूटिंग इस बात का संकेत है कि यूपी की फिल्म पॉलिसी और इन्फ्रास्ट्रक्चर को लेकर फिल्म इंडस्ट्री का भरोसा तेजी से बढ़ रहा है। यह परियोजना आने वाले समय में मुंबई समेत देश के अन्य फिल्म निर्माण केंद्रों का एक सशक्त विकल्प बन सकती है।

# आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के नागरिकों हेतु निःशुल्क आयुष्मान कार्ड की सुविधा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जिलाधिकारी महोदय के निदेर्शों के क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान चिन्हित सरकारी एवं निजी चिकित्सालयों में 5 लाख तक का निःशुल्क इलाज प्रदान किया




जाता है। आप सबसे अनुरोध है कि 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी लोग इस योजना से जुड़ने के लिए अपना आयुष्मान कार्ड सभी सरकारी चिकित्सा इकाइयों पर निःशुल्क बनवा सकते हैं। यह कार्ड आप स्वयं भी बना सकते है। ध्यान रखें- इस कार्ड को बनाये जाने हेतु आधार कार्ड एवं उससे लिंक मोबाइल नम्बर का होना आवश्यक है। आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु लिंक https://बेनिफिसियरी.nha.gov.in एवं आयुष्मान APP (डाउनलोड फ्रॉम प्ले स्टोर)

# सपा छात्रसभा महानगर अध्यक्ष ने चुनाव आयोग को भेजे भाजपा के झंडे

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** समाजवादी छात्रसभा के महानगर अध्यक्ष मौ मोहसिन मेवाती ने गुरुवार को चुनाव आयोग को भाजपा के झंडे कूरियर से भेजे। महानगर अध्यक्ष मौ मोहसिन मेवाती ने बताया कि एसआईआर में पीडीए वर्ग के वोट काटे गए हैं। इस वजह से भाजपा के झंडे कूरियर किये हैं।बताया कि फार्म 7 में फर्जी हस्ताक्षर कर वोट कटाने का प्रयास किया गया है। कहा कि चुनाव आयोग के अधिकारी भाजपा का झंडा अपने दफ्तर पर लगा लें। छात्र सभा महानगर महासचिव दुर्गेश यादव ने बताया कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी एसआईआर में हेराफेरी का मुद्दा उठाया है। इस सपा छात्र सभा महानगर अध्यक्ष मौ मोहसिन मेवाती महानगर महासचिव दुर्गेश यादव महानगर उपाध्यक्ष सरदार प्रभाव सिंह महानगर कोषाध्यक्ष आबिद मलिक महानगर सचिव शाकिर अली सैय्यद दानिश अली पांडे आदि लोग मौजूद रहे ।



# शिक्षा से रोजगार, शोध से समृद्धि और कौशल से आत्मनिर्भर भारत की नींव: प्रो. धीरेंद्र पाल सिंह

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ़।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के शिक्षा सलाहकार प्रो0 धीरेंद्र पाल सिंह की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के प्रभावी क्रियान्वयन एवं विकसित उत्तर प्रदेश /2047 के लक्ष्यों को साकार करने की दिशा में ठोस रणनीति पर मंथन किया गया। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा जीवन की नींव है और इसी नींव पर आत्मनिर्भर भारत का भवन खड़ा किया जा सकता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि शिक्षा और संस्कार एक-दूसरे से अलग नहीं हो सकते। गांधी, मालवीय, राधाकृष्णन, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम और महंत दिग्विजयनाथ जी जैसे महापुरुषों का दृष्टिकोण भी ऐसा ही था, जहां शिक्षा चरित्र निर्माण, राष्ट्रभक्ति और सेवा भाव से जुड़ी हो। प्रो0 सिंह ने स्पष्ट कहा कि शिक्षा की सफलता का मापदंड यह होना चाहिए कि विद्यार्थी शिक्षा पूरी करने के बाद रोजगार पाने या स्वयं का रोजगार खड़ा करने में सक्षम हो। यही राष्ट्रीय शिक्षा नीति की आत्मा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तुत विकसित भारत /2047 की परिकल्पना कोई दूर का सपना नहीं, बल्कि सुनियोजित रोडमैप है। बड़े राष्ट्र के निर्माण के लिए बड़े लक्ष्य और दीर्घकालिक सोच आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ज्ञान, अनुसंधान और नवाचार की ताकत से भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाया जा सकता है। बैठक में यह भी रेखांकित किया गया कि विकसित राष्ट्र के चार मजबूत स्तंभरू युवा, महिला, गरीब और किसान हैं। शिक्षा नीति का उद्देश्य इन चारों वर्गों को कौशल, अवसर और आत्मविश्वास देना है। इसके लिए टैलेंट, ट्रेड, टूरिज्म, ट्रेडीशन और टेक्नोलॉजी को शिक्षा से जोड़ते हुए समग्र विकास मॉडल अपनाने पर सहमति बनी। प्रो0 सिंह ने कहा कि विद्यालय और महाविद्यालय टैलेंट फैक्ट्री बनें, जहां से न केवल नौकरी खोजने वाले बल्कि नौकरी देने वाले युवा निकलें। हर नागरिक शिक्षित हो, तकनीकी रूप से दक्ष हो और उसे स्थानीय स्तर पर ही रोजगार के अवसर मिलें, इसी दिशा में शिक्षा तंत्र को आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि मंडल एवं जिला स्तर पर स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रम लागू किए जाएं, ताकि शिक्षा सीधे उद्योग, कृषि, स्वास्थ्य, पर्यटन और कौशल विकास से जुड़ सके। इससे पलायन रुकेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

संयुक्त शिक्षा निदेशक मनोज गिरी, डीआईओएस पूरन सिह और मुख्य विकास अधिकारी योगेंद्र कुमार प्रो0 डी पी सिंह जी द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में जो अहम सुझाव दिए हैं। अपर आयुक्त अखिलेश कुमार ने कहा कि अलीगढ़ का भौगोलिक और औद्योगिक महत्व तेजी से बढ़ रहा है। जेवर एयरपोर्ट, डिफेंस कॉरिडोर और औद्योगिक निवेश के चलते आने वाले समय में जिला तकनीकी शिक्षा, रोजगार, स्टार्टअप और पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनने जा रहा है। ऐसे में शिक्षा व्यवस्था को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप ढालना समय की मांग है।

# अकराबाद में पुजारी पर धोखाधड़ी का आरोप

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ़।** अकराबाद थाना क्षेत्र के कल्यानपुर गांव में मंदिर के एक पुजारी पर ग्रामीणों से उधार लिए गए रुपये वापस न करने का आरोप लगा है। मामले को लेकर गांव के पांच ग्रामीणों ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर सौंपी है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुजारी ने आवश्यक कार्य का हवाला देकर उनसे कुल 51 हजार 300 रुपये उधार लिए थे, लेकिन पांच माह बीत जाने के बावजूद अब तक रकम वापस नहीं की गई है। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि करीब पांच माह पहले गांव के ही मंदिर के पुजारी ने किसी जरूरी काम का हवाला देते हुए उनसे आर्थिक मदद मांगी थी।

धार्मिक व्यक्ति होने और भरोसे के चलते ग्रामीणों ने अलग-अलग रकम उसे उधार दे दी। ग्रामीणों के अनुसार, रनवीर पुत्र भूरे लाल से 15 हजार 100 रुपये, धर्मेन्द्र पुत्र मलखान सिंह से 24 हजार रुपये, जयपाल पुत्र गदाधर से 9 हजार 200 रुपये, मुनेश कुमार पुत्र पन्नालाल से 2 हजार रुपये और प्रदीप उर्फ डिप्टी से 1 हजार रुपये उधार लिए गए थे।

इस संबंध में थाना अकराबाद में तैनात उपनिरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि कल्यानपुर गांव के ग्रामीणों द्वारा एक पुजारी के खिलाफ 51 हजार 300 रुपये की उधारी न चुकाने को लेकर तहरीर दी गई है। तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जांच के दौरान दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जाएंगे और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# शब ए बरात प्रोग्राम में इनवाइट पाकिस्तानी मूल के संगठन को बुलाने पर अमुवि छात्रों ने जताया विरोध

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के सुलेमान हॉल की मस्जिद में शब ए बरात कार्यक्रम में मंगलवार को पाकिस्तानी मूल के संगठन दावत ए इस्लामी से जुड़े मौलाना सुल्तान अटारी को आमंत्रित किया गया था। सोशल मीडिया पर पोस्टर वायरल होते ही छात्रों के एक गुट ने इसे यूनिवर्सिटी की साख और सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए विरोध शुरू कर दिया। दबाव बढ़ता देख प्रशासन ने कार्यक्रम पर रोक लगा दी। बुधवार को छात्रों के प्रॉक्टर ऑफिस पहुंचकर तकरीर की वीडियो दिखाने पर मामला एक बार फिर गरमा गया। हालांकि बाद में वीडियो में मौलाना न होने की बात कहकर छात्रों को समझाया गया। मंगलवार रात सुलेमान हॉल में ह्यग्रैंड शब-ए-बरात कॉन्ग्रिगेशनह्न प्रस्तावित था। जैसे ही आयोजकों ने इंटरनेट मीडिया पर पोस्टर जारी किया, विरोध के स्वर मुखर हो गए। छात्रों ने सवाल उठाया कि जिस संगठन का नाम उदयपुर के कन्हैया लाल हत्याकांड में सामने आया था, उसके प्रतिनिधि को एएमयू जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में मंच क्यों दिया जा रहा है? विवाद बढ़ता देख स्थानीय पुलिस और खुफिया एजेंसियां भी अलर्ट हो गईं। दावत-ए-इस्लामी एक अंतरराष्ट्रीय सुन्नी इस्लामिक संगठन है। इसके इतिहास और भारत में इसकी स्थिति को समझना जरूरी है। इस संगठन की नींव 1981 में कराची (पाकिस्तान) में मौलाना इलियास कादरी द्वारा रखी गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य धार्मिक शिक्षा




और श्मदनी चौनल के जरिए इस्लाम का प्रचार करना था। भारत में यह संगठन श्दावत-ए-इस्लामी इंडियाह्न के नाम से संचालित होता है। हालांकि यह खुद को चौरिटी और शिक्षा से जुड़ा बताता है, लेकिन भारतीय जांच एजेंसियों की नजर इस पर तब टेढ़ी हुई जब राजस्थान के उदयपुर में टेलर कन्हैया लाल की निर्मम हत्या हुई। जांच में खुलासा हुआ कि हत्या के आरोपी इस संगठन की कट्टरपंथी विचारधारा से प्रभावित थे। अमुवि प्रॉक्टर प्रो. मोहम्मद नवेद खान ने मामले को शांत कराते हुए कहा कि जैसे ही संगठन की विवादित पृष्ठभूमि की जानकारी मिली, मौलाना को कार्यक्रम में शामिल होने से रोक दिया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कैंपस में किसी भी ऐसी गतिविधि की अनुमति नहीं दी जाएगी जिससे विश्वविद्यालय की छवि धूमिल हो। प्रॉक्टर ने एक वायरल वीडियो का खंडन करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर चल रहा वीडियो सुल्तान अटारी का नहीं, बल्कि एएमयू के ही एक सदस्य का है।

# मैरिज होम्स की पार्किंग पर सख्ती, डीएम के निर्देश सड़क नहीं बनेगी पार्किंग स्थल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ़।** शादी-विवाह के सहालग सीजन में शहर की सड़कों को जाम से मुक्त रखने के लिए जिला प्रशासन ने ठोस और निर्णायक कदम उठा लिए हैं। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई सड़क सुरक्षा बैठक में साफ निर्देश दिए गए हैं कि मैरिज होम्स और बैंक्वेट हॉल द्वारा सड़कों पर पार्किंग कराए जाने पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि शादी समारोह खुशियों का अवसर है, लेकिन इसकी वजह से आमजन को जाम में फंसना स्वीकार्य नहीं है। सड़क को पार्किंग स्थल बनाना नियमों का खुला उल्लंघन है। उन्होंने परिवहन विभाग और यातायात पुलिस को निर्देश दिए कि सहालग के दौरान रामघाट रोड, आगरा रोड, जीटी रोड, एटा चुंगी, खैर रोड, नौरंगाबाद जैसे व्यस्त मार्गों पर विशेष निगरानी रखी जाए और अवैध पार्किंग पर तत्काल कार्रवाई हो। उन्होने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि यातायात व्यवस्था सुधार में आमजन सहयोग करें, वाहन सड़क पर या इधर-उधर खड़े न करें। नियमों के पालन से ही सहालग के दौरान जाम से स्थायी राहत मिल सकेगी। पार्किंग, यातायात और सड़क सुरक्षा के नियमों का कड़ाई से पालन कर शहर को जाम से सुरक्षित रखते हुए ही विवाह आयोजनों को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाया जा सकता है।

अपर जिलाधिकारी नगर किंशुक श्रीवास्तव ने स्पष्ट किया कि किसी भी आयोजन में वाहनों की पार्किंग प्रवेश व निकास की सुचारु व्यवस्था, सड़क अवरोध से बचाव की पूरी जिम्मेदारी मैरिज होम अथवा गार्डन संचालक की होगी। नियमों के विपरीत सड़क पर वाहन खड़े पाए जाने पर आयोजन की अनुमति निरस्त करने तक की कार्रवाई की जा सकती है। जिन मैरिज होम्स में स्वीकृत मानकों के अनुरूप पार्किंग की व्यवस्था नहीं है, सबंधित के द्वारा उन्हें सुधार के निर्देश दिए जाएं। नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए प्रवर्तन अभियान संचालित किया जाए।

# डीएम-एसएसपी ने महाशिवरात्रि पर्व को लेकर की सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्री संजीव रंजन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की गोष्ठी आयोजित की गई।

बैठक में प्रमुख शिव मंदिरों, पूजा स्थलों व कांवड़ मार्गों पर संभावित भीड़, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई अधिकारियों को संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी व ड्रोन निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश





दिए गए संबंधित विभागों को साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, अस्थायी शौचालय व स्वास्थ्य सेवाओं की समुचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए गए। वहीं विद्युत एवं नगर निगम अधिकारियों को निर्बाध सेवाएं बनाए रखने को कहा गया एसएसपी ने सभी क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों व यातायात पुलिस को सतर्क रहकर ड्यूटी करने, भीड़ नियंत्रण, महिला सुरक्षा एवं संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए गोष्ठी में अपर जिलाधिकारी श्रीमती किंशुक श्रीवास्तव, एसपी नगर मृगांक शेखर पाठक, एसपी ग्रामीण श्री अमृत जैन, एसपी यातायात प्रवीन कुमार, एसपी अपराध श्रीमती ममता कुरील सहित समस्त क्षेत्राधिकारी व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मंदिर से महिला फरार, पति ने गैर-समुदाये के युवक पर भगा ले जाने का आरोप

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** लोधा थाना क्षेत्र में खेरेश्वर धाम मंदिर पर पूजा करने गई एक महिला के अचानक लापता होने का मामला सामने आया है। महिला के पति ने आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी गभाना क्षेत्र के एक मुस्लिम युवक के साथ फरार हो गई है। इस घटना के बाद क्षेत्र में चचाओं का दौर शुरू हो गया है और पीड़ित पति ने थाना रोरावर में शिकायत दर्ज कराते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, सोमवार को पीड़ित पति अपनी पत्नी को बाइक से खेरेश्वर धाम मंदिर पर पूजा कराने के लिए छोड़कर घर लौट आया था। पति का कहना है कि पूजा के बाद पत्नी को स्वयं घर लौटना था, लेकिन काफी देर तक जब वह वापस नहीं आई, तो उसने पत्नी के मोबाइल फोन पर संपर्क किया। फोन पर बातचीत के दौरान महिला ने बताया कि वह रेलवे रोड पर है और कुछ ही देर में घर पहुंच जाएगी। इसके बाद पति निश्चिंत होकर घर पर इंतजार करता रहा, लेकिन रात तक पत्नी घर नहीं लौटी। कुछ समय बाद महिला का मोबाइल फोन भी बंद हो गया, जिससे पति की चिंता और बढ़ गई। मंगलवार सुबह इस मामले में एक नया मोड़ आया, जब एक महिला ने पीड़ित पति को फोन कर चौंकाने वाली जानकारी दी। फोन करने वाली महिला ने बताया कि उसकी पत्नी गभाना क्षेत्र के एक मुस्लिम युवक के साथ चली गई है। पीड़ित पति का आरोप है कि यह युवक उसकी पत्नी का दामाद बताया जा रहा है। इस जानकारी के बाद पति ने तुरंत पुलिस से संपर्क किया। उसने थाना रोरावर पहुंचकर मुस्लिम युवक के खिलाफ लिखित तहरीर दी और पत्नी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया।

# एसएसपी अलीगढ़ ने पुलिस कार्यालय की आकिंक शाखा का किया वार्षिक निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय स्थित आकिंक शाखा का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने शाखा में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों से उनके कार्यों की जानकारी प्राप्त की और अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, समयबद्ध निस्तारण तथा कार्य में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों को कार्यालय में समय से उपस्थित रहकर पूर्ण मनोयोग से कार्य करने एवं सभी रिकॉर्ड को अद्यतन व स्वच्छ रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही लंबित प्रकरणों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री अमृत जैन, पुलिस अधीक्षक अपराध श्रीमती ममता कुरील, क्षेत्राधिकारी तृतीय श्री सर्वम सिंह, क्षेत्राधिकारी कार्यालय/112/अपराध श्रीमती सर्जना सिंह सहित संबंधित शाखा प्रभारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।





# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के विधिक जागरूकता शिविर में एसएसपी का प्रतिभाग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी परिसर में आयोजित विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम के दौरान न्यायिक अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं के साथ न्यायिक प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने, लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण तथा आमजन में विधिक जागरूकता बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया गया। पुलिस एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त प्रयासों से पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने तथा समाज के कमजोर वर्गों तक विधिक सहायता पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर जिला विधिक



सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/माननीय जिला जज श्री पंकज कुमार अग्रवाल, अन्य न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण, प्राधिकरण के पदाधिकारी एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

**समझौता ज्ञापन** सहयोग को लेकर एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए

# मंगलायतन विश्वविद्यालय और सेम्स वेलफेयर फाउंडेशन के बीच हुआ शैक्षणिक एवं शोध सहयोग का एमओयू

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ़।** मंगलायतन विश्वविद्यालय, अलीगढ़ और सेम्स वेलफेयर फाउंडेशन, नई दिल्ली के बीच शैक्षणिक, शोध एवं कौशल विकास के क्षेत्र में सहयोग को लेकर एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। जिसका उद्देश्य शिक्षा, अनुसंधान एवं कौशल आधारित प्रशिक्षण को नई दिशा देना है। इस एमओयू के अंतर्गत दोनों संस्थाएं कौशल विकास कार्यक्रम, उद्योग आधारित प्रशिक्षण, इंटर्नशिप, प्लेसमेंट, संयुक्त शोध, प्रकाशन, अतिथि व्याख्यान तथा छात्र एवं संकाय विकास कार्यक्रमों में आपसी सहयोग करेंगी।

समझौते के अनुसार सेम्स वेलफेयर फाउंडेशन विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम निर्माण में उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान करेगा, जिससे विद्यार्थी व्यावहारिक रूप से अधिक सक्षम बन सकें। एमओयू पर मंगलायतन विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव ब्रिगेडियर डा. समरवीर सिंह तथा सेम्स वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से मुख्य व्यवसाय अधिकारी अतुल कुमार गर्ग ने हस्ताक्षर किए। कुलपति प्रो. पीके दशोरा ने कहा कि इस सहयोग से विद्यार्थियों को उद्योग जगत से जुड़ने, व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने और रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे। समझौते के तहत औद्योगिक भ्रमण, हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण, इंटर्नशिप और संयुक्त अनुसंधान गतिविधियों के माध्यम से छात्रों और शिक्षकों को लाभान्वित किया जाएगा। कुलसचिव ब्रिगेडियर डा. समरवीर सिंह प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि यह एमओयू पांच वर्षों की अवधि के लिए प्रभावी रहेगा, जिसे आपसी सहमति से आगे बढ़ाया जा सकता है। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक प्रो. दिनेश शर्मा, डीन एकेडमिक प्रो. अम्बरीष शर्मा, डीन मानविकी संकाय प्रो. राजीव शर्मा, कंप्यूटर इंजीनियरिंग संकाय के विभागाध्यक्ष डा. लव मित्तल, प्रो. मनोज वार्ष्णेय, डा. जितेंद्र यादव उपस्थित रहे।

# विश्व कैंसर दिवस पर फार्मेसी विभाग ने किया जन जागरूकता कार्यक्रम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़ ।** मंगलायतन विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ फामेर्सी द्वारा विश्व कैंसर दिवस मनाया गया। कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों के लिए पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए पोस्टरों के माध्यम से कैंसर के कारण, जोखिम कारक, रोकथाम और प्रारंभिक पहचान जैसे विषयों को प्रभावी रूप से दशार्या गया। कार्यक्रम का मूल्यांकन डीन एकेडमिक प्रो. अम्बरीष शर्मा, प्रो. आरके शर्मा एवं प्रो. उमेश कुमार द्वारा किया गया। निर्णायकों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्राचार्य प्रो. फवाद खुर्शीद ने कहा कि कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी के प्रति जागरूकता समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होती है। उन्होंने जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में फार्मासिस्ट की भूमिका को भी रेखांकित किया। कार्यक्रम समन्वयक संस्कृति व मानसी शर्मा रहीं। इस अवसर पर प्रो. निशांत कटियार, प्रो. बृजेश शर्मा, डा. शोभित सिंह, डा. रजत गर्ग, रामगोपाल सिंह, शुभम कपिल व चंद्रवीर आदि उपस्थिति रहे। पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर प्रियांशु रंजन, आर्यन पांडेय एवं प्रशांत कुमार, द्वितीय स्थान पर शिवचंद, सत्यम कुमार, आदर्श कुमार, साहिल कुमार एवं धीरज कुमार व तृतीय स्थान पर हसन, संध्या जायसवाल, रौशनी कुमारी, उज्ज्वल कुमार एवं संजीव यादव रहे। वहीं इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंस विभाग में भी कैंसर जागरूकता दिवस मनाया गया। प्राचार्य डा. शिवराज त्यागी ने कैंसर के कारणों, उपचार एवं बचाव के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर उप प्राचार्य प्रो. गजेंद्र पाराशर, अंकिता लाल, नितिनकांत, अजय मुद्गल, योगेश भारद्वाज, हरी सिंह, मधु, नैंसी, पायल, शिखा आदि उपस्थित रहे।



# छात्रों को सिखाए गए सुरक्षित इंटरनेट और मोबाइल के उपयोग के तरीके

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** इंटरनेट और मोबाइल के बढ़ते इस्तेमाल के बीच छात्रों को ऑनलाइन जोखिमों से बचाने के उद्देश्य से सर्वोदय इंटर कॉलेज में एक विशेष जानकारीपरक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर होने वाले अपराधों और उनसे बचाव के उपायों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ता अनुज तोमर ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, जिसका सबसे अधिक प्रभाव युवाओं पर पड़ रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनजान ई-मेल, लिंक और ओटीपी साझा न करने की सलाह दी। साथ ही बताया कि सोशल मीडिया पर जरूरत से ज्यादा जानकारी देना साइबर अपराधियों को अवसर दे सकता है। उन्होंने मोबाइल और कंप्यूटर को सुरक्षित रखने के लिए मजबूत पासवर्ड अपनाने, समय-समय पर पासवर्ड बदलने और सुरक्षा एप्लिकेशन का उपयोग करने पर जोर दिया। वक्ता ने कहा कि डिजिटल सतर्कता अपनाकर कई समस्याओं से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में छात्रों ने रुचि लेते हुए प्रश्न पूछे और अपनी शंकाएं रखीं। शिक्षकों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को तकनीक का सही और सुरक्षित उपयोग सिखाने में सहायक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम का समापन डिजिटल जागरूकता संदेश के साथ किया गया।



# विद्या के 12 छात्रों का वर्कियंस में चयन



बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** मेरठ बागपत रोड स्थित विद्या नॉलेज पार्क में कैंपस प्लेसमेंट का आयेजन किया गया जिसमें वर्कियंस रियलटी प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी कैंपस रिक्रूटमेन्ट के लिए आयी। इस कैंपस प्लेसमेन्ट प्रक्रिया में कंपनी के एच० आर० अधिकारी ने सबसे पहले सभी छात्रों को एक सेमिनार में सम्बोधित किया और फिर सभी को कम्पनी की कार्य प्रणाली से अवगत कराया और उनके जॉब प्रोफाइल के बारे में जानकारी दी। उसके बाद अपनी चयन प्रक्रिया में 12 छात्रों का चयन किया जिनके नाम - प्रियंशु राठोर, शिवम वत्स, तनुज भारद्वाज, हिमांशु बालियान, अभिशांत रूहेला, भावना चौधरी, नमन गुप्ता, सन्नी कुमार, विवेक त्यागी, पंकज रवि, दीपक सिंघल, आकाश, का सफल चयन किया, सभी छात्र इस अवसर को पाकर बहुत प्रोत्साहित है। विद्या ग्रुप के चेयरमैन श्री प्रदीप कुमार जैन, मैनेजिंग डायरेक्टर श्री विषाल जैन एवं प्लेसमेन्ट हेड डा. नेहा दोशी सभी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाऐं दी।

## सदनपुरी में माहौल खराब करने की कोशिश, बाइक सवारों ने एक संप्रदाय के वाहनों को बनाया निशाना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के सदनपुरी इलाके में दर्जन भर बाइकों पर सवार युवकों ने माहौल खराब करने की कोशिश की। विशेष संप्रदाय के नागरिकों के वाहनों में लाठी-डंडों से तोड़फोड़ करते हुए हुड़दंगियों ने कई वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसके चलते इलाके के निवासियों में दहशत है। वहीं, पुलिस आरोपियों की पहचान में जुटी है। सदनपुरी के क्षेत्रवासियों के मुताबिक लगभग एक दर्जन बाइकों पर सवार युवक लाठी-डंडों से लैस होकर शोर मचाते हुए इलाके से गुजरे। युवकों ने सड़क पर खड़े विशेष संप्रदाय के नागरिकों के वाहनों में लाठी-डंडों से जमकर तोड़फोड़ की। जिसमें कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। लगभग दो मिनट में कई वाहनों को तहस-नहस करने के बाद बाइक सवार युवक मौके से फरार हो गए। घटना के चलते इलाके में हड़कंप मच गया। सीसीटीवी फुटेज देखने पर पता चला कि अधिकांश युवक मुंह पर कपड़ा लपेटे हुए थे और उनकी बाइकों की नंबर प्लेट भी छुपी हुई थी। जानकारी के बाद पहुंची पुलिस ने क्षेत्रवासियों से पूछताछ की। घटना के चलते क्षेत्रवासियों में दहशत का माहौल है। वहीं, पुलिस सीसीटीवी फुटेज के सहारे हुड़दंगियों की पहचान में जुटी है।

## पोक्सो के फर्जी मुकदमे में फंसाकर मांगे पांच लाख, रकम नहीं मिली तो दंपति पर किया हमला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** माधवपुरम निवासी दंपति ने नौचंदी क्षेत्र के रहने वाले दंपति और कुछ अन्य दबंगों पर अपने घर में घुसकर खुद पर जानलेवा हमले और छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। महिला का आरोप है कि पोक्सो के झूठे मुकदमे में फंसाकर आरोपी दंपति उसके पति से पांच लाख की डिमांड कर रहे थे। रकम न देने पर आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया। माधवपुरम क्षेत्र के रहने वाले दंपति ब्रहस्पतिवार को एसएसपी ऑफिस पहुंचे। महिला ने आरोप लगाया कि नौचंदी क्षेत्र के रहने वाले एक दंपति ने उसके पति के खिलाफ पोक्सो एक्ट का झूठा मुकदमा दर्ज कराया। सीओ कैंट द्वारा मामले में जांच करने पर यह मुकदमा झूठा पाया गया। आरोप है कि इस मुकदमे को वापस लेने की एवज में दंपति ने महिला के पति से पांच लाख की डिमांड की। मगर महिला के पति ने रकम देने से इनकार कर दिया। इसके बाद बीती दो फरवरी को आरोपी दंपति अपने कुछ साथियों को लेकर महिला के घर पहुंचे।


# चाइनीज मांझे से मौत होने पर होगा हत्या का मुकदमा दर्ज, शहर में चाइनीज मांझे की चपेट में आने से लोग व पक्षी हो रहे है,घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जनपद में चाइनीज मांझे के कारण मौत होने से हत्या का मुकदमा दर्ज किया जायेगा। इस सम्बंध में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आदेश जारी किये है। जिसके बाद से चाइनीज मांझा बेचने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

आपको बता दें,कि पतंग उड़ाने के शौकीन पतंग उड़ाने व पेंच लड़ाने के लिए चाइनीज मांझे का प्रयोग करने लगे। पूर्व चाइनीज मांझे की चपेट में आने से शहर में लोग भी घायल हुए है। इसे अलावा पक्षी भी चपेट में आने से घायल हुए है।





शहर में पुलिस प्रशासन अधिकारियों की संयुक्त टीम ने कई बार अभियान चलाकर चाइनीज मांझा जब्त किया है। साथ ही चेतावनी दी,कि चाइनीज मांझा बेचने पर उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। इसके बावजूद भी चाइनीज मांझे की बिक्री चोरी छिपे की जा रही है। अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आदेश जारी किये है। प्रदेश में चाइनीज मांझा किसी व्यक्ति की मौत का कारण बनता है,तो हत्या का मुकदमा दर्ज किया जायेगा। इस सम्बंध में अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर का कहना है,जनपद में चाइनीज मांझे की बिक्री नहीं होने दी जायेगी।

# सीडीओ ने विकास खण्ड-सिम्भावली कार्यालय का किया निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**हापुड़,सिंभावली।** गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने विकास खण्ड-सिम्भावली कार्यालय का निरीक्षण किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम द्वारा सभी ग्राम सचिवों के साथ बैठक कर निर्देश दिए गए कि सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनाएं जैसे- पेंशन, सोशल सेक्टर के सत्यापन, एस0आई0 आर0, फार्मर रजिस्ट्री, आर0टी0ई0, अटल आवासीय विद्यालय में श्रमिकों के बच्चों का पंजीकरण कराना, फैमिली आईडी, स्वयं सहायता समूह का गठन करना एवं उनको मार्केट से लिंक कराने के कार्यों को रणनीति बनाकर समय पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति इन योजनाओं से वंचित नहीं होना चाहिए। निरीक्षण के समय अनवर शेख परियोजना निदेशक,जिला ग्राम्य विकास अभिकरण सुधीर कुमार, खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी, (ग्रा0वि0),(सहकारिता) तथाअवर अभियन्ता (ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग/ ल0सि0) एवं अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित थे।

# बाजारों में पुलिस की सख्त कार्रवाई, अतिक्रमण पर कसा शिकंजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** नगर के व्यस्त बाजारों में फैल रहे अतिक्रमण और उससे उत्पन्न यातायात अव्यवस्था को लेकर पिलखुवा पुलिस ने गुरुवार को सघन अभियान चलाया। नवनियुक्त कोतवाल मनीष चौहान की अगुवाई में पुलिस टीम ने सड़क और फुटपाथ पर किए गए अवैध कब्जों को हटवाया। अभियान के तहत गांधी बाजार, जवाहर बाजार समेत कई प्रमुख क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस के पहुंचते ही दुकानदारों और ठेला संचालकों में हड़कंप मच गया। कई अतिक्रमणकारियों ने कार्रवाई से पहले ही अपना सामान हटाना शुरू कर दिया। अभियान के बाद बाजारों में यातायात व्यवस्था सुचारु होती नजर आई, जिससे आम लोगों को आवागमन में राहत मिली।



स्थानीय नागरिकों ने पुलिस की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि लंबे समय से बाजारों में अतिक्रमण के कारण जाम की समस्या बनी हुई थी। लोगों का मानना है कि लगातार निगरानी और कार्रवाई से ही इस समस्या का स्थायी समाधान संभव है।

इस संबंध में कोतवाल मनीष चौहान ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर अवैध कब्जे बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने व्यापारियों से नियमों का पालन करने और नगर व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की।

# पुलिस की अतिक्रमणकारियों को चेतावनी,नहीं हटाया तो होगी सख्त कार्रवाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,पिलखुवा।** पिलखुवा नगर में बढ़ते अतिक्रमण को लेकर पुलिस प्रशासन सख्त हो गया है। गुरुवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीष चौहान ने नगर क्षेत्र में सड़क,फुटपाथ और सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण करने वालों को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि तय समय के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो संबंधित लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

कोतवाल मनीष चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बाजारों और मुख्य मार्गों का निरीक्षण किया। इस दौरान कई दुकानदारों और ठेला चालकों द्वारा किए गए अतिक्रमण पाए गए। पुलिस ने मौके पर ही लोगों को समझाया और चेतावनी देते हुए कहा कि अगले 24 घंटे में अतिक्रमण हटा लें अन्यथा कानूनी कार्यवाही की जाएगी



उन्होंने कहा कि अतिक्रमण से यातायात बाधित होता है और आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

कोतवाल ने कहा कि नगर को व्यवस्थित और सुरक्षित रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है। अतिक्रमण के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनती है,जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों और राहगीरों को कठिनाई होती है। उन्होंने सभी व्यापारियों और नागरिकों से सहयोग की अपील की।

उन्होंने यह भी बताया कि यदि चेतावनी के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो अभियान चलाकर सामान जब्त किया जाएगा और जुमार्ना भी लगाया जाएगा।

बधाई

## मानसी वर्मा प्रसिद्ध शिक्षक व साहित्यकार की पुत्री है


# मानसी वर्मा मिस रनवे स्टार खिताब से सम्मानित,बधाई दी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** शहर निवासी प्रसिद्ध विज्ञानवेत्ता,शिक्षक एवं साहित्यकार महेश वर्मा की पुत्री मानसी वर्मा को चंडीगढ़ में मिस रनवे स्टार से सम्मानित किया गया है। जिसकी जानकारी मिलने पर महेश वर्मा व उनकी पुत्री को रिश्तेदारों,परिचितों द्वारा बधाई दी जा रही है। आपको बता दें,कि चंडीगढ़ के प्रतिष्ठित ली मेरिडियन होटल में हाल ही में आयोजित मेवन मिस इंडिया प्लस 2025 के भव्य फाइनल में शहर की बेटी मानसी वर्मा ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की। देशभर के चारों जोन से चयनित टॉप फाइनलिस्ट्स के बीच मानसी वर्मा को 'मिस रनवे स्टारइ के प्रतिष्ठित खिताब से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के साथ मानसी वर्मा ने न केवल प्रतियोगिता में अपनी सशक्त उपस्थिति,आत्मविश्वास और मंचीय दक्षता का परिचय दिया,बल्कि अपने शहर का नाम भी राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। उनकी इस शानदार सफलता पर शहर में हर्ष और गर्व का माहौल है। सामाजिक,शैक्षणिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने मानसी को बधाइयाँ दी हैं।

- मानसी वमार्ने जनपद व परिजनों का नाम किया रोशन
- आत्मविश्वास,निरंतर परिश्रम से हर मंच पर सफलता प्राप्त की जा सकती है: मानसी





मानसी वर्मा की यह उपलब्धि न केवल युवतियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है,बल्कि यह संदेश भी देती है कि आत्मविश्वास, निरंतर परिश्रम और स्वयं पर विश्वास से हर मंच पर सफलता पाई जा सकती है।

गौरतलब है कि मानसी वर्मा, प्रसिद्ध विज्ञानवेत्ता, शिक्षक एवं साहित्यकार महेश वर्मा की पुत्री हैं। पिता की बौद्धिक विरासत और मूल्यों के साथ मानसी ने अपने आत्मबल और प्रतिभा के दम पर यह खिताब हासिल किया है।

# फर्जी फर्म बनाकर जीएसटी विभाग में रजिस्ट्रेशन कराने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,पिलखुवा।** जनपद के पिलखुवा थाना पुलिस ने फर्जी फर्म बनाकरजीएसटी विभाग में रजिस्ट्रेशन कराने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से 3 पैन कार्ड,3 आधार कार्ड व बैंक पासबुक व फर्जी टैक्स इन्वाईस बरामद की है। पिलखुवा थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष चौहान ने बताया कि वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान में थाना पुलिस ने फर्जी फर्म बनाकर जीएसटी विभाग में रजिस्ट्रेशन कराने वाला अभियुक्त को टूटे रेलवे फाटक वाले मार्ग से गिरफ्तार किया है। कब्जे से 3 पैन कार्ड,3 आधार कार्ड व बैंक पासबुक व फर्जी टैक्स इन्वाईस बरामद की है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त का नाम शादाब मलिक पुत्र नवाब अली निवासी मौहल्ला रमपुरा थाना पिलखुवा जनपद हापुड़ है।

**अभियुक्त से 3 पैन कार्ड,3 आधार कार्ड व बैंक पासबुक व फर्जी टैक्स इन्वाईस बरामद**



सम्पादकीय

# एक दशक में बनाई पूंजी पीके ने बिहार में गंवा दी



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

सबसे पहले तो यह समझना होगा कि प्रशांत किशोर ने बिहार में क्या गंवाया है? वे मानें या नहीं मानें लेकिन एक कुशल चुनाव प्रबंधक के रूप में एक दशक में बनाई गई अपनी पूंजी उन्होंने बिहार में गंवा दी है। उनके दो सौ या चार सौ करोड़ रुपए खर्च हुए वह उनका बड़ा नुकसान नहीं है। उनकी पार्टी अपना पहला चुनाव बुरी तरह से हारी यह भी कोई बड़ी बात नहीं है। ऐसे तमाम उदाहरण हैं, जब पार्टियां पहले चुनाव में बहुत खराब करने के बाद धीरे धीरे मजबूत होती गईं और बहुत बड़ी बन गईं।

बिहार में नीतीश कुमार की बनाई समता पार्टी, जिसे अब जनता दल यू के नाम से जाना जाता है या उत्तर प्रदेश में कांशीराम की बनाई बहुजन समाज पार्टी इसकी मिसाल हैं। दोनों पार्टियों की शुरूआत बहुत खराब हुई थी। लेकिन दोनों के नेताओं को पता था कि उनका आइडिया और आइडियोलॉजी दोनों सही हैं। इसलिए दोनों मैदान में डटे रहे और राजनीतिक व चुनावी दोनों सफलता हासिल की। इसलिए प्रशांत किशोर का पहला चुनाव हार जाना उनके राजनीतिक करियर का पूर्णविराम नहीं है।

उनके लिए असली चुनौती यह है कि राजनीतिक प्रबंधक के तौर पर जो पूंजी उन्होंने बिहार में गंवाई है उसे कैसे हासिल करेंगे? अगर वे फिर से अपनी उस पूंजी को, उस साख को वापस हासिल कर लेते हैं और बिहार में डटे रहते हैं तो निश्चित रूप से कामयाब होंगे। इसके लिए वे क्या करेंगे, यह उनको शा?द ही कोई समझा सकता है। वे खुद समझदार हैं और राजनीति व चुनाव की बारीकियों को बखूबी जानते हैं। वे देश के राजनीतिक इतिहास से भी परिचित हैं। इसलिए उनको पता है कि बिहार में 1995 के विधानसभा चुनाव में बहुत खराब प्रदर्शन करने के बाद नीतीश कुमार ने कैसी राजनीति की थी। उनको यह भी पता है कि 1984 में बसपा बनाने वाले कांशीराम ने 1989 के विधानसभा और लोकसभा चुनाव में बहुत खराब प्रदर्शन करने के बाद क्या किया था। 1995 में नीतीश कुमार की पार्टी को 324 में से सिर्फ पांच सीटें मिली थीं। इसी तरह 1989 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में बसपा को 425 में सिर्फ 13 सीट मिली थी, जो अगले चुनाव यानी 1991 में घट कर 12 हो गई लेकिन उसके दो साल बाद 1993 के मध्यावधि चुनाव में सपा से तालमेल करके बसपा ने 67 सीटें जीतीं और उसी विधानसभा में 1995 में मायावती पहली बार 137 दिन के लिए मुख्यमंत्री बनीं। सो, प्रशांत किशोर के लिए राजनीति का रास्ता साफ है। उनके सामने नीतीश कुमार और कांशीराम दोनों का मॉडल है। नीतीश कुमार की समता पार्टी ने 1995 की हार के बाद भाजपा के साथ तालमेल किया और लालू प्रसाद को सत्ता से हटाने के लिए राजनीति की, जिसमें निर्णायक कामयाबी 2005 के अक्टूबर में मिली। यानी पार्टी बनाने के 10 साल बाद। इसी तरह कांशीराम ने बहुजन की सत्ता स्थापित करने के लिए 1984 में बसपा बना कर राजनीति शुरू की तो 11 साल बाद 1995 के जून में मायावती को मुख्यमंत्री बनाने में कामयाब हुए। इसके लिए उनको समाजवादी पार्टी से तालमेल करना पड़ा।

उनका सूत्र वाक्य था पहला चुनाव हारने के लिए, दूसरा चुनाव हराने के लिए और तीसरा जीतने के लिए। तीसरे चुनाव में उनको जीत मिली थी हालांकि वह निर्णायक नहीं थी। निर्णायक जीत मिली 2007 में जब बसपा ने अकेले दम पर उत्तर प्रदेश विधानसभा में बहुमत हासिल किया। सो, जाहिर है कि राजनीति में निरंतरता और समान या असमान विचार वाले दलों के साथ गठबंधन सबसे महत्वपूर्ण है।

# ब्लू इकोनॉमी की ओर बढ़ता भारत



राजेश पाठक

संसद के बजट सत्र 2026 के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अभिभाषण देते हुए कई अहम बातों को सामने रखा। इसी दौरान उन्होंने ब्लू इकोनॉमी का भी जिक्र किया? उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक देश बन गया है, जो ब्लू इकोनॉमी में देश की सफलता को दिखाता है।

**क्या है ब्लू इकोनॉमी**

ब्लू इकोनॉमी यानी नीली अर्थव्यवस्था एक नई तरह की आर्थिक सोच है जो समुद्र और महासागरों से जुड़ी है। यह वह तरीका है जिसमें समुद्र के संसाधनों का सही और बेहतर इस्तेमाल करके देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया जाता है वो भी बिना पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए। आसान शब्दों में आपको बताएं तो ब्लू इकोनॉमी मतलब समुद्र में जो चीजें हैं जैसे मछली पालन मत्स्य उत्पादन तेल गैस खनिज समुद्री खाद्य पदार्थ नवीकरणीय ऊर्जा जैसे ऑफशोर विंड एनर्जी या वेव एनर्जी और समुद्री पर्यटन इन सबका सही ढंग से इस्तेमाल करना।

ब्लू इकोनॉमी की अवधारणा का पहली बार 1994 में यूनाइटेड नेशन्स यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर गुंटर पाउली ने उल्लेख किया था। विश्व बैंक के अनुसार, ये समुद्री इकोसिस्टम को बचाते हुए आर्थिक विकास और लोगों की बेहतर कमाई का रास्ता है। भारत में ये बहुत अहम है क्योंकि हमारी 7500 किलोमीटर से ज्यादा लंबी तटरेखा है और नौ तटीय राज्य तथा कई केंद्र शासित प्रदेश समुद्र से जुड़े हैं। भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और नीति आयोग जैसी जगहों पर ब्लू इकोनॉमी को लेकर नीतियां बन रही हैं। इसमें मछली पालन को बढ़ावा देना गहरे समुद्र में मत्स्य पालन का विकास करना समुद्री जैव विविधता बचाना तटीय इलाकों में लोगों की रोजगार बढ़ाना और समुद्री संसाधनों से निर्यात बढ़ाना शामिल है।

ब्लू इकोनॉमी की दिशा में बजट की एक और महत्त्वपूर्ण घोषणा अगले पांच वर्षों में देश में 20 नए राष्ट्रीय जलमार्ग को चालू करने का लक्ष्य रखा जाना है। इसके जरिये आंतरिक जल परिवहन को मजबूत किया जाएगा। इससे जहां पारंपरिक सड़क-रेल मार्गों पर दबाव कम होगा, वहीं माल की ढुलाई की लागत भी कमी आएगी। मिसाल के तौर पर ट्रकों के जरिये 1 टन माल को सड़क से 1 किलोमीटर ढोने में 2.5-3.0 का खर्च आता है। रेल से ढुलाई होने पर यही खर्च 1.5-2.0 तक का होता है, जबकि जलमार्ग से लॉजिस्टिक खर्च घटकर 1 प्रति किलोमीटर से भी कम हो सकता है।

इसके साथ ही माल ढुलाई के डीजल से चलने वाले ट्रकों पर निर्भरता कम होने से पर्यावरण का भी संरक्षण होगा। क्योंकि इससे जीवाष्म ईंधन की खपत घटेगी और प्रदूषण कम होगा। एक अनुमान के मुताबिक, अगर माल ढुलाई का सिर्फ 10% हिस्सा भी जलमार्गों पर शिफ्ट होता है, तोहर साल 50 लाख टन उडन उत्सर्जन कम हो सकता है। लॉजिस्टिक के लिए रोड ट्रांसपोर्ट की जगह वाटर ट्रांसपोर्ट से 60-70% कम कार्बन उत्सर्जन होगा। गौरतलब है कि भारत में लॉजिस्टिक्स लागत सकल घरेलू उत्पाद का करीब 14% है, जबकि विकसित देशों में यह 8-9% के आसपास है। इसके अलावा 20 नए राष्ट्रीय जलमार्गों का विकास होने से छोटे जहाजों और नौकाओं के संचालन में बढ़ोतरी होने से लोगों को इनमें रोजगार मिलेगा। साथ ही नदी किनारे पोर्ट, गोदाम के विकास से वाटर सेक्टर में रोजगार में भारी बढ़ोतरी यानी बड़ी संख्या में ग्रीन जॉब्स पैदा होने की उम्मीद भी है। साथ ही आंतरिक जल मार्गों के विकास के लिए नदियों से गाद हटाने उन्हें चौड़ा किए जाने और अवैध बालू उत्खन रुकने की भी उम्मीद है। इससे गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र, सिंधु और नर्मदा समेत देश की कई बड़ी नदियों की दशा में भी सुधार आने की संभावना है। जलमार्गों को लेकर सरकार की योजना में यह बातें भी शामिल हैं-

इनलैंड जलमार्गों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कोस्टल कार्गो प्रमोशन स्कीम को लागू किया जाएगा, जिसका उद्देश्य जल परिवहन का हिस्सा 2047 तक 12% तक बढ़ाना है, जो आज अनुमानित रूप से 6% है।

इसके अलावा वाराणसी और पटना जैसे केंद्रों में शिप रीपेयर इकोसिस्टम विकसित करने का प्रस्ताव रखा गया है। कुल मिलाकर, विश्लेषकों के अनुसार इनलैंड वाटर वेज के विस्तार से भारत की ब्लू इकोनॉमी को व्यापक लाभ मिल सकता है, चाहे वह लॉजिस्टिक लागत हो, रोजगार हो या जल-आधारित आर्थिक गतिविधियों का विस्तार।

**विभिन्न चुनौतियां**

इतना कुछ होने पर भी ब्लू इकोनोमी एवं इससे जुड़ी विभिन्न चुनौतियां अभी मुंह बाये खड़ी हैं। समुद्र में मछली पकड़ने के क्रम में मछुआरे अक्सर देशीय समुद्री सीमा पार कर अन्य देशों की सीमा में प्रवेश कर जाते हैं। परिणामस्वरूप अन्य देशों के तटरक्षकों द्वारा उन्हें बंदी बनाकर कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू हो जाती है।साथ ही उनके बोटों आदि को भी नष्ट कर दिया जाता है जिससे उन्हें बड़ी आर्थिक क्षति पहुंचती है। कानूनी प्रक्रिया भी लंबी चलने के कारण उनपर निर्भर परिवार असहाय महसूस करने लग जाता है। मुख्यरूप से मछुआरों की यह समस्या बांग्लादेश, श्रीलंका व पाकिस्तान के साथ जुड़ा है जिनके साथ हमारी समुद्री सीमा जुड़ी है।आज भी सैकड़ों मछुआरे पाकिस्तान के जेलों में बंद पड़े हैं कुछ तो जेल में ही मौत के शिकार हो गए हैं। यद्यपि भारत सरकार इन सब लेकर गंभीर रहती है एवं उसके द्वारा आवश्यक होने पर राजनयिक स्तर पर भी वार्ताएं होती हैं परंतु दो देशों के बीच अगर राजनयिक संबंध मित्रवत नहीं है तो समस्याएं कभी - कभी विकराल रूप ले लेने की स्थिति में आ जाती हैं।गैर कानूनी फिशिंग करते पकड़े गए मछुआरे अन्य देशों की न्यायिक प्रक्रिया की पेचीदगियों में भी उलझ कर रह जाते हैं।जमानत की राशि भी कभी - कभी करोड़ों में मांगी जाती है जिसे देना उनके लिए कठिनहोता है। मत्स्य उद्योग में संलग्न लोगों को आयकर से भी छूट नहीं दी गई है।इस उद्योग से प्राप्त आय को कृषि आय की श्रेणी में नहीं रखा जाता है फलतः एक मछुआरे को वर्ष में अच्छी खासी रकम को आयकर के रूप में व्यय करना पड़ जाता है।यह और बात है कि मत्स्य उद्योग में संलग्न कुछ मछुआरों के जाल में कभी- कभी दुर्लभ व मंहगी बिकने वाली मछलियां भी फंस जाती हैं जिनकी बिक्री से उन्हें लाखों -करोड़ों की आमदनी हो जाती है।

अभी हाल के दिनों में पालघर(महाराष्ट्र) के चंद्रकांत तरे ने 157 घोल फिश पकड़ कर 1.33 करोड़ रुपए की आमदनी की है।इस किस्म की मछली की राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मांग ज्यादा है कारण कि इसका चिकित्सा क्षेत्र में वृहद उपयोग किया जाता है।मानव त्वचा को रिंकल फ्री करने में भी इसका प्रयोग होने लगा है। इतना ही नहीं इसके ब्लाडर वाईन इंडस्ट्री के लिए भी उपयोगी हैं।

एक और पहलू भी इस संदर्भ में चिंता का कारण बना हुआ है कि मिकेनाइज्ड बोटिंग में प्रयुक्त होने वाले डीजल से समुद्र में पर्यावरणीय संकट भी पैदा होने लगे हैं। मछलियों सहित अन्य जलीय जीवों पर प्रदूषणकारी प्रभाव भी बढ़ने लगा है।आज इस दिवस पर सरकार और मत्स्य उद्योग संगठनों द्वारा आपसी समन्वय व वांछित उपायों पर भी गंभीर विमर्श किया जाना चाहिए।

जहां तक अंतर्देशीय मछली पालन व उत्पादन का प्रश्न है तो इस क्षेत्र में भी कुछ बुनियादी चुनौतियां हैं।इस उद्योग के क्षेत्र विस्तार में यथा तालाबों आदि के निर्माण में वास्तविक लक्ष्य प्राप्ति एक बड़ी चुनौती है। सरकार द्वारा विभिन्न राज्यों में चलाए जा रहे मनरेगा अंतर्गत जिन तालाबों का निर्माण इस उद्योग के विस्तार हेतु किए गए हैं उनकी सजीवता संशय पूर्ण रही है। तालाब कागजों पर ही नहीं बल्कि धरातल पर भी दिखने चाहिए। उनके रखरखाव व जीर्णोद्धार की समुन्नत व परिणामदाई पद्धति विकसित की जानी होगी।

# अप्रकाशित किताब, बड़े दावे और खाली हाथ राहुल गांधी

2 फरवरी 2026 का दिन भारतीय संसदीय इतिहास में एक और तीखे और दुर्भाग्यपूर्ण टकराव के रूप में दर्ज हो गया। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की बहस, जो सामान्यतः सरकार की नीतियों पर गंभीर और मर्यादित विमर्श का अवसर होती है, उस दिन राहुल गांधी की आक्रामक राजनीति और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की तथ्यपरक दृढ़ता की भेंट चढ़ गई। लोकसभा का वातावरण अचानक उग्र हो उठा, तर्कों की जगह शोर ने ले ली और संसद की गरिमा एक बार फिर कठघरे में खड़ी दिखाई दी। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने चीन, डोकलाम और गलवान



प्रो. आरके जैन अरिजीत

का मुद्दा उठाकर सरकार को घेरने की कोशिश की, लेकिन उनका तरीका, उनका स्रोत और उनकी प्रस्तुति ही उनकी सबसे बड़ी कमजोरी बनकर सामने आ गई। राहुल गांधी ने अपने भाषण में पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे की कथित अप्रकाशित किताब फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी का हवाला देते हुए यह सनसनीखेज दावा कर दिया कि चार चीनी टैंक भारतीय सीमा में घुसे थे और डोकलाम की एक रणनीतिक रिज पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने इसे सीधे-सीधे मोदी सरकार की विफलता करार दिया और चुनौती भरे लहजे में सवाल उछाला कि सरकार ह्लसच से डर क्यों रही है? पहली नजर में यह आरोप चौंकाने वाला था, लेकिन जैसे ही उसके स्रोत की सच्चाई सामने आई, पूरा तर्क खोखला और आधारहीन नजर आने लगा। संसद कोई मंच नहीं है, जहां अप्रमाणित और अप्रकाशित स्रोतों के सहारे गंभीर आरोप उछाल दिए जाएं। यहीं से राहुल गांधी की राजनीतिक रणनीति पर गंभीर सवाल खड़े होने लगे। संसद के नियम 349 के तहत किसी भी अप्रकाशित, असत्यापित या अप्रमाणिक स्रोत से उद्धरण देना सख्त रूप से निषिद्ध है।

जनरल नरवणे की किताब न तो प्रकाशित हुई थी और न ही उसे किसी आधिकारिक प्रक्रिया के तहत संसद के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। इसके बावजूद राहुल गांधी ने कारवां मैगजीन के एक लेख को आधार बनाकर पूरे सदन को गुमराह करने का प्रयास किया। यह केवल संसदीय नियमों का उल्लंघन नहीं था, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे अत्यंत संवेदनशील विषय पर घोर गैर-जिम्मेदाराना रवैये का भी परिचायक था।

# सामाजिक-चिंतन: दिव्यांग-जनों को उत्तरोत्तर अवसर दिए जाने की प्रतीक्षा



संजीव ठाकुर

भारत में दिव्यांगता केवल एक सामाजिक समस्या नहीं, बल्कि राष्ट्रीय विकास की एक महत्वपूर्ण वास्तविकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्व स्तर पर लगभग हर छह में से एक व्यक्ति किसी न किसी प्रकार की दिव्यांगता के साथ जीवन यापन कर रहा है। विश्व में ऐसे लोग एक अरब से अधिक है। यही नहीं, संयुक्त राष्ट्र भी मानता हैं कि दुनिया भर में दिव्यांगजन की जनसंख्या इतनी बड़ी है कि सामाजिक समावेशन और सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता मिले तभी विश्व की प्रगति पूर्ण हो सकती है। भारत की स्थिति पर ध्यान दें तो 2011 की आधिकारिक जनगणना के अनुसार देश में लगभग 2.68 करोड़ व्यक्ति दिव्यांगता के अंतर्गत आते हैं, जो कुल जनसंख्या का लगभग 2.21% हिस्सा है। परंतु मध्य सर्वेक्षण और स्वास्थ्य समीक्षाएं संकेत देती हैं कि वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक हो सकती है और कुछ सर्वे के मुताबिक यह लगभग 4% से अधिक अनुमानित है, क्योंकि परंपरागत डेटा इकठ्ठा करने के तरीकों में कई लोग दर्ज नहीं होते। भारत जैसे विविध और बड़े देश में यह संख्या केवल एक आंकड़ा नहीं है, यह हर वर्ग, क्षेत्र और सामाजिक स्तर पर फैली एक चुनौती और अवसर दोनों है।

दिव्यांगता का मतलब है किसी व्यक्ति के शारीरिक या मानसिक क्षमता में दीर्घकालिक कमी, जो उसके दैनिक जीवन और सामाजिक सहभागिता को बाधित करती है। यह शारीरिक अक्षमता, दृष्टिहीनता, श्रवणक्षमता, भाषण से जुड़ी असमर्थता, मानसिक विकलांगता, बहु दिव्यांगता आदि कई रूपों में हो सकती है। यह सीमा केवल चिंतन के आयामों तक सिमित नहीं है, बल्कि सामाजिक ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आत्मनिर्भरता जैसे सबसे बुनियादी मूल्यों को प्रभावित करती है। भारत सरकार ने इस संवेदनशील विषय पर कई ऐतिहासिक निर्णय और सुधार किए हैं। 1995 में विकलांग व्यक्ति अधिकार अधिनियम पारित हुआ और 1996 में लागू कर दिया गया, जो दिव्यांगजन के लिए शिक्षा, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और आरक्षण जैसे प्रावधानों को शामिल करता है। यह कानून समाज की जिम्मेदारियों को स्पष्ट करता है और दिव्यांगता को एक अधिकार-आधारित दृष्टिकोण से परिभाषित करता है, जहां दिव्यांगजन को समान अवसर और सम्मान मिले। इसके उपरांत 1999 में राष्ट्रीय स्थायी न्यास बनाया गया ताकि दिव्यांगजन की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान के लिए एक औपचारिक मंच हो। 2012 में केंद्र सरकार ने सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को स्थापित किया, जिसका उद्देश्य दिव्यांगों के लिए अलग से योजनाएँ, नीति और उनके समावेशन को सुनिश्चित करना है।

# शुक्रवार का राशिफल

मेष: मन में जोश रहेगा, मकान बनाने के लिए धन जुड़ेगा, विदेश से भारत आना सम्भव है, पारिवारिक मसले अधिक पेचीदा होंगे,वाहन में पैसा लगेगा। भाग्य प्रतिशत-61

वृषभ: पत्नी के साथ टूर पर जा सकते है, लोगों से मिलने जुलने से आनंद आएगा, माँ के लिए दवा खरीद सकते है, एफडी का लाभ मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-68

मिथुन: पैसा सोच समझकर खर्च करें, उतावलापन ना करे, झूठ ना बोले बना बनाया काम बिगड़ सकता है, धन फिर भी कमा लेंगे। भाग्य प्रतिशत-53

कर्क: प्रेम समबन्ध की चाह बढ़ेगी, विज्ञान के क्षेत्र में है तो अपने ज्ञान को बढ़ाए, रूठे हुए रिश्तेदारों से मिलना मिलाना हो सकता है। भाग्य प्रतिशत-55

सिंह: संतान का करियर प्रगति करेगा, आर्थिक मोर्चे पर ध्यान देने की जरूरत है, किसी धनाढ्य घर में रिश्ता कर रहे है तो प्रभावित ना हो अपना स्तर भी देखे। भाग्य प्रतिशत-56

कन्या: कार्यक्षेत्र में प्रतिष्ठा बढ़ेगी, लोगों को अपनी सफलता बता सकेंगे, जीवन में सुख भी बढ़ेगा, छोटे भी है तो बढ़े की तरह फर्ज निभाएंगे। भाग्य प्रतिशत-70

तुला: नौकरी में अस्थाई है तो स्थाई हो सकते है, चांदी, आयुर्वेदिक दवा, औषधि कार्य में अच्छा लाभ होगा, मेटरनीटी होम में मरीज बढ़ेंगे। भाग्य प्रतिशत-78

वृश्चिक: परिवार से कोई मतभेद है तो सुलह होगी,अर्ध सरकारी कार्य से जुड़े है तो काम के साथ एडवान्स पैसा भी मिलेगा, एमबीए करें तो आगे करियर अच्छा रहेगा। भाग्य प्रतिशत-70

धनु: विवाह तय हुआ है तो धन की कमी नहीं होगी, आध्यात्मिक यात्रा सुखद रहेगी, नई विचारधारा के व्यक्ति से जुड़ना होगा समबन्ध मजबूत होंगे। भाग्य प्रतिशत-79

मकर: स्वास्थ्य में सुधार करें, दिनचर्या ठीक करें, विवाह चलने एवं करने में मुश्किल आ सकती है, पब्लिशिंग कार्य चलेगा, मेहनत बढ़ाए। भाग्य प्रतिशत-53

कुंभ: फैशन के क्षेत्र में पढ़ाई का प्लान बनेगा, हड्डी रोग विशेषज्ञ की प्रैक्टिस उत्तम चलेगी, ट्रेजरी, रोग, पाइल्स समस्या का ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-61

मीन: झगडे झंझट में पैसा खर्च हो सकता है, बैंक कार्य में परेशानी सम्भव है, संतान परीक्षा देते समय बीमार पड़ सकती है ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-50



अशनिका शर्मा ज्योतिष।

हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# लोकतंत्र के लिए एक काला अध्याय है पाकिस्तान का 27वां संशोधन



डॉ. प्रियंका सौरभ

संवैधानिक संशोधन लोकतंत्र की आत्मा होते हैं, जो समय के साथ बदलती चुनौतियों का सामना करने के लिए ढांचे को लचीला बनाते हैं। लेकिन जब ये संशोधन सत्ता के संतुलन को बिगाड़ने का हथियार बन जाते हैं, तो वे लोकतंत्र को ही खोखला करने लगते हैं। पाकिस्तान की संसद द्वारा नवंबर 2025 में पारित 27वां संवैधानिक संशोधन ठीक ऐसा ही एक उदाहरण है। यह संशोधन सतह पर संवैधानिक प्रक्रिया का पालन करता प्रतीत होता है, किंतु वास्तव में कार्यपालिका और सेना के हाथों में न्यायपालिका को बंधक बनाने का प्रयास है। इसने न केवल पाकिस्तानी संस्थानों के बीच शक्ति संतुलन को उलट दिया है, बल्कि विधि के शासन को गंभीर खतरे में डाल दिया है। भारत जैसे पड़ोसी देश के लिए यह एक कठोर चेतावनी है, जहां न्यायिक स्वायत्तता लोकतंत्र की रीढ़ बनी हुई है। पाकिस्तान का यह कदम हमें सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हमारी अपनी व्यवस्था ऐसी चुनौतियों के प्रति सजग है।

पाकिस्तान के संवैधानिक इतिहास को देखें तो संशोधन हमेशा से सत्ता संघर्ष का मैदान रहे हैं। 1973 के संविधान के बाद से 26 संशोधन हो चुके हैं, जिनमें से कई तानाशाही शासकों ने अपनी सनक के अनुरूप ढाले। लेकिन 27वां संशोधन एक नया मोड़ लाता है। इसमें संघीय संवैधानिक न्यायालय की स्थापना की गई है, जो संवैधानिक व्याख्या और मौलिक अधिकारों पर विशेष अधिकार क्षेत्र रखेगा। पहले ये जिम्मेदारियां सर्वोच्च न्यायालय के पास थीं। अब सर्वोच्च न्यायालय केवल गैर-संवैधानिक मामलों का अपीलीय निकाय बनकर रह गया है। यह बदलाव न्यायपालिका को उसके मूल कर्तव्य से वंचित करता है—संविधान का संरक्षक बनना। राष्ट्रपति को प्रधानमंत्री की सलाह पर इस नए न्यायालय के जजों की नियुक्ति का अधिकार मिला है, बिना किसी पारदर्शी चयन मानदंड के। इससे राजनीतिक संरक्षण संस्थागत हो जाता है, जहां जजों की नियुक्ति सत्ता की कृपा पर निर्भर हो जाती है। इसके अलावा, संशोधन उच्च न्यायालयों के जजों को उनकी सहमति के बिना प्रांतों के बीच स्थानांतरित करने की अनुमति देता है। अगर कोई जज इनकार करता है, तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई हो सकती है, यहां तक कि निष्कासन तक। यह प्रावधान न्यायाधीशों को कार्यपालिका के आगे झुकने पर मजबूर करता है। सबसे चिंताजनक सैन्य शक्ति का समेकन है। चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज का नया पद सृजित किया गया, जिसे सेना प्रमुख ही संभालेगा। इससे सेना को सभी सशस्त्र सेवाओं पर प्रधानता मिलती है और उसे अभियोजन से आजीवन छूट भी प्रदान की गई है। पाकिस्तान का यह हाइब्रिड शासन मॉडल अब संवैधानिक रूप धारण कर चुका है, जहां सेना सिविल प्रक्रियाओं में हस्तक्षेप का औपचारिक आधार पा गई है। विधेयक को संसद में जल्दबाजी में पारित किया गया, बिना व्यापक बहस या विपक्षी परामर्श के। इससे संसदीय संप्रभुता ही कमजोर हुई है।



इस संशोधन के परिणामस्वरूप न्यायिक संस्थाओं का विखंडन हो गया है। एक समानांतर प्रणाली उभरी है, जिसे कार्यपालिका आसानी से नियंत्रित कर सकती है। जवाबदेही का अभाव स्पष्ट है—राष्ट्रपति और शीर्ष सैन्य अधिकारियों को छूट देकर विधि के समक्ष समानता का सिद्धांत तोड़ा गया। अब एक विशेष वर्ग कानून से परे हो गया है। असहमति को दबाने की प्रवृत्ति भी दिखी। वरिष्ठ जजों जैसे जस्टिस मंसूर अली शाह ने इस्तीफा दे दिया, जो न्याय व्यवस्था में विश्वास की भारी कमी को दशार्ता है। नागरिक अधिकारों की रक्षा करने की क्षमता अब संदिग्ध है। विधि का शासन क्षरण की इस प्रक्रिया ने पाकिस्तान को एक ऐसे बिंदु पर ला खड़ा किया है, जहां लोकतंत्र केवल नाम का रह गया है। सैन्य हस्तक्षेप अब संवैधानिक वैधता के आवरण में हो रहा है।

भारत इस घटना से गहरी सीख ले सकता है। हमारा संविधान शक्तियों के पृथक्करण पर आधारित है, और न्यायपालिका ने इसे बार-बार मजबूती दी है। केशवानंद भारती मामले में प्रतिपादित मूल ढांचा सिद्धांत संवैधानिक संशोधनों के विरुद्ध सबसे बड़ी ढाल है। यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी संशोधन न्यायिक समीक्षा या शक्तियों के विभाजन को कमजोर न करे। पाकिस्तान का अनुभव बताता है कि कार्यपालिका के नेतृत्व वाली नियुक्तियों से बचना चाहिए। हमारी कॉलेजियम प्रणाली भले आलोचित हो, लेकिन यह बेंच को राजनीतिक आधिपत्य से बचाती है। जजों के तबादलों को पारदर्शी और प्रशासनिक आवश्यकता पर आधारित रखना जरूरी है, न कि दंडात्मक मंशा से प्रेरित। समानांतर न्यायालयों के निर्माण का कोई प्रस्ताव हो तो उसकी कठोर जांच होनी चाहिए, ताकि वे कार्यपालिका के हितैषी न बनें।

भारतीय बार और बेंच को एकजुट रहना चाहिए। विभाजित न्यायपालिका विधायी अतिक्रमण के प्रति कमजोर पड़ती है। संसदीय बहसों को मजबूत बनाना होगा, ताकि संशोधन जल्दबाजी में न पास हों। नागरिक समाज की भूमिका भी महत्वपूर्ण है—सार्वजनिक विमर्श से सत्ता के दुरुपयोग को रोका जा सकता है। भारत ने अब तक 106 संशोधन झेले हैं, लेकिन मूल ढांचा अटल रहा। फिर भी, सजगता जरूरी है। राजनीतिक अस्थिरता या बहुमत की निरंकुशता में संशोधन सत्ता केंद्रीकरण का हथियार बन सकते हैं।

न्यायिक स्वायत्तता केवल कानूनी प्रावधान नहीं, बल्कि निरंतर संघर्ष है। पाकिस्तान का 27वां संशोधन एक लोकतांत्रिक दुविधा है—जहां विधिक प्रक्रियाओं का उपयोग लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने के लिए हो रहा है। भारत को इस अनुभव से सतर्क होकर अपनी संस्थाओं को और मजबूत करना चाहिए। न्यायपालिका मनमानी सत्ता पर अंकुश बनी रहे, तभी गणराज्य की पवित्रता सुरक्षित रहेगी। समय है कि हम पाकिस्तान की गलतियों से बचें और लोकतंत्र को सशक्त बनाएं।

# ट्रक-डंपर की टक्कर से कानपुर सागर हाइवे पर 20 किलोमीटर तक रहा 6 घंटे जाम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** यहां आज गुरुवार की सुबह बिधनू में आगे चल रहे ट्रक में पीछे से डंपर जा घुसा। हादसे के बाद कानपुर-सागर हाईवे पर जाम लगना शुरू हो गया। बिधनू पुलिस और एनएचआई ने क्षतिग्रस्त वाहन को हाइवे से किनारे नहीं कराया। इसके चलते लगभग 6 घंटे तक हाइवे पर जाम लगा रहा।

इसकी सूचना मिलते ही घाटमपुर एसीपी मौके पर पहुंचे उन्होंने पुलिस बल के साथ क्षतिग्रस्त वाहन को किनारे करवा कर हाईवे पर यातायात बहाल कराया है। इस दौरान लगभग 20 किलोमीटर तक जाम के हालात बने रहे। जानकारी के मुताबिक आज गुरुवार सुबह करीब 4 बजे बिधनू थाना क्षेत्र के रिंद नदी पुल के पास आगे चल रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दी। इससे अनियंत्रित डंपर ट्रक में पीछे से जा घुसा। हादसे में डंपर चालक पतरेठा निवासी बब्लू और क्लीनर घनश्याम घायल हो गया।

राहगीरों की सूचना पर पहुंची बिधनू पुलिस ने हाइवे पर खड़े क्षतिग्रस्त वाहन को किनारे नहीं करवाया। पुलिस की इसी लापरवाही के चलते जाम के हालात बनते चले गए। हाइवे पर गाड़ियों की लाइन लग गई। लगभग छह घंटे तक जाम लगा रहा। जब क्षतिग्रस्त वाहन को किनारे करवाया गया। जिसके बाद ही हाइवे पर यातयात बहाल हो सका। इस दौरान लगभग 20 किलो मीटर लंबा जाम लगने से राहगीर बहुत परेशान भी रहे।

# प्रभारी महिला सैल/परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा काउंसलिंग करने के परिणामस्वरूप 03 दम्पति को मिलाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**बुलंदशहर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वैवाहिक विवादों का त्वरित निस्तारण करने हेतु महिला सैल/परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा प्रयास किया जा रहा है जिसके क्रम में पति-पत्नी के परिवारिक विवाद सम्बन्धी मामले में दोनों पक्ष के लोग उपस्थित आये। महिला सैल/परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा काउंसलिंग करने के परिणामस्वरूप दोनों पक्षों की समस्याओं को सुनते हुए 03 प्रार्थना पत्र में दोनों पक्षों द्वारा आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा आपस में एक- दूसरे को विश्वास दिलाया गया कि हम दोनों नवजीवन की नई शुरूआत करते हुए हंसी-खुशी अपना जीवन यापन करेगें। प्रभारी महिला सैल/काउंसलरों द्वारा दंपति को नवजीवन की शुरूआत की शुभकामनाएं देते हुए समझाया गया कि बीती बातों को लेकर विवाद नही करेंगे और आपस में प्यार से रहेगें।

# 3 फरवरी से सरधना में होगा ऐतिहासिक पंच कल्याणक महोत्सव का भव्य आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी)।** परम पूज्य आचार्य भगवंत 108 श्री भारत भूषण जी महाराज साहिब के सानिध्य में 1008 श्री पार्श्वनाथ चौबीसी दिगम्बर जैन मंदिर में श्री मज्ज जिनेन्द्र पंच कल्याणक महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

इस संबंध में आचार्य श्री ने प्रेस वार्ता कर कार्यक्रम की जानकारी दी।आचार्य श्री ने बताया कि पंच कल्याणक महोत्सव भगवान को परमात्मा के रूप में प्रतिष्ठित करने का अत्यंत पावन आयोजन है, जिसमें श्रेष्ठ विद्वानों और पुण्यशाली जीवात्माओं का सानिध्य प्राप्त होता है। यह विशाल महोत्सव आगामी 23 फरवरी से 1 मार्च तक रामलीला मैदान, सरधना में आयोजित होगा।

**सरधना में निकलेगी भव्य रथयात्रा, हजारों श्रद्धालु होंगे शामिल**

महोत्सव के दौरान प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठान होंगे। 25 फरवरी को भगवान के जन्म कल्याणक के अवसर पर पूरे सरधना नगर में भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी, जिसमें हजारों की संख्या में श्रीसंघ के श्रद्धालु शामिल होंगे। 26 फरवरी को जुलूस निकाला जाएगा तथा 1 मार्च को भगवान की प्रतिष्ठा जैन मंदिर में संपन्न होगी। प्रतिदिन रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, जिनमें देशभर से प्रसिद्ध विद्वान एवं कलाकार भाग लेंगे।

आचार्य श्री ने समस्त नगरवासियों एवं आसपास के क्षेत्रों के लोगों से इस पावन अवसर का लाभ उठाने और कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। इस मौके पर उपस्थित पत्रकार बंधुओं को आचार्य श्री ने आशीर्वाद प्रदान किया तथा सकल जैन समाज सरधना की ओर से सभी को सादर आमंत्रित किया गया।


इस दौरान प्रेस वार्ता में सागर जैन,पंकज कालका, अरिहंत जैन, आलोक जैन, लोकेश जैन, अक्षत जैन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) ने जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर को ज्ञापन सौंपा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) ने गौतमबुद्ध नगर

**सरकारी योजनाओं के नाम पर अवैध धन की मांग की शिकायत लेकर पहुंचे डीएम कार्यालय गाजियाबाद किसानों को धमकाने के लगा आरोप**




जनपद में किसानों की समस्याओं को लेकर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किया है। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि संबंधित क्षेत्र में तैनात कृषि विभाग के अधिकारी द्वारा किसानों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है। किसानों का आरोप है कि सरकारी योजनाओं का लाभ देने के नाम पर उनसे अवैध धन की मांग की जा रही है। शिकायत करने पर किसानों को धमकाया जाता है, जिससे उनमें भय का माहौल बना हुआ है। बार-बार शिकायत करने के बावजूद अब तक किसी प्रकार की प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) ने जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समस्या का समाधान नहीं किया गया तो किसान आंदोलन के लिए विवश होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। संगठन के काफी लोग मौके पर मौजूद रहे और प्रशासन चेतावनी दी अगर जल्दी ही इस पर रोक नहीं लगी तो वह धरना प्रदर्शन करेंगे'।

# यूपी गेट बॉर्डर पर हाईटेक ट्रैफिक बूथ की शुरूआत हुई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** अब दिल्ली-यूपी बॉर्डर पर ट्रैफिक जाम और अपराध दोनों पर रहेगा सख़्त पहरा. ! गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस

**गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड ने फीता काटकर हाईटेक ट्रैफिक बूथ का किया शुभारंभ**



ने गाजीपुर बॉर्डर पर हाईटेक ट्रैफिक बूथ की शुरूआत कर दी है, जो कि 24 घंटे ट्रैफिक और अपराधियों दोनों पर रखेगा पैनी नजर.। दिल्ली से सटे बॉर्डर पर सुबह-शाम लगने वाला लंबे जाम से अब लोगों को मिलेगी निजात..!क्योंकि इस हाईटेक बूथ को सीधे मॉनिटरिंग रूम से कंट्रोल किया जाएगा। हाई-रिजॉल्यूशन कैमर सौर ऊर्जा से चलने वाली आधुनिक तकनीक वहीं इस ट्रैफिक बूथ पर डिजिटल लॉकिंग सिस्टम का इस्तेमाल भी किया गया है, जिसका पासवर्ड सिर्फ ट्रैफिक पुलिस के पास होगा गाजियाबाद कमिश्नरेट एडिशनल सीपी (DIG)आलोक प्रियदर्शी का कहना है कि जिले के कई संवेदनशील इलाकों को चिन्हित कर लिया गया है, और आने वाले समय में ऐसे कई और हाईटेक ट्रैफिक बूथ बनाए जाएंगे।

# 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को मोबाइल आधारित होमवर्क देने पर प्रतिबंध लगाने की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अलीगढ़ में चिकित्सकों ने नोएडा-गाजियाबाद में मोबाइल गेम के चलते तीन सगी बहनों के सुसाइड की झकझोर देने वाली घटना के बाद मोबाइल पर रोक लगाने की मांग की है।

इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स ने बच्चों में बढ़ती मोबाइल की लत को श्मेंटल हेल्थ इमरजेंसीश करार दिया है। संस्था की केंद्रीय इकाई ने केंद्र सरकार को सिफारिश भेजी है कि स्कूलों में मोबाइल के जरिए होमवर्क देने के सिस्टम पर तुरंत लगाम लगाई जाए। अध्यक्ष डॉ. प्रदीप बंसल ने कहा कि 14 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए मोबाइल मानसिक स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा है। 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को मोबाइल आधारित होमवर्क देने पर प्रतिबंध लगना चाहिए। घरों में भी अभिभावक बच्चों के स्क्रीन टाइम को कड़ाई से मॉनिटर करें। वहीं, बच्चों को डिजिटल दुनिया से निकालकर खेल-कूद और सामाजिक गतिविधियों से जोड़ने पर जोर देना जरूरी है। बैठक में मौजूद चिकित्सकों ने कहा कि मोबाइल से होने वाले नुकसानों के प्रति अभिभावकों को जागरूक किया जाएगा। इस अभियान में वॉलंटियर को भी शामिल किया जाएगा, जिससे स्कूलों में जाकर भी डिजिटल होमवर्क पर रोक लगाने के प्रति जागरूक करेंगे।

उन्होंने कहा कि मोबाइल पर होमवर्क कोरोना जैसी महामारी में एक विकल्प के रूप में इस्तेमाल किया गया था। इसे नियमित करना बच्चों के लिहाज से कतई सही नहीं है।

# सरकारी अस्पतालों में मरीजों को मिलेगा पूरा इलाज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** जिले में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक पारदर्शी, भरोसेमंद एवं मरीज-हितैषी बनाने की दिशा में जिलाधिकारी संजीव रंजन ने एक अहम कदम उठाया है। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नीरज त्यागी सहित नगर में स्थित तीनों चिकित्सालयों के मुख्य चिकित्सा अधीक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी सरकारी अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा बाहर की दवाइयाँ न लिखी जाएँ।

जिलाधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष द्वारा इस संबंध में पहले ही स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। शासन की मंशा साफ है कि सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए आने वाले प्रत्येक मरीज को आवश्यक दवाइयाँ अस्पताल से ही निःशुल्क और समय पर उपलब्ध कराई जाएँ। यदि किसी स्तर पर निर्देशों की अवहेलना पाई जाती है तो तत्काल रोक लगाते हुए नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी के इस सख्त लेकिन जनहितैषी रुख से सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने वाले मरीजों को सीधा लाभ मिलेगा और स्वास्थ्य व्यवस्था पर आम जनता का विश्वास और मजबूत होगा।

# जल निगम ने नगर में पाइप लाइन बिछाने को खोद डाली सडकें, कावड़ यात्रा से पहले ठीक कराने की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**शिकारपुर।** नगर में करीब एक पखवाड़े पूर्व पाइप लाइन बिछाने के लिए जल निगम ने खोद डाली थी नगर की सड़कें, उसके बाद पाइप लाइन डाली गई थी लेकिन जल निगम के लापरवाह जिम्मेदार अधिकारी में ठेकेदार की मनमानी के चलते हुए समय से गड्ढों को क्यों नहीं भरवारा गया। इससे नागरिकों को परेशानी हो रही है और सड़कों पर चलने में कठिनाई हो रही है। वीरवार को भी गड्ढे में एक थ्री व्हीलर फस गया।

एक नजर इधर भी यह हाल है मोहल्ला पेंठ से लेकर मोती चौक चौराहा तक जबकि केवल एक हफ्ते बाद कांवड़ यात्रा शुरू होने वाली है और यह मुख्य कांवर मार्ग है । बता दें कि नगर का मुख्य मार्ग है, जो जहांगीराबाद चुंगी पर मिलता है। बुधवार को समाजसेवी पंकज सिंघल (डब्बू) व वीरेंद्र गर्ग नगर पालिका परिषद शिकारपुर अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह से मिले उन्होंने बताया कि उपरोक्त सड़क से कावड़िया निकलते हैं। जल निगम के अधिकारियों से कहकर तीन दिन में काम करवाने का आश्वासन दिया है।

# महावीर विश्वविद्यालय में विश्व कैंसर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम और निःशुल्क आयुर्वेदिक शिविर

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** विश्व कैंसर दिवस के मौके पर महावीर विश्वविद्यालय के आयुर्वेद विभाग द्वारा कैंसर जागरूकता कार्यक्रम और निःशुल्क आयुर्वेदिक परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक करना, समय पर जांच की अहमियत बताना और कैंसर की रोकथाम में आयुर्वेद की भूमिका को समझाना रहा। आयुर्वेद संकाय के कायचिकित्सा विभाग की ओर से आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। विभाग के चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर उन्हें निःशुल्क आयुर्वेदिक परामर्श दिया। साथ ही सही खानपान, दिनचर्या और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह भी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों ने कैंसर के कारण, शुरूआती लक्षण और बचाव के उपायों की जानकारी दी।

उन्होंने आयुर्वेद में बताए गए अर्बुद और ग्रंथि रोगों के बारे में भी लोगों को समझाया। इसके अलावा तनाव से बचने, संतुलित आहार लेने और नियमित दिनचर्या अपनाने पर जोर दिया गया।इस मौके पर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने भी जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में यह संदेश दिया गया कि कैंसर से बचाव के लिए जागरूकता और समय पर पहचान बेहद जरूरी है और आयुर्वेद इसमें प्रभावी भूमिका निभा सकता है।

# मण्डलायुक्त के हस्तक्षेप से टूटा बजट का ताला, बच्चों की हार्ट सर्जरी का रास्ता हुआ साफ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**87 लाख की धनराशि आवंटित, जेएन मेडिकल कॉलेज में फिर शुरू हुई सर्जरी**

**अलीगढ़।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के लिए बड़ी राहत की खबर है। कुछ समय से बजट के अभाव में रुकी पड़ी बच्चों की हार्ट सर्जरी अब जल्द शुरू होने जा रही है। मण्डलायुक्त संगीता सिंह के प्रभावी हस्तक्षेप से 87 लाख रुपये की धनराशि आवंटित कर दी गई है, जिससे बच्चों के जीवन को नया संबल मिलेगा।



अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जेएन मेडिकल कॉलेज स्थित इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी सेंटर में आरबीएसके योजना के तहत गरीब एवं कमजोर वर्ग के बच्चों की निःशुल्क हार्ट सर्जरी की जाती है। कुछ समय से बजट न मिलने के कारण दिल में छेद, हार्ट सर्जरी और स्टेंट डालने जैसे महत्वपूर्ण ऑपरेशन ठप हो गए थे, जिससे सैकड़ों बच्चे प्रतीक्षा सूची में फंसे थे। मामला संज्ञान में आते ही मण्डलायुक्त संगीता सिंह ने एनएचएम के मिशन निदेशक को पत्र लिखकर रैफरल सपोर्ट फॉर सेकेंडरी-टर्शियरी केयर मद के अंतर्गत तत्काल बजट जारी करने का अनुरोध किया। उनके प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आया और 87 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत कर दी गई।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नीरज त्यागी ने बताया कि बजट आवंटन के बाद जेएन मेडिकल कॉलेज में बच्चों की हृदय सर्जरी का कार्य दोबारा शुरू कर दिया गया है। प्राथमिकता के आधार पर पहले से चिह्नित बच्चों को बुलाया जा रहा है, ताकि किसी भी बच्चे की जान जोखिम में न पड़े।

**2500 से अधिक बच्चों को मिल चुका है नया जीवन**

आरबीएसके के नोडल अधिकारी ने बताया कि जेएन मेडिकल कॉलेज में अब तक 2500 से अधिक बच्चों की सफल हार्ट सर्जरी की जा चुकी है। यह केंद्र दिल में छेद, स्टेंटिंग और कटे होंठ व तालू के ऑपरेशन के लिए प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। आरबीएसके योजना के तहत प्रदेश में अलीगढ़ समेत नोएडा पीजीआई और लखनऊ केजीएमयू में तीन प्रमुख केंद्र स्थापित हैं, जहां एक से 18 वर्ष तक के बच्चों को 38 प्रकार की शारीरिक अपंगता एवं गंभीर बीमारियों के लिए निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाता है। मण्डलायुक्त की इस संवेदनशील और त्वरित प्रयास से आम जनमानस का न केवल स्वास्थ्य व्यवस्था पर भरोसा मजबूत हुआ है, बल्कि सैकड़ों परिवारों के चेहरों पर उम्मीद की मुस्कान भी लौटी है।

**आयोजन**

## यूपी में 06 से 13 फरवरी तक चलेगा दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0

# योगी सरकार का दिव्यांगजनों के सेवायोजन के साथ स्व-रोजगार पर भी फोकस,सभी जनपदों में चलेगा एक सप्ताह का विशेष अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो
ममदूद आलम वारसी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार एक और ठोस पहल करने जा रही है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा प्रदेश के सभी जनपदों में 06 से 13 फरवरी 2026 तक दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0 संचालित किया जाएगा। इस विशेष अभियान का उद्देश्य दिव्यांगजनों को सेवायोजन के साथ-साथ स्व-रोजगार के अवसर प्रदान करना है। योगी सरकार की यह पहल दिव्यांगजनों को सम्मानजनक आजीविका, आत्मनिर्भरता और सामाजिक मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक और मजबूत कदम है।

**तीन वर्षों में प्रशिक्षित दिव्यांगजनों को मिलेगा लाभ**

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि अभियान के तहत विगत तीन वर्षों में कौशल



विकास मिशन एवं आईटीआई के माध्यम से प्रशिक्षित ऐसे पात्र एवं इच्छुक दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़ा जाएगा, जो वर्तमान में जनपदों में उपलब्ध हैं। इसके साथ ही जनपद स्तर पर उपलब्ध अन्य इच्छुक दिव्यांगजन भी इस अभियान का लाभ ले सकेंगे।

**औद्योगिक इकाइयों में सेवायोजन पर जोर**

दिव्यांगजन रोजगार अभियान के दौरान जनपदों में संचालित औद्योगिक इकाइयों एवं अन्य अधिष्ठानों में उपलब्ध रिक्तियों के सापेक्ष दिव्यांगजनों का सेवायोजन कराया जाएगा। इसके अलावा एमएसएमई, जिला उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन केंद्र तथा अन्य विभागों की स्व-रोजगार योजनाओं से भी दिव्यांगजनों को जोड़ा जाएगा।

**मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में संचालन**

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि हर जनपद में यह अभियान मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा संचालित किया जाएगा, जिसमें जिला उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन केंद्र, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, जिला रोजगार सहायता अधिकारी और उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के जिला समन्वयक शामिल होंगे। निर्धारित अवधि में राजकीय आईटीआई को केंद्र बनाकर सेवायोजन एवं स्व-रोजगार संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

**रोजगार संगम पोर्टल से भी मिलेगा अवसर**

रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकृत इच्छुक दिव्यांगजनों को भी इस अभियान में सम्मिलित किया जाएगा। जिला रोजगार सहायता अधिकारी के माध्यम से उन्हें उपलब्ध रिक्तियों पर नियोजित कराया जाएगा। निर्देश दिए गए हैं कि अभियान का जनपद स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक दिव्यांगजन इस अवसर का लाभ उठा सकें और रोजगार की मुख्यधारा से जुड़ सकें।

**टॉप-5 जनपदों को मिलेगा सम्मान**

अभियान के सफल क्रियान्वयन पर सर्वाधिक सेवायोजन एवं स्व-रोजगार उपलब्ध कराने वाले प्रदेश के शीर्ष 05 जनपदों के जिलाधिकारियों एवं उनकी टीम को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाएगा। 13 फरवरी 2026 को सायं 5 बजे तक सभी जनपदों से सेवायोजित दिव्यांगजनों की संख्या, नियुक्ति पत्र एवं स्व-रोजगार से जुड़े साक्ष्य मांगे जाएंगे।

# जन मुद्दों को लेकर सत्याग्रह कर रहे कांग्रेस अध्यक्ष अजीत यादव को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**बदायूं ।** दातागंज इलाके के मुढ़ा पुख्ता पुल निर्माण समेत जन मुद्दों को लेकर सत्याग्रह कर रहे कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव को पुलिस ने बुधवार रात गिरफ्तार कर लिया। उन्हें रातभर दातागंज कोतवाली में बंद रखा गया। बृहस्पतिवार दोपहर करीब एक बजे दातागंज एसडीएम द्वारा निजी मुचलके पर रिहा किया गया। इस कार्रवाई को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं में भारी रोष देखा गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव बुधवार से समरेर ब्लॉक क्षेत्र में स्थित मुढ़ा पुख्ता पुल के पास सत्याग्रह पर बैठे थे। उनका सत्याग्रह मुढ़ा पुख्ता पुल के निर्माण, दातागंज में चीनी मिल की स्थापना तथा भूमिहीनों को एक-एकड़ कृषि भूमि का पट्टा देने जैसी प्रमुख जनसमस्याओं को लेकर चल रहा था। देर रात एसडीएम दातागंज एवं सीओ दातागंज भारी पुलिस बल के साथ सत्याग्रह स्थल पर पहुंचे और अजीत यादव को हिरासत में ले लिया।

गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष को पूरी रात दातागंज कोतवाली में रखा गया। अगले दिन दोपहर उनकी रिहाई की खबर मिलते ही सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता दातागंज तहसील परिसर में एकत्र हो गए। रिहा होने के बाद अजीत यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला।

**पुलिस-प्रशासन को बताया भाजपा का एजेंट**

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार पुलिस-प्रशासन के जरिए विपक्ष की आवाज को दबाने का काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस और प्रशासन भाजपा के एजेंट के रूप में कार्य कर रहे हैं। भाजपा पर जुमलेबाजी का आरोप लगाते हुए कहा कि मुढ़ा पुख्ता पुल के लिए धनराशि जारी होने के दावे खोखले हैं।

अधिकारियों के पास धनराशि जारी होने का कोई आदेश नहीं है। यदि टेंडर हुआ है तो भाजपा नेताओं को उसकी अधिसूचना सार्वजनिक करनी चाहिए। अधूरा पुल भाजपा के विकास के दावों की पोल खोलता है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने एलान किया कि 22 फरवरी को दातागंज में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष अजय राय समेत कई दिग्गज कांग्रेस नेता पहुंचेंगे और विशाल जनसभा आयोजित की जाएगी।

**एसडीएम बोले- माहौल बिगाड़ रहे थे कांग्रेस जिलाध्यक्ष**

एसडीएम दातागंज धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कांग्रेस जिलाध्यक्ष की गिरफ्तारी नहीं की गई थी। जिस पुल के निर्माण को शासन से धनराशि जारी हो गई उसी को लेकर वह प्रदर्शन कर माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रहे थे।

# प्रसिद्ध आलिमेदीन मुफ्ती तैय्यब अहमद कादरी नईमी ने फरमाया कि इबादतों में सबसे अजीम इबादत नमाज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** प्रसिद्ध आलिमेदीन मुफ्ती तैय्यब अहमद कादरी नईमी ने फरमाया कि इबादतों में सबसे अजीम इबादत नमाज है। लिहाजा, गुमराही से बचते हुए मुसलमान पंचवक्ता नमाज को अपनी रोजाना की जिंदगी का हिस्सा बनाएं। दुनिया और आखिरत की जिंदगी को कामयाब बनाने का सिर्फ ये ही एक जरिया है।शब-ए-बरआत की रात मुफ्ती तैय्यब कादरी नईमी ने ये सीख शहर में ईदगाह रोड पर आयोजित हुए जलसे को खिताब करते हुए लोगों को दी। दाऊद सराय रोड स्थित मदरसा जामिया नूरिया अशरफुल उलूम के संयोजन में हुए जलसा-ए-दस्तारबंदी की शुरूआत कलाम-ए-इलाही से कारी जमशेद ने की जबकि बारगाहे रिसालत में नात के नजराने कारी मोहम्मद फुरकान रजा मुरादाबादी और मौलाना सुब्हान रजा संभली ने पेश किए। मदरसे से फारिग पांच तालिबेइल्मों की दस्तारबंदी की गई। तकरीर में मुफ्ती तैय्यब कादरी नईमी ने आगे फरमाया कि नमाज हर बालिग और आकिल पर फर्ज की गई है।

सिर्फ दो हालत में माफ है, एक तब जब तुम्हारे जिस्म में जान ना रहे यानी तुम मर जाओ दूसरा तब जब तुम्हारी अक्ल खत्म हो जाए यानी तुम पागल हो जाओ। कहा कि अब ना आप पागल हो ना आप मर चुके हो तो इस सूरत में नमाज हर हाल में पढ़नी ही पढ़नी है। क्योंकि, नमाज हमें बेहयाई से रोकती है, चेहरे पे नूर अता करती है, दिल को सुकून देती है, रिज्क में बरकत होती है, सेहत ठीक रहती है। नमाज से ही अल्लाह का कुर्ब भी हासिल होता है। उत्तराखंड के काशीपुर से आए अल्लामा हाशिम नूरी ने दिलों में मोहब्बत-ए-रसूल बसाने की बात लोगों से कही। वहीं, मदरसे के उस्ताद मुफ्ती नसीम मंजरी ने जामिया की बीस साल की खिदमात पर रौशनी डाली। सलात-ओ-सलाम के बाद मुल्क में अमन चैन और कौम की सलामती की दुआ के साथ जलसे का समापन हुआ। इस दौरान मुफ्ती अरकान अजहरी, मौलाना मोहमद अकरम आफाकी, कारी मुज्जफर, कारी फुरकान रजा, मुफ्ती अब्दुल जब्बार अमजदी, मुफ्ती नूर मोहम्मद, कारी दाऊद, हाफिज इमरान, हाफिज फैजान, इरफान, मंसूरी, रिजवान मंसूरी, आसिफ मंसूरी, शजर आलम शाही, सलीम घोसी, अतहर अंसारी, यासिर अंसारी, फिरोज कुरैशी आदि मौजूद रहे।





# नालों पर बने अवैध स्लैब और सीढ़ियों पर चला बुलडोजर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**संभल (सय्यद अतहर अली)।** नगर पालिका ने सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए सरायतरीन के मुहल्ला मंगलपुरा और नवादा में अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया।

इस दौरान नालों पर बने अवैध स्लैब, सीढ़ियों और दुकानों के आगे रखा सामान हटाया गया। इस दौरान दुकानों में खलबली मच गई। नगर पालिका की ओर से गुरुवार को सरायतरीन में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया। मुहल्ला मंगलपुरा और नवादा में सड़क और नालों पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए पालिका की टीम बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंची। टीम को देखकर दुकानदारों ने स्वयं ही अपना अपना सामान हटाना शुरू कर दिया। पालिका की कार्रवाई के दौरान दुकानों और घरों के आगे बने अवैध स्लैब, सीढ़ियों को तोड़ दिया गया। साथ ही दुकानदारों द्वारा सड़क पर फैलाकर रखे गए सामान को हटवाया गया, जिससे यातायात में आ रही बाधा को दूर किया जा सके। नगर पालिका ईओ डा. मणिभूषण तिवारी ने कहा कि नालों पर बनाए गए स्लैब और सीढ़ियों के कारण जल निकासी प्रभावित हो रही थी, जिससे जलभराव की समस्या उत्पन्न हो सकती है। अभियान करीब दो घंटे तक चला, जिसमें कई स्थानों से अतिक्रमण में टीन शेड भी हटाए गए। इस दौरान पालिका टीम ने लोगों और दुकानदारों से स्वयं स्लैब तोड़ने की बात कही। साथ ही चेतावनी दी कि लोग स्वयं ही अपना अतिक्रमण हटा लें, अन्यथा जुमार्ने की कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, नगर पालिका की टीम के जाने के बाद कुछ दुकानदारों ने फिर से दुकानों के आगे अपना सामान सजा लिया, जिससे अभियान का असर कम दिखाई दिया।

# किसानों ने गोवंशो को किया माध्यमिक विद्यालय में बंद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बदायूं।** वजीरगंज ब्लॉक क्षेत्र के गांव खुर्रमपुर भमोरी में छुट्टा गोवंशों की समस्या से त्रस्त ग्रामीणों ने बुधवार को गोवंशों को गांव के जनता आदर्श पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बंद कर दिया। गोवंशों से फसलों को हो रहे नुकसान और लगातार बढ़ती परेशानी के चलते ग्रामीणों ने यह कदम उठाया। विद्यालय में गोवंशों के बंद कर देने पर पठन-पाठन ठप रहा। पुलिस ने पहुंचकर विद्यालय से गोवंशों को बाहर निकाला।

ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान की ओर से इस समस्या के समाधान को लेकर कोई प्रयास नहीं किए जा रहे हैं और न ही प्रशासन की ओर से इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। किसानों को छुट्टा पशुओं से फसल की रखवाली करने के लिए पूरी रात खेतों में बितानी पड़ रही है। ग्रामीणों को आरोप है कि कई बार कहने के बाद भी प्रधान की ओर से सहयोग नहीं किया गया। इससे परेशान होकर बुधवार को ग्रामीणों ने मिलकर गोवंशों को विद्यालय परिसर में बद कर दिया । ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि जब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती तब तक गोवंशों को विद्यालय में बंद रखा जाएगा। थाना पुलिस ने पहुंचकर ग्रामीणों को समझाया तब विद्यालय से गोवंशों को निकाला गया।

एडीओ पंचायत शशिकांत शर्मा ने बताया कि गोवंशों को बिसौली नन्दी गोशाला में सुरक्षित करने को कहा गया है। जिला पशु चिकित्साधिकारी डॉ. समदर्शी सरोज ने कहा कि मामला जानकारी में आने के बाद क्षेत्रीय पशु चिकित्सा अधिकारी को गोवंशों को पास की गोशाला में भेजने के निर्देश दिए हैं।

# 2.5 करोड़ की लागत से बरेली में प्रदेश का बनेगा पहला मीडिया टावर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**बरेली।** शहर को वैश्विक पहचान दिलाने के दावों के बीच बीडीए ने एक और महत्वाकांक्षी योजना का ऐलान कर दिया है। कोयंबटूर की तर्ज पर रामगंगानगर आवासीय योजना के सेक्टर-सात में 11 मीटर ऊंचा अत्याधुनिक मीडिया टावर बनाया जाएगा। करीब 2.5 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह टावर प्रदेश का पहला मीडिया टावर होगा।

बीडीए उपाध्यक्ष डॉ ए मनिकंडन ने बताया कि टावर में आठ मीटर का विशाल डिस्प्ले एरिया होगा और इसमें 5,000 से अधिक एलईडी लगाई जाएंगी, जो लाखों रंगों के साथ फ्लिकर इफेक्ट में रात के समय आकर्षक दृश्य प्रस्तुत करेंगी। दावा है कि इसकी ढलान वाली स्क्रीन सिंगापुर के मशहूर गार्डन बाय द वे पार्क की तर्ज पर तैयार की जाएगी।

**सरकारी योजनाओं का प्रचार या विज्ञापन का अड्डा**

बीडीए का कहना है कि इस टावर का मुख्य उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सीधे जनता तक पहुंचाना है। इसके साथ ही स्क्रीन पर विज्ञापन भी प्रसारित किए जाएंगे। अधिकारियों को उम्मीद है कि विज्ञापनों से राजस्व अर्जित होगा। हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि क्या यह टावर सरकारी प्रचार और व्यावसायिक विज्ञापनों का नया मंच बनकर रह जाएगा।

**इन्फोटेनमेंट हब बनाने की तैयारी**

बीडीए उपाध्यक्ष के मुताबिक मीडिया टावर को इन्फोटेनमेंट हब के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए एक आधुनिक कंट्रोल रूम स्थापित होगा, जहां से कंटेंट और मीडिया प्लेयर संचालित किए जाएंगे। मुख्य अभियंता एपीएन सिंह ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी और परियोजना को प्राथमिकता पर पूरा किया जाएगा।

**विकास की नई दिशा या संसाधनों की बबार्दी**

बीडीए का दावा है कि यह टावर न सिर्फ शहर की सुंदरता बढ़ाएगा बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा देगा। साथ ही इसे प्रदेश के अन्य शहरों के लिए मॉडल परियोजना बताया जा रहा है।

लेकिन बड़ा सवाल यही है, क्या 2.5 करोड़ रुपये की यह परियोजना वास्तव में बरेली को नई पहचान दिलाएगी, या फिर यह सिर्फ दिखावटी विकास का एक और उदाहरण साबित होगी।

# चाइनीज मांझे को लेकर बरेली पुलिस एक्शन मोड पर,ताबड़तोड़ छापेमारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**बरेली।** चाइनीज मांझे से हो रही मौतों पर सख्त रुख अपनाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के तेवर क्या बदले, बरेली पुलिस एक्शन मोड में आ गई। गुरुवार को एसएसपी अनुराग आर्य के आदेश पर किला थाना क्षेत्र के बाकरगंज में मांझा बेचने वाली दुकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की गई। एसपी सिटी मानुष पारीक खुद टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सीओ सेकेंड सोनाली मिश्रा समेत कई थानों की फोर्स ने पूरे इलाके को घेर लिया। अचानक हुई कार्रवाई से बाजार में हड़कंप मच गया।

**कैसे बिक रहा है बैन मांझा, सीएम ने मांगा जवाब**

प्रदेश में चाइनीज मांझे से लगातार हो रहे हादसों और मौतों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ा संदेश दिया है। साफ शब्दों में कहा गया है कि प्रतिबंध के बावजूद अगर चाइनीज मांझा बिक रहा है तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई तय है। मुख्यमंत्री ने पुलिस अफसरों को छापेमारी तेज करने और सप्लाई चेन का पता लगाने के निर्देश दिए हैं। इतना ही नहीं, चाइनीज मांझे से होने वाली मौत को हत्या मानते हुए कठोर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के संकेत भी दिए गए हैं।

**हाईकोर्ट की सख्ती के बाद बढ़ी कार्रवाई**

इसी महीने इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भी राज्य सरकार को फटकार लगाते हुए साफ किया था कि चाइनीज मांझे पर पहले से लगे प्रतिबंध का सख्ती से पालन कराया जाए। मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की पीठ ने कहा था कि पतंगबाजी के चरम सीजन में प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि मानव और पक्षियों की जान जोखिम में डालने वाला मांझा बाजार में न पहुंचे। अदालत ने 2015 के अपने पुराने आदेश की भी याद दिलाई, जिसमें निर्माण, बिक्री और उपयोग पर रोक लगाने को कहा गया था।

**मौत का मांझा बना खतरा, अब नहीं चलेगी ढिलाई**

चाइनीज मांझा न सिर्फ बाइक सवारों और राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है, बल्कि बड़ी संख्या में पक्षियों की भी जान ले चुका है। कई दर्दनाक हादसों के बाद सरकार और प्रशासन की यह सख्ती सामने आई है। बरेली में शुरू हुआ यह अभियान अब प्रदेशभर में और तेज होने के संकेत हैं। साफ है अब मौत का मांझा बेचने और इस्तेमाल करने वालों पर कड़ा शिकंजा कसने की तैयारी है।

# नायब तहसीलदार ने पकड़े अवैध खनन के दो ट्रैक्टर ट्रॉलिया पुलिस को सौपे

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सम्भल (दानिश अली)।** गुरुवार को सम्भल चन्दौसी मार्ग स्थित ग्राम बिछोली पर अवैध खनन के दो ट्रैक्टर ट्रालियों को नयाब तहसीलदार द्वारा पकड़ा गया ।

**सूत्री जानकारी के मुताबिक लम्बे समय से अवैध खनन पर चल रहे थे यह वाहन गुरुवार की सुबह नायब तहसीलदार द्वारा पकड़े गए**

पकड़े गए वाहन चालकों से जब खनन से सम्बंधित कागजात मागे गए तो वह कागज नही दिखा सके जिसके बाद नायाब तहसीलदार ने दोनों ट्रैक्टर ट्राली को सम्भल कोतवाली क्षेत्र की चौकी नूरियो सराय में लाकर सम्भल पुलिस के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के मुताबिक यह ट्रैक्टर ट्रॉली काफी समय कासिम नामक युवक की देख रेख में चल रहे थे जोकि आस पास के क्षेत्र में भराव का काम लेकर इनको अपनी निगरानी में चलवा रहा था। पकड़े गए अवैध खनन के वाहन रात के समय में ग्राम आलमपुर के जंगलों से अवैध खनन कर सुबह 6 बजे तक शहर व आस पास के प्लॉटों में डाल दिया करते थे। गुरुवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर नायाब तहसीलदार ने ग्राम बिछोली सम्भल चन्दौसी मार्ग स्थित सड़क के किनारे इन वाहनों को प्लाट पर मिट्टी डालते समय पकड़ लिया। जानकारी करने के दौरान सही जवाब नही मिलने पर दोनों वाहनों को नूरियो सराय चौकी पर खड़ा करा दिया गया।




नयाब तहसीलदार ने बताया कि पकड़े गए वाहनों को जानकारी खनन अधिकारी को दे दी गई है आगमी कार्यवाही खनन अधिकारी द्वारा की जाएगी।

# नगर की प्रमुख साहित्यिक संस्था 'अदबी संगम' की आवश्यक बैठक नव मनोनीत महामंत्री सतेंद्र धारीवाल 'धारी' के आवास विकास प्रथम अमरोहा के आवास पर संपन्न हुई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अमरोहा(डा.महताब अमरोहवी)।** बीती रात नगर की प्रमुख साहित्यिक संस्था 'अदबी संगम' की आवश्यक बैठक नव मनोनीत महामंत्री सतेंद्र धारीवाल 'धारी' के आवास विकास प्रथम अमरोहा के आवास पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता साहित्यिक अदबी संगम के अध्यक्ष हसन मुस्तफा वाहिद अमरोहवी ने की तथा मंच का संचालन गीतकार सतेन्द्र धारीवाल 'धारी' ने किया।

बैठक में संस्था के उपाध्यक्ष भुवनेश कुमार शर्मा 'भुवन' अमरोहवी ने बताया कि अदबी संगम के सक्रिय सदस्य और हिंदी की अलख जगाने वाले कवि नरेंद्र त्रिवेदी 'भावुक' हमारे बीच नहीं रहे वह काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका निधन 29 जनवरी को गाज़ियाबाद में अपने परिजनों के बीच हुआ और 30 जनवरी को ब्रजघाट पर उनकी अंत्येष्टि की गई जिसमें अमरोहा शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे जिन्होंने 2 मिनट का मौन रखकर अपने श्रद्धा सुमन भावुक जी को अर्पित किए।भुवन जी ने आगे बताया कि भावुक जी अपने विद्यार्थी जीवन से ही कविताएं लिखने लगे थे। पदम् श्री गोपाल दास नीरज आपका आदर्श थे और नगर में साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ाने में आपने 'भावना' नामक एक संस्था का भी गठन किया था उनकी रचनाएं समय-समय पर विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित होती रही हैं और इसके अतिरिक्त लंदन से प्रकाशित एक पत्रिका प्रवासिनी में भी उनकी रचनाएं प्रकाशित हुई।पेशे से वकील भावुक जी ने दो शादियां की दोनों सगी बहनें थीं जिनसे उन्हें तीन बेटियां और एक पुत्र की प्राप्ति हुई उनका पुत्र डॉ नितिन आनंद एक प्रोफ़ेसर हैं।



भुवन जी ने भावुक जी की दो पंक्तियां पढ़कर उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए....प्यार न दे सकते यदि तुम तो प्यार का विश्वास तो दो। वेदना तो दे रहे हो पर कभी उल्लास भी तो दो। आर्य व्रत केसरी के सम्पादक वरिष्ठ पत्रकार डा.अशोक रुस्तगी ने कहा की भावुक जी एक प्रतिभाशली कवि थे वह साहित्य को साधना के रूप में लेते थे देश और समाज की उन्हें सदैव चिंता रहती थी इसी कारण उनकी रचनाओं में समाज की पीड़ा और देश सेवा का भाव स्पष्ट दिखाई देता है । वरिष्ठ पत्रकार डा.महताब अमरोहवी ने ने स्व भावुक जी से अपने संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि नरेंद्र भावुक जी विलक्षण प्रतिभा के धनी थे न्याय और साहित्य के साथ पूरा संतुलन रखते थे।हिंदी भाषा के सर्वोत्तम शब्दों का प्रयोग उनकी अलग पहचान थी हम ने एक महँ कवि खोया है जिस का स्थान लम्बे तक भरा जाना संभव नहीं है। आज की बैठक में उपस्थित सभी कवि शायरों ने भावुक जी के आकस्मिक निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया और शीघ्र ही उनकी स्मृति में एक कार्यक्रम करने का निश्चय किया जिसमें उनके बारे में विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक में हसन मुस्तफा वाहिद अमरोहवी, सतेन्द्र धारीवाल 'धारी', भुवनेश कुमार शर्मा 'भुवन' अमरोहवी , कौसर मुज्तफा, विमल किशोर वंदे मातरम्, हुमायूं हैदर, हैदर अमरोहवी ,नाज़िम अमरोहवी, डॉ जमशेद कमाल, मौलाना रजा अली, खेम करण शर्मा आदि ने अपने विचार व्यक्त कर भावुक जी को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

**अतिक्रमण** दुकानों के आगे लगे सामान के चलते बनी रहती है जाम की स्तिथि

# अतिक्रमण का हब बना,इस्लामनगर चौराहा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सँभल/बहजोई (मोईनुद्दीन हसन) ।** शहर के मुख्य चोराहा अतिक्रमण का हब बनता जा रहा, यह शहर का मुख्य चोराहा है जिले के सभी अधिकारी यहां से गुजरते है।

**अवैध रुप से बने आटो स्टेन्ड व रोड किनारे लगे ठेलो से आये दिन लगता है जाम**







**जाम का मुख्य कारण क्या है**

जाम का मुख्य कारण अवैध टेम्पो स्टेन्ड, रोड पर ठेलो का लगना और जाम लगने का एक और मुख्य कारण है दुकानों के आगे रोड तक लगा सामान चोराहे पर कुठिया बक्सो की दुकानों से हो रहा है सबसे ज्यादा अतिक्रमण उनकी दुकानों मे माल कम होता है सडक पर ज्यादा परन्तु उनसे सबाल जबाव करने बाला कोई नही।

**कोन है इसका जिम्मेदार**

बडा सवाल आखिर इस अतिक्रमण व इससे लगने वाले जाम का कोन है जिम्मेदार, नगरपालिका परिषद, यातायात पुलिस व सँबधित थाना पुलिस के यही है इसके जिम्मेदार अगर यह अपनी जिम्मेदारियों को समझे तभी जाम और निजात मिल सकती है।

**खास बात**

खास बात क्या खास बात यह है जो चोराहे पर अवैध रुप से टेम्पो स्टेन्ड सँचालित हो रहा है उसको एक कल्लू नाम का व्यक्ति उनसे रुपये लेकर चलबाता है और जो ठेले चोराहे पर लगते उनसे किराया लिया जाता है, और यह किराया वह लेते हैं जिनकी दुकान के सामने ठेला लगता है, शहर के मुख्य चोराहे पर अतिक्रमण और जाम लगना अपने आप मे अभिश्राप है, सँबधित अधिकारी अनजान।

# मेरठ में एसएसपी की कमान आईपीएस अविनाश पांडेय को

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ।** शासन ने 2015 बैच के आईपीएस अविनाश पांडेय को मेरठ का एसएसपी नियुक्त किया है। अभी तक उनकी तैनाती लखनऊ एसएसएफ वाहिनी में थी। 2019 में भी अविनाश पांडेय एसपी देहात के पद पर मेरठ में रह चुके हैं। मऊ में तैनाती के दौरान मुख्तार अंसारी की संपत्ति जब्त करने में भी उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी। अविनाश पांडेय को 23 अप्रैल 2025 को पीलीभीत से एसएसएफ वाहिनी लखनऊ में भेजा गया था। उससे पहले भी वह गाजियाबाद के एसपी सिटी और प्रयागराज कुंभ में भी तैनात रहे है। पंजाब में पुलिस चौकी पर ग्रेनेड से हमला कर भागकर पीलीभीत आए तीन खालिस्तानी आतंकियों को पूरनपुर क्षेत्र में मुठभेड़ में मार गिराने व फर्जी पासपोर्ट व वीजा पर सिख युवकों को कनाडा भेजने पर सौ से ज्यादा मामले दर्ज करने को लेकर अविनाश पांडेय खासे चर्चा में रहे थे।

यहां के एसएसपी डा. विपिन ताडा को संयुक्त पुलिस आयुक्त कानपुर कमिश्नरेट बनाया गया है। विपिन ताडा के साइकिल पर गश्त करने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी ट्वीट कर उनकी तारीफ की थी। वह बागपत के पूर्व सांसद एवं मुंबई के पूर्व कमिश्नर सतपाल सिंह के दामाद हैं।अविनाश पांडेय ने मेरठ एसपी देहात पद पर रहते हुए चौकीदारों के लिए प्रहरी एप बनाया था। साथ की साइबर अपराध रोकने के लिए देहात के थानों में भी टीम बनाई थी। अविनाश पांडेय ने बीटेक इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्युनिकेशन से किया है। आइपीएस डा. विपिन ताडा का मेरठ में 19 माह का कार्यकाल शानदार रहा। इस दौरान उन्होंने कपसाड़ में जातीय संघर्ष के हालात को बड़े ही कायदे से कंट्रोल किया। दो बार कांवड़ यात्रा को संपन्न कराया। तीन बदमाशों को भी मुठभेड़ में मार गिराया। ज्वालागढ़, दादरी कांड के दौरान बिगड़े हालात को भी उन्होंने सूझबूझ से नियंत्रित किया।



Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# 08 फरवरी को विशेष अभियान दिवस, मतदाता सूची में नाम जुड़वाने व संशोधन का मौका

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर (डा० एम.ए. तोमर)।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत जनपद मुजफ्फरनगर में 08 फरवरी 2026 (रविवार) को विशेष अभियान दिवस आयोजित किया जाएगा।यह जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मुजफ्फरनगर द्वारा निर्धारित इस विशेष अभियान दिवस पर समस्त बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहेंगे और अर्ह मतदाताओं से आवेदन पत्र प्राप्त करेंगे।18 वर्ष या उससे अधिक आयु के ऐसे पात्र नागरिक जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में शामिल नहीं है वे फार्म-6 के माध्यम से नाम दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा डुप्लीकेट ,स्थानांतरित अथवा मृतक मतदाताओं के नाम कटवाने के लिए फार्म-7 तथा नाम या अन्य विवरण में संशोधन अथवा एक ही विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मतदेय स्थल परिवर्तन के लिए फार्म-8 के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है।

प्रशासन द्वारा जनपद के समस्त नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस विशेष अभियान दिवस का अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपने मताधिकार को सुनिश्चित करें।

# मिट्स ग्रुप में संगठन के विस्तार में अहम भूमिका निभाने वाली निदेशक एवं मानव संसाधन प्रमुख आकृति रैना का हर्षोल्लास से मनाया गया जन्मदिन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर/पंचकूला (डा० एम ए तोमर)।** प्राप्त समाचार के अनुसार मिट्स ग्रुप द्वारा अपनी निदेशक एवं मानव संसाधन प्रमुख आकृति रैना का जन्मदिन हर्षोल्लास एवं आत्मीय वातावरण में मनाया गया। आकृति रैना वर्ष 2019 से मिट्स ग्रुप से जुड़ी हुई हैं और संगठन की विकास यात्रा में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है।इस अवसर पर मिट्स ग्रुप के संस्थापक एवं अध्यक्ष एम के भाटिया ने संगठन के शुरूआती संघर्ष और विकास से जुड़ी स्मृतियां साझा कीं।उन्होंने बताया कि वर्ष 2020 में जब ग्रुप चंडीगढ़ के मोटर मार्केट में एक छोटे कार्यालय से कार्य कर रहा था तब पंचकूला के औद्योगिक क्षेत्र में स्थानांतरण की योजना बनाई गई।उन्होंने बताया कि उस समय कंपनी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिल्पा चंदेल विवाह के कारण अवकाश पर थीं।ऐसे चुनौतीपूर्ण दौर में आकृति






रैना पहली टीम सदस्य थीं जिन्होंने आगे बढ़कर जिम्मेदारी संभाली। यह एक सुखद संयोग भी रहा कि जिस दिन कार्यालय का औपचारिक रूप से पंचकूला में स्थानांतरण हुआ वही दिन उनका जन्मदिन था।आज मिट्स ग्रुप पंचकूला में कई कार्यालयों के साथ सफलतापूर्वक कार्य कर रहा है।एम के भाटिया ने आकृति रैना को जन्मदिन की हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि उनका दूरदर्शी दृष्टिकोण हमेशा मिट्स ग्रुप की दीर्घकालिक विकास योजना का अभिन्न हिस्सा रहा है।आकृति रैना के नेतृत्व में मिट्स ग्रुप द्वारा देश के विभिन्न महाविद्यालयों में अनेक नियुक्ति अभियान आयोजित किए गए हैं जिनका उद्देश्य युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना रहा है।युवा विकास एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके प्रयास उन्हें समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बनाते हैं।यह आयोजन मिट्स ग्रुप की आभार,सम्मान और मानव-केंद्रित नेतृत्व संस्कृति को दशार्ता है जो संगठन के मूल मूल्यों की पहचान है।

# एसबीआई दतियाना की सीएसआर पहल से जय जवान जय किसान इंटर कॉलेज को मिली 100 डेस्क-बेंच

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर (डा० एम.ए.तोमर)।** ब्लॉक पुरकाजी के ग्राम दतियाना स्थित जय जवान जय किसान इंटर कॉलेज में बुद्धवार को भारतीय स्टेट बैंक दतियाना के सहयोग से कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान भारतीय स्टेट बैंक द्वारा कॉलेज के छात्र-छात्राओं के लिए 100 डेस्क-बेंच का वितरण किया गया।कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्र-3 के क्षेत्रीय प्रबंधक सुधीर कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ मुख्य प्रबंधक सुधीर कुमार,सचिन कुमार (प्रबंधक मानव संसाधन) तथा सचिन कुमार शाखा प्रबंधक दतियाना भी मौजूद रहे।कॉलेज की ओर से प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह,प्रबंधक आशीष खोकर,प्रधानाचार्य अनिवेश कुमार सहित शिक्षकगण कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके अतिरिक्त एसबीआई दतियाना शाखा के कर्मचारीगण एवं ग्रामवासी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि एवं बैंक अधिकारियों ने शिक्षा के क्षेत्र में इस प्रकार की सामाजिक सहभागिता को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराना बैंक की प्राथमिकताओं में शामिल है।

वहीं कॉलेज प्रशासन ने भारतीय स्टेट बैंक की इस पहल को विद्यार्थियों के हित में अत्यंत उपयोगी बताया।कार्यक्रम के समापन पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं ग्रामवासियों ने भारतीय स्टेट बैंक दतियाना शाखा का इस सराहनीय सामाजिक पहल के लिए हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।






# भाकियू टिकैत ने सहारनपुर मंडल कार्यकारिणी का किया विस्तार,शक्ति सिंह बने मंडल मीडिया प्रभारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर/सहारनपुर।** प्राप्त समाचार के अनुसार भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर सहारनपुर मंडल अध्यक्ष चौधरी अशोक कुमार द्वारा मंडल कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है।

इस क्रम में लंबे समय तक जिला मीडिया प्रभारी मुजफ्फरनगर के रूप में सक्रिय रहे चौधरी शक्ति सिंह को सहारनपुर मंडल का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है।विदित हो कि चौधरी शक्ति सिंह अपनी सशक्त लेखनी,सटीक भाषा चयन,प्रभावी कार्यशैली और मंच संचालन की विशिष्ट शैली के लिए संगठन में एक अलग पहचान रखते हैं।इसके साथ ही सहारनपुर मंडल में अन्य पदाधिकारियों की भी नियुक्ति की गई है।नियुक्त किए गए पदाधिकारियों मेदीपक कुमार ग्राम टिकरोल जिला सहारनपुर को मंडल उपाध्यक्ष,शेर सिंह प्रधान रामपुर मनिहारन को मंडल उपाध्यक्ष,राव अमजद अली ग्राम निवादा जिला सहारनपुर को मंडल महासचिव, नवनीत सैनी ग्राम हाड़ी जिला सहारनपुर को मंडल महासचिव,मौ० उस्मान ग्राम हासिमपुरा तहसील देवबंद को मंडल मीडिया प्रभारी (सहारनपुर),तथा शक्ति सिंह, मुजफ्फरनगर को सहारनपुर मंडल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है।संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए किसान हित में मजबूती से कार्य करने की अपेक्षा जताई है।



# मुजफ्फरनगर पुलिस ने चाइनीज मांझे के खिलाफ चलाया सख्त अभियान, दुकानदारों को दी चेतावनी,पैदल मार्च कर किया जागरूक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर (डा० एम.ए तोमर)।** विगत दिवस लखनऊ में चाइनीज मांझे से युवक की दर्दनाक मौत के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देशों के क्रम में मुजफ्फरनगर पुलिस ने जनपदभर में चाइनीज मांझे के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है।एसएसपी संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में सभी थाना प्रभारियों द्वारा प्रतिबंधित मांझे की बिक्री व उपयोग रोकने के लिए सख्त चेकिंग की जा रही है।इसी क्रम में खालापार कोतवाली प्रभारी महावीर सिंह चौहान के नेतृत्व में खालापार चौकी इंचार्ज असगर अली ने अपनी टीम के साथ पतंग की दुकानों पर चेकिंग अभियान चलाया और दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी कि यदि कोई भी प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेचते पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।साथ ही लोगों को इसके खतरों के प्रति जागरूक भी किया गया।वहीं नई मंडी थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार शर्मा ने पैदल मार्च करते हुए क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया।इस दौरान पतंग की दुकानों और अन्य प्रतिष्ठानों पर चाइनीज मांझे की जांच की गई तथा दुकानदारों से स्टॉक की जानकारी ली गई।थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि चाइनीज मांझा जानलेवा है और इससे मौत के मामलों को हत्या माना जाएगा।पकड़े जाने पर भारी जुमार्ना और जेल भेजा जाएगा।





# थाना ककरौली पुलिस ने सराहनीय कार्यवाही मे हिन्दू वेश में घूम रहे छः आरोपियों को किया गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर (डा० एम ए तोमर)।** थाना ककरौली पुलिस ने हिन्दू वेशभूषा धारण कर फर्जी आधार कार्ड के सहारे क्षेत्र में घूम रहे छह संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है।पुलिस के अनुसार बुद्धवार को सूचना मिली थी कि कुछ लोग संदिग्ध गतिविधियों के साथ हिन्दू वेश में क्षेत्र में घूम रहे हैं।सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना ककरौली पुलिस ने छह अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।इससे पहले इसी गिरोह के एक अन्य सदस्य अहसान पुत्र शकील को विगत मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान शकील,शौकीन, इकबाल, सजील,अय्यूब (सभी निवासी ग्राम जौला थाना बुढाना) तथा हनीश निवासी ग्राम गोयला थाना शाहपुर के रूप में हुई है।पूछताछ में सामने आया कि आरोपी फर्जी नाम-पते के आधार पर खुद को अन्य पहचान बताकर घूम रहे थे।आरोपियों से छह फर्जी आधार कार्ड,आशीर्वाद देने वाली लोहे की चैन,सारंगी,डमरू,खंजड़ी,कलावा,चंदे की रसीद पर्चियां,मोर पंख की छड़ी,पीतल का कड़ा,कपड़े,अहदनामे तथा भभूत आदि बरामद हुए।इस कार्रवाई को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन और पर्यवेक्षण में अंजाम दिया गया।गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सचिन चौधरी,उपनिरीक्षक देवकी नंदन,उपनिरीक्षक दिनेश सिंह,हेड कांस्टेबल अवदेश भाटी,हेड कांस्टेबल जोगिंद्र सिंह, कांस्टेबल साहिल कुमार, कांस्टेबल दिनेश बाना तथा कांस्टेबल कृष्ण कुमार शामिल रहे।

**आरोपियों से छह फर्जी आधार कार्ड, लोहे की चैन,सारंगी,डमरू,चंदे की रसीद,मोर पंख की छड़ी आदि किए बरामद**





# जनपद पुलिस को मिले अत्याधुनिक वज्र वाहन कि एसएसपी ने किया लोकार्पण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद को प्राप्त नवीन वज्र वाहन का मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा फीता काटकर एवं विधिवत पूजन कर लोकार्पण किया गया।इस अवसर पर जनपद के अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।नवीन वज्र वाहन अत्याधुनिक सुरक्षा एवं संचार सुविधाओं से सुसज्जित है।इसमें इंटरकॉम, सीसीटीवी कैमरे तथा सुरक्षित केबिन जैसी आधुनिक व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं जो कानून-व्यवस्था बनाए रखने, भीड़ नियंत्रण,आपात स्थिति एवं संवेदनशील परिस्थितियों में प्रभावी पुलिस कार्रवाई में सहायक होंगी।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस वज्र वाहन के शामिल होने से जनपद पुलिस की कार्यक्षमता और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता में वृद्धि होगी।साथ ही आमजन की सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी।उन्होंने बताया कि ऐसे आधुनिक संसाधन पुलिस बल को अपने कर्तव्यों के निर्वहन में मजबूती प्रदान करते हैं और जनपद में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



# कलियर शरीफ में दलित-मुस्लिम एकता मंच की प्रार्थना, उत्तराखंड सरकार के खिलाफ बड़े आंदोलन का ऐलान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर/हरिद्वार ।** प्राप्त समाचार के अनुसार जनपद हरिद्वार स्थित पिरान कलियर शरीफ में बुधवार को हजरत मखदूम पाक साबिर रहमतुल्लाह अलैह के रोजे पर दलित-मुस्लिम एकता मंच के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डा० सुरेन्द्र कुमार बौद्ध अपने राष्ट्रीय प्रधान महासचिव रुस्तम राज के साथ पहुंचे। इस दौरान मंच के राष्ट्रीय महासचिव मियां नाजिम साबिर,हरिद्वार जनपद के पदाधिकारी हुसैन साबिर,नौशाद,नसीम अंसारी,वजीर अंसारी सहित अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।डा० सुरेन्द्र कुमार बौद्ध ने रोजे पर माथा टेककर दलितों, वंचितों,पिछड़ों,अल्पसंख्यकों तथा समाज के गरीब वर्गों के उत्थान के साथ-साथ देश में हिंदू-मुस्लिम,सिख-ईसाई समुदायों के बीच भाईचारा और अमन-चैन कायम रहने की दुआ मांगी।इसके पश्चात उन्होंने उत्तराखंड प्रदेश की जनता की मूलभूत समस्याओं को लेकर उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकताओं के साथ विचार- विमर्श किया। कार्यकताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत कराया कि उत्तराखंड सरकार का रवैया हरिद्वार,ऊधम सिंह नगर और देहरादून जनपदों की जनता के प्रति ठीक नहीं है तथा इन जनपदों के लोगों को निवास प्रमाण पत्र और जाति प्रमाण पत्र जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है।समस्याओं की जानकारी मिलने के बाद डा० सुरेन्द्र कुमार बौद्ध ने सभी पदाधिकारियों को तैयार रहने के निर्देश देते हुए कहा कि शीघ्र ही दलित-मुस्लिम एकता मंच पिरान कलियर शरीफ की पवित्र धरती से तीनों जनपदों की जनता के स्वाभिमान की रक्षा के लिए एक बड़े आंदोलन की शुरूआत करेगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी सूरत में जनता का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



# चौधरी शाह आलम के नेतृत्व में भारतीय किसान मजदूर संयुक्त मोर्चा शनिवार को राष्ट्रपति के नाम देगा ज्ञापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान मजदूर संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी शाह आलम के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार 6 फरवरी 2026 को प्रातः 11:00 बजे मुजफ्फरनगर के जिलाधिकारी से मुलाकात कर भारत की ओमहामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपेगा। ज्ञापन में किसान व मजदूर हितों से जुड़े प्रमुख मुद्दों को उठाए जाने की संभावना है।



# लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर के पूर्व छात्र हर्षित कुमार का सीआरपीएफ में हुआ चयन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर।** लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के पूर्व छात्र हर्षित कुमार का केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में प्रशिक्षण के लिए चयन होने पर विद्यालय परिवार में हर्ष की लहर है।विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य डा० अखिलेश कुमार शर्मा ने हर्षित को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।प्रधानाचार्य डा० अखिलेश शर्मा ने बताया कि गांव भंडुरा निवासी श्रवण कुमार के पुत्र हर्षित कुमार ने वर्ष 2021 में विद्यालय से इंटरमीडिएट की परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण की थी।गत वर्ष 5 फरवरी को उन्होंने एसएससी की परीक्षा दी थी जिसके उपरांत शारीरिक परीक्षण में भी सफलता प्राप्त की।एसएससी द्वारा 15 जनवरी को घोषित अंतिम परिणाम में हर्षित का चयन सीआरपीएफ के लिए हुआ है।चयन के बाद हर्षित प्रशिक्षण हेतु सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर रामपुर जाएंगे जहां से प्रशिक्षण पूर्ण कर वे देश सेवा के लिए तत्पर होंगे।हर्षित ने बताया कि उनके पिता श्रवण कुमार किसान



हैं तथा माता राखी देवी गृहणी हैं।वे तीन बहनों के इकलौते भाई हैं जिनमें बड़ी बहन विवाहित है और दो छोटी बहनें अध्ययनरत हैं।हर्षित ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों एवं माता-पिता को दिया।इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सूरत सिंह वर्मा,प्रबंधक बाल बहादुर,कोषाध्यक्ष अजय कुमार जैन सहित समस्त विद्यालय परिवार ने हर्षित एवं उनके परिवार को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**जागरूकता**

## प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों ने एआई से जुड़े व्यावहारिक व नैतिक पहलुओं पर प्रश्न पूछे जिनका विशेषज्ञों ने सरलता से समाधान किया

# एआई के नैतिक,सुरक्षित व जिम्मेदार उपयोग पर श्री राम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में जागरूकता सत्र हुआ आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर (डा० एम ए तोमर)।** इंडिया एआई समिट-2026 के अंतर्गत एआईसीटीई इनोवेशन सेल के निर्देश पर एआई फॉर आत्मनिर्भर भारत विषय को लेकर श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज की इकाई श्री राम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में बुधवार को एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया।सत्र का शीर्षक कृत्रिम बुद्धिमत्ता के नैतिक,सुरक्षित,सतत एवं जिम्मेदार उपयोग पर जागरूकता रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।संस्थान के निदेशक प्रो० एस.एन. चौहान ने स्वागत भाषण में कहा कि आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता केवल तकनीक नहीं बल्कि मानव जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है। शिक्षा,स्वास्थ्य,बैंकिंग,उद्योग,कृषि,प्रशासन व सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में एआई की बढ़ती भूमिका के बीच नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व को समान महत्व देना आवश्यक है। मुख्य वक्ता डा० आर सी कश्यप पूर्व प्रोफेसर,सॉल्टलेक विश्वविद्यालय कोलकाता ने अपने संबोधन में कहा कि एआई से कार्यक्षमता और नवाचार को बढ़ावा मिला है लेकिन इसके साथ डेटा गोपनीयता,साइबर सुरक्षा,एल्गोरिद्मिक पक्षपात,फेक न्यूज और डीपफेक जैसी गंभीर चुनौतियां भी सामने आई हैं।उन्होंने चेतावनी दी कि बिना उचित दिशा-निर्देशों के एआई का उपयोग सामाजिक असमानता और नैतिक संकट को जन्म दे सकता है। विशेषज्ञों ने एआई एथिक्स पर प्रकाश डालते हुए निष्पक्षता,पारदर्शिता,उत्तरदायित्व और मानवीय मूल्यों के पालन पर जोर दिया।सस्टेनेबिलिटी के संदर्भ में बताया गया कि एआई ऊर्जा संरक्षण,स्मार्ट सिटी,पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार जैसे क्षेत्रों में सहायक हो सकती है लेकिन अत्यधिक तकनीकी निर्भरता से उत्पन्न सामाजिक व मानसिक समस्याओं को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।कार्यक्रम में छात्रों को एआई के उत्तरदायित्वपूर्ण उपयोग का संदेश देते हुए इसे नकल या गलत सूचना के बजाय नवाचार,अनुसंधान और सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए अपनाने का आह्वान किया गया। प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों ने एआई से जुड़े व्यावहारिक व नैतिक पहलुओं पर प्रश्न पूछे जिनका विशेषज्ञों ने सरलता से समाधान किया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं,शिक्षक एवं शोधार्थी उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष इंजीनियर कनुप्रिया, कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष इंजिनियर आशीष चौहान, इलेक्ट्रिकल विभागाध्यक्ष डा० अंकुर कुमार, मैकेनिकल विभागाध्यक्ष इंजीनियर पवन कुमार,सिविल विभागाध्यक्ष इंजीनियर फिरोज अली सहित सभी शिक्षकगण का विशेष सहयोग रहा।






# यूजीसी के विरोध में "सवर्ण समाज संघर्ष समिति ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर" की निरस्त कराने की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** यूजीसी के विरोध में गुरुवार को सवर्ण समाज संघर्ष समिति ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर इसे निरस्त कराने की मांग की है 'महामहिम राष्ट्रपति को प्रेषित ज्ञापन में बताया गया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा प्रस्तावित ड्राफ्ट रेगुलेशन/ देश की उच्च शिक्षा व्यवस्था में गहरी असमानता और भेद भाव उत्पन्न करने वाले हैं। यह कानून या बिल अपने वर्तमान स्वरूप में एकपक्षीय दृष्टिगत होता है, जिसके कारण विशेष रूप से सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक और व्यावसायिक भविष्य बाधित होना परिलक्षित होता है। उच्च शिक्षा नीति का उद्देश्य तो सभी वर्गों को साथ लेकर चलना -होना चाहिए, न कि अगड़ा पिछड़ा के आधार पर किसी सामान्य वर्ग के अधिकारों का हनन कर अन्य वर्ग के लिए भूमि तैयार करना। कोई भी कानून या बिल यदि एकपक्षीय होगा, तो उसका परिणाम दीर्घकालीन सामाजिक विभाजन के रूप में सामने आ सकता है। एससी/एसटी/ओबीसी छात्रों को भी ऐसे कानूनों के कारण अन्य छात्रों से आपसी वैमनस्य की स्थिति में धकेला जा रहा है। भारत का संविधान समानता, प्रतिनिधित्व और सामाजिक न्याय की भावना पर आधारित है। ऐसे में किसी भी समिति का संतुलित, बहुवर्गीय और समावेशी होना अनिवार्य है। एक ही जाति वर्ग द्वारा लिए गए निर्णय सवर्ण छात्र छात्राओं के अधिकारों और विश्वास को प्रभावित करते हैं। उक्त बिल में यह भी देखा जा रहा है कि नीति निर्धारण और निर्णय समितियों में सामाजिक संतुलन और विविध प्रतिनिधित्व का अभाव है, जिससे कानून ड्राफ्टिंग पर निष्पक्षता को लेकर प्रश्नचिह्न खड़े होते हैं। इसलिए आपके समक्ष सर्वण समाज निम्नलिखित गांग करता है' हाल ही में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली द्वारा संपूर्ण भारत के उच्च शिक्षण संस्थानों पर नया यूजीसी बिल लागू किया गया है। जो कि नागरिक समानता का अधिकार व संविधान के अनुच्छेद 14 व 16 के विरुद्ध है। जो समस्त स्वर्ण समाज के शिक्षणरत छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य के साथ भेदभाय है। जिसे तत्काल वापस लिया जाए। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा उच्च शिक्षण संस्थानों में लागू किए गए यूजीसी बिल के प्रावधान नितांत संकीर्ण जातिगत व्यवस्था और मान्यता को बढ़ावा देने वाले हैं। जो सम्पूर्ण सवर्ण समाज को बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा लागू यूजीसी बिल समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को जातिगत आधार पर शैक्षिक वातावरण को खंडित करने वाले मनमाने और थोपे गए हैं। जिन्हें सम्पूर्ण सवर्ण समाज बिल्कुल भी स्वीकार नहीं करेगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी यूजीसी बिल मौजूदा प्रभावी कानूनों के बावजूद समानांतर दोहरा नियम बनाकर सम्पूर्ण स्वर्ण समाज के छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य को कलंकित व दागदार करने वाला है। जो सवर्ण समाज को बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है। राष्ट्रपति को प्रेषित ज्ञापन पर सैकड़ो लोगों के हस्ताक्षर हैं ।






## कांग्रेस 12 फरवरी को पूरे जनपद में तिरंगा यात्रा निकालेगी: मनरेगा वापस नहीं होने तक लड़ाई जारी रहेगी: विनोद गुंबर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** कांग्रेस की मासिक बैठक आयोजित हुई जिसमें एसआईआर, मनरेगा, तिरंगा यात्रा और 17 फरवरी को प्रस्तावित विधानसभा घेराव को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। मनरेगा के जिला प्रभारी अल्ताफ मसूदी ने कहा कि सरकार लोगों का अधिकार छीनना चाहती है और गारंटी का अधिकार खत्म करना चाहती है। मनरेगा की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ी जाएगी।जिलाध्यक्ष विनोद गुंबर ने कहा कि मनरेगा वापस नहीं होने तक इसकी लड़ाई जारी रहेगी। कांग्रेस मजदूर, अल्पसंख्यक समेत समाज के हर वर्ग के साथ खड़ी है और जो सरकार किसानों व मजदूरों के अधिकारों को कुचलने का काम करेगा पार्टी उसका विरोध करेगी। उन्होंने बताया कि 12 फरवरी को कांग्रेस की ओर से पूरे जनपद में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। साथ ही 17 फरवरी को विधानसभा घेराव के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जिले से पार्टी के कार्यकर्ता जाएंगे। पदाधिकारियों ने कार्यकताओं से एसआईआर में मतदाता जागरूकता बढ़ाने, 12 फरवरी की तिरंगा यात्रा को सफल बनाने और 17 को विधानसभा घेराव में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। बैठक का संचालन मो. अयाज ने किया। इस मौके फिरोज मलिक, गुड्डू सैफी, जाकिर, मुख्तार अंसारी, आरिफ, फुरकान अहमद आदि मौजूद रहे।

## धनराशि खर्च करने में" शिक्षा विभाग फिसड्डी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** विभिन्न मदों में जारी की गई धनराशि को खर्च करने में शिक्षा विभाग फिसड्डी है। निशुल्क पुस्तकों के भुगतान में 2.88 करोड़ रुपये के स्थान पर सिर्फ 1.63 करोड़ ही खर्च किए गए हैं, वहीं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में व्यय का प्रतिशत 37.46 प्रतिशत है। सीडीओ ने विकास भवन सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों को शतप्रतिशत व्यय सुनिश्चित कर अभिलेखीय साक्ष्य पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं।सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी ने वित्तीय वर्ष 2025-26 विभिन्न मदों में लिमिट के सापेक्ष व्यय की मौजूदा स्थिति की समीक्षा की। विद्यालय स्तर पर निर्माण कार्यों के लिए एसएमसी के खातों में जारी की लिमिट 100 प्रतिशत के सापेक्ष व्यय का प्रतिशत 99.82 प्रतिशत है। सबसे खराब स्थिति कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में व्यय की मिली, इस मद में।

## सपाईयों से चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** समाजवादी पार्टी की बैठक गुरुवार को शहर के मोहल्ला कोट बाजार में आयोजित की गई। बैठक में सपा जिला सचिव सईद अख्तर इसराईली ने कहा कि वर्ष 2026 समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं के लिए बहुत मेहनत करने का साल है। इसी वर्ष में जिला पंचायत, ग्राम पंचायत, ब्लॉक प्रमुख, शिक्षक-एमएलसी का चुनाव भी होना है। सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी चुनाव के कार्यों में पूरी लगन से जुट जाएं, और खूब मेहनत करें। सपा ऐसी पार्टी है जो किसान, नौजवान, व्यापारी, बेरोजगारों, महिलाओं, मजदूरों सभी को साथ लेकर चलती है और सभी के हित के बारे में सोचती है। जब जनता खुश होगी, तभी प्रदेश खुशहाल होगा। बैठक में नईम अंसारी, अरमान, इरशाद, मुंशी वाहिद, नदीम, बिट्टू वारसी आदि मौजूद रहे।

# तहसीलदार के खिलाफ अधिवक्ताओं का आंदोलन जारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** तहसीलदार के खिलाफ 9 जनवरी से चल रहा वकीलों का आंदोलन गुरुवार को भी जारी रहा' अधिवक्ताओं ने कहा जब तक तहसीलदार को हटाया नहीं जाता तब तक अनिश्चितकालीन विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा' संगठन के अध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि तहसीलदार द्वारा अधिवक्ताओं के साथ जो दुर्व्यवहार किया है किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा जब तक मांगे पूरी नहीं होगी आंदोलन जारी रहेगा' तहसीलदार के व्यवहार को लेकर यहां के अधिवक्ता आंदोलन कर रहे हैं। जब तक उनका स्थानांतरण नहीं होगा, तब तक कार्य बहिष्कार और प्रदर्शन जारी रहेगा। नारेबाजी और प्रदर्शन के दौरान तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा, महासचिव दीपक विश्नोई, पूर्व उपाध्यक्ष व पूर्व महासचिव चौधरी चरन सिंह ढाका, भूप्रकाश सिंह, हरपाल सिंह, सलमान खान, बृजपाल सिंह, कमल विश्नोई, कपिल विश्नोई, वैभव विश्नोई, नन्हें खां, नाजिम सैफी, चरन सिंह, मोहम्मद वकील अहमद, पूर्व अध्यक्ष कोमल सिंह, डॉ. विनीत नैन, लक्ष्मण सिंह, संजीव कुमार विश्नोई, यशवीरसिंह, प्रदीप कुमार, चरन सिंह देशवाल सुमम पवार, सचिन कुमार,आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

**जब तक "तहसीलदार को हटाया नहीं जाता तब तक अनिश्चितकालीन विरोध प्रदर्शन" जारी रहेगा: प्रमोद शर्मा**



# 3 महीने पहले "टेस्ट पास कर चुके 2500 लोगों के पास डीएल नहीं" पहुंचा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** तीन महीने पहले टेस्ट पास कर चुके 2500 से अधिक लोगों का डीएल अभी तक नहीं आया है। इसकी वजह से लोग ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का चक्कर लगा रहे हैं। लोगों का कहना है कि ड्राइविंग लाइसेंस नहीं आने के कारण तमाम कार्य रुके हुए हैं। इसके साथ ही वाहन चलाते समय चालान का भी डर बना रहता है।कांठ रोड स्थित ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में प्रतिदिन करीब 100 ड्राइविंग लाइसेंस व लर्निंग लाइसेंस बनाने का काम किया जाता है। इनमें स्थायी लाइसेंस, नवीनीकरण व डुप्लीकेट के आवेदन भी शामिल हैं। ड्राइविंग लाइसेंस आने में 10 से 15 दिन लगते हैं लेकिन करीब तीन महीने से लाइसेंस नहीं आ रहा है। आवेदकों को टेस्ट पास करने के बाद अब डीएल का इंतजार करना पड़ रहा है। किसी का तीन महीने तो किसी का चार महीने से डीएल नहीं आया है। आवेदकों का कहना है कि डीएल को लेकर ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट जाकर कई बार अधिकारियों से पूछताछ कर चुके हैं।आरटीओ प्रशासन राजेश सिंह का कहना है कि ड्राइविंग लाइसेंस की प्रक्रिया के बाद डाक के जरिए आवेदकों के घर डीएल भेजा जाता है। पहले जिस एजेंसी को डीएल प्रिंट करने का जिम्मा दिया गया था उसका टेंडर खत्म हो गया। अब दूसरी एजेंसी को डीएल प्रिंट करने का जिम्मा दिया गया है। डीएल प्रिंट करने का काम भी शुरू हो गया है। जल्द ही लोगों का ड्राइविंग लाइसेंस डाक के जरिए आ जाएगा।




# जनपद स्तरीय बाल कीड़ा प्रतियोगिता: खो-खो में ठाकुरद्वारा व छजलैट ने मारी बाजी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** बेसिक शिक्षा विभाग की जनपद स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर पर बालिका और बालक वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में छजलैट ने मुरादाबाद नगर को हराया।

खो-खो प्रतियोगिता में बालक वर्ग में वहीं जूनियर स्तर पर आयोजित छजलैट और बालिका वर्ग में मुरादाबाद नगर को हराकर ठाकुरद्वारा ने जीत हासिल की। सोनकपुर स्टेडियम में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। नौ ब्लॉकों से आए बच्चों ने दौड़, कबड्डी, बैडमिंटन, लंबी कूद और चक्का फेंक समेत कई स्पधाओं में शामिल होकर अपनी प्रतिभा दिखाई।मुख्य अतिथि मनोज कुमार द्विवेदी ने प्रतियोगिता की शुरूआत खेल ध्वज फहराकर व गुब्बारे उड़ाकर की। इसके साथ ही पिछले साल राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करने वाली भगतपुर विकासखंड की छात्रा दिव्या ने मशाल जलाकर बच्चों का मनोबल बढ़ाया 'प्राथमिक स्तर के विजेताःस्पर्धा विजेता बालक/बालिका 50 मी. दौड़ मो. जान, मोनिका,100 मी. दौड़ नितिन रहनुमा,200 मी. दौड़ जुनैद आयशा, 400 मीटर. फहीमुद्दीन मोनिका,मोनिका लंबी कूद जुनैद जूनियर स्तर के विजेताः100 मी. दौड़ ऐश,200 मी. दौड़ रहमना,400 मी. दौड़ तरुण लंबी कूद मयंक दीपिका, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि वित्त एवं लेखाधिकारी राकेश चंद्र मौर्य रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरनंदन प्रसाद ने किया इस मौके पर अमित कुमार, गंगासरन सक्सेना, सोनिया चौहान, करन सिंह आदि मौजूद रहे।

# प्रशासनिक न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल के संभल दौरे में कम्प्यूटरीकृत कॉपिंग सेंटर का उद्घाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी (संभल)।** प्रशासनिक न्यायमूर्ति, संभल अरुण कुमार सिंह देशवाल एवं जनपद न्यायाधीश डॉ. विदुषी सिंह ने जनपद संभल का भ्रमण कर विभिन्न न्यायिक संस्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान न्यायिक अधोसंरचना को सुदृढ़ करने और कार्य प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

निरीक्षण कार्यक्रम के तहत प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने सबसे पहले बाह्य न्यायालय संभल का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने कम्प्यूटरीकृत कॉपिंग सेंटर का उद्घाटन किया। न्यायिक अधिकारियों के अनुसार यह उत्तर प्रदेश में अपनी तरह का पहला कम्प्यूटरीकृत कॉपिंग सेंटर है, जिससे न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी और वादकारियों को दस्तावेज शीघ्र उपलब्ध हो सकेंगे। इसके पश्चात प्रशासनिक न्यायमूर्ति द्वारा संभल में नवनिर्मित प्री-फैब्रिकेटेड बाह्य न्यायालय एवं कार्यालय भवन का भी उद्घाटन किया गया। इसके बाद बहजोई में उस नवीन भूमि का निरीक्षण किया गया, जिसे जनपद न्यायालय के नए मुख्यालय के निर्माण हेतु अधिग्रहित किया गया है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ कर समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, संभल का भी निरीक्षण किया तथा आयोग के लिए प्रस्तावित नवीन भूमि का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। न्यायिक अधिकारियों का कहना है कि माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति का यह निरीक्षण जनपद में न्यायिक अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण, न्यायालयों के विस्तार और लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।






# सामूहिक विवाह योजना में "कागजों पर रचाई 35 शादियां" पायल-बिछुए निकले नकली, दोषी अधिकारियों पर "शीघ्र गिरेगी गाज"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अब कल्याण नहीं बल्कि कमीशन और करप्शन की योजना बनकर रह गई है। गरीब बेटियों के हाथ पीले करने का दावा करने वाली इस योजना में जमकर सरकारी खजाने पर डाका डाला गया। जांच में राजफाश हुआ कि यहां शादियां मंडप में नहीं, फाइलों में रचाई गईं। न फेरे, न अग्नि, न संस्कार- बस कागज चले और लाखों रुपये ठिकाने लग गए। 35 जोड़े ऐसे निकले, जिनकी शादी पहले ही हो चुकी थी, फिर भी उन्हें 'नवविवाहित' बताकर योजना का लाभ दे दिया गया। वहीं, शुरूआती जांच में पायल-बिछुए भी नकली मिले हैं। इस मामले में शिकायत पर शासन भी तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है।कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह की शिकायत पर गठित 30 अधिकारियों की टीमों ने जब जांच की, तो पूरे मामले की परतें खुलती चली गईं। जांच रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी को सौंपी गई, जिसमें सरकारी धन के दुरुपयोग और विभागीय लापरवाही की पुष्टि हुई है। जांच में सामने आया कि 35 जोड़ों का विवाह फाइलों में था। नौ जोड़ों की शादी स्थल पर हुई ही नहीं, लेकिन उन्हें लाभार्थी बनाकर लाखों रुपये हजम कर लिए। जांच के दौरान गजीपुर में एक अधिकारी ने पायल और बिछुए रगड़वाए, तो अंदर से चांदी नहीं निकली। वहीं, पांच की जगह तीन लीटर के सस्ते और घटिया कुकर थमा दिए गए। योजना के नाम पर गरीब बेटियों के सम्मान के साथ खिलवाड़ किया गया और ठेकेदार व अधिकारियों ने मिलकर सरकारी खजाने पर डाका डाल लिया। मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर 23 जनवरी 2026 को कुंदरकी को छोड़कर जिले के अन्य छह ब्लाकों में 10 प्रतिशत जोड़ों का सत्यापन कराया गया। वहां भी तीन जोड़े अपात्र मिले।यह खेल सिर्फ कुंदरकी तक सीमित नहीं है। पहले गठित दो सदस्यीय जांच समिति 808 जोड़ों का सत्यापन नहीं कर सकी। इसके बाद 30 अफसरों की टीम बनाकर घर-घर जांच हुई। इसमें पंचायत सचिवों और विभागीय कर्मचारियों की मिलीभगत उजागर हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि जांच रिपोर्ट में कई गंभीर अनियमितताएं मिली हैं। मामले में दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी।




# एसपी उत्तरी ने किया क्योंलड़िया थाने का वार्षिक निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**क्योलडिया।** एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा ने क्योलडिया थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। सबसे पहले गार्ड की सलामी ली गई है इसके बाद उन्होंने थाने में खड़े कबाड़ वाहनों का निस्तारण करने का निर्देश प्रभारी निरीक्षक को दिया। एसपी देहात ने माल खाना, महिला हेल्प डेस्क, जनसुनवाई रजिस्टर एवं अभिलेख चेक किए, सब कुछ सही मिला। मैस में जगह कम होने पर उसका विस्तार करने का निर्देश प्रभारी निरीक्षक को दिया। बैरक का निरीक्षण किया, बैरक में जगह-जगह टाइल टूटी पड़ी थी और पानी की टोटिया भी टूटी थी और छत पर गंदगी थी। इस पर उन्होंने ठेकेदार को कड़ी चेतावनी दी और कार्रवाई करने को कहा।

एसपी उत्तरी ने दक्ष ऐप के बारे में भी बीट आरक्षियों से जानकारी प्राप्त की। साथ ही साइबर हेल्प डेस्क के बारे में अधीनस्थों से जानकारी ली। क्षेत्र में दो चौकिया ग्रामीणों की मांग पर उन्होंने इसका समर्थन किया और कहा कि इसका वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को अवगत कराकर जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा थाने के वार्षिक निरीक्षण में सभी अभिलेख दुरुस्त मिलने पर हेड मोहरिर और प्रभारी निरीक्षक को शाबाशी दी। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम शैलेंद्र कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक देशराज सिंह तोमर, उप निरीक्षक अर्जित कुमार, महेंद्र प्रताप, मुकेश कुमार, नवीन कुमार, सुमित यादव समेत पुलिस फोर्स मौजूद रहा।





**शिकंजा**

## चंदौसी में सराफा व्यापारी पर राज्यकर विभाग का शिकंजा

# 21 घंटे की छापेमारी में 33 करोड़ की अघोषित ज्वैलरी पकड़ी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी (संभल)।** संभल जनपद के चंदौसी नगर में राज्यकर विभाग की प्रवर्तन शाखा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक सराफा व्यापारी के यहां छापेमारी कर भारी कर चोरी का खुलासा किया है। कार्रवाई के दौरान करीब 33 करोड़ रुपये मूल्य की अघोषित सोना, चांदी व हीरे की ज्वैलरी बरामद की गई, जिसे विभाग ने सीज कर दिया। वहीं, मौके पर ही व्यापारी से 1.20 करोड़ रुपये कर एवं जुमार्ने के रूप में वसूले गए।

राज्यकर विभाग मुरादाबाद की प्रवर्तन विंग की टीम ने चार फरवरी को दोपहर एक बजे चंदौसी के बाद बाजार स्थित मोंटू ज्वेलर्स पर छापा मारा। यह कार्रवाई लगातार 21 घंटे तक चली। टीम में 10 अधिकारी शामिल रहे, जिनमें तीन महिला अधिकारी भी थीं। पूरी कार्रवाई कैमरे की निगरानी में पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई गई।

जांच के दौरान व्यापारी शोरूम में मौजूद माल की खरीद से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। स्टॉक रजिस्टर में केवल 439 ग्राम सोना और 120 किलोग्राम चांदी का ही विवरण दर्ज पाया गया, जबकि मौके पर 16,638 ग्राम सोना, 875 किलोग्राम चांदी की ज्वैलरी और 34.43 कैरेट हीरे बरामद हुए, जो पूरी तरह से लेखा-जोखा से बाहर थे।

राज्यकर विभाग के अनुसार, बरामद अघोषित आभूषणों का बाजार मूल्य करीब 33 करोड़ रुपये आंका गया है। कार्रवाई के उपरांत व्यापारी द्वारा 1.20 करोड़ रुपये की धनराशि कर एवं जुमार्ने के रूप में ऑनलाइन जमा कराई गई।

जांच टीम ने शोरूम और आवास से कारोबार से जुड़े लूज पर्चे तथा मोबाइल फोन में मौजूद डिजिटल डेटा भी कब्जे में लिया है, जिसकी विस्तृत जांच आगे की जाएगी।

इस संबंध में अपर आयुक्त ग्रेड-1 राज्यकर विभाग मुरादाबाद अशोक कुमार सिंह ने बताया कि सोना-चांदी के भाव में तेजी के चलते कुछ व्यापारी बिना प्रपत्रों के बड़े पैमाने पर खरीदारी कर रहे थे। इसी सूचना के आधार पर अपर आयुक्त ग्रेड-2 आर.ए. सेठ को निगरानी और कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे।

इधर, विभागीय कार्रवाई के विरोध में स्थानीय सरार्फा व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने बाजार बंद रखकर धरना दिया और कार्रवाई पर आपत्ति जताई।



# अल्ट्रासाउंड कराने आई महिला से छेड़छाड़ का आरोप, निजी अस्पताल में हंगामा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** कोतवाली क्षेत्र में स्थित एक निजी अस्पताल में उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब अल्ट्रासाउंड कराने आई एक महिला ने अस्पताल स्टाफ के कर्मचारी पर छेड़छाड़ का गंभीर आरोप लगाया।

महिला का आरोप है कि इंजेक्शन लगाने के दौरान कर्मचारी ने उसके साथ अशोभनीय व्यवहार किया। घटना की जानकारी मिलते ही महिला के परिजन अस्पताल पहुंच गए और जमकर विरोध किया। परिजनों का कहना है कि अस्पताल स्टाफ की लापरवाही और कर्मचारी की हरकत बर्दाश्त के काबिल नहीं है। उन्होंने तत्काल आरोपी कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को शिकायत दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया। और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है, जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद से अस्पताल परिसर में तनाव का माहौल बना हुआ है।

**पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है, जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी**

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com




# गोलमाल 5 में करीना कपूर की वापसी पक्की, रोहित शेट्टी की सबसे बड़ी पलटन तैयार

रोहित शेट्टी की ब्लॉकबस्टर कॉमेडी फ्रेंचाइजी गोलमाल 5 को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। फिल्म में करीना कपूर की वापसी पक्की हो गई है, जो एक बार फिर अजय देवगन के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। इस बार रोहित शेट्टी ने अक्षय कुमार को भी इस फिल्म से जोड़कर एक बड़ा कास्टिंग धमाका किया है। अजय, अक्षय और करीना जैसे सितारों के साथ गोलमाल 5 की ये पलटन अब तक की सबसे बड़ी टीम मानी जा रही है। फिल्म से जुड़े सूत्र ने बताया, करीना की कास्टिंग में थोड़ा समय लगा, क्योंकि तारीख और कुछ अन्य मुद्दों पर बातचीत चल रही थी। रोहित शेट्टी और अजय देवगन उन्हें फिल्म में लेने के लिए बेहद उत्सुक थे, वहीं करीना भी गोलमाल फ्रेंचाइजी में लौटने को लेकर उत्साहित थीं। रोहित की टीम ने करीना के लिए एक बेहद मजेदार और अनोखा रोल तैयार किया है, जिसके लिए आखिरकार बात बन गई है।

ट्रेड पंडितों का मानना है कि गोलमाल 5 को लेकर पहले ही काफी उत्साह था, क्योंकि इसके सभी पिछले चारों भाग सफल रहे हैं। अब अक्षय की एंट्री और करीना की वापसी ने फिल्म के प्रति रोमांच को दोगुना कर दिया है। जानकारों का मानना है कि ये करिश्मा केवल रोहित ही कर सकते थे। अपनी जबरदस्त साख और बॉक्स ऑफिस पर सफलता के बेमिसाल रिकॉर्ड के दम पर उन्होंने बॉलीवुड सितारों के इस महा-संगम को मुमकिन कर दिखाया है।

# अनिल कपूर ने मिलाया जूनियर एनटीआर से हाथ, दुनिया देखेगी 2 धुरंधरों का कमाल



बॉलीवुड में अनिल कपूर और साउथ में जूनियर एनटीआर का जलवा किसी से छिपा नहीं है। दोनों सितारे साथ में फिल्म करने वाले हैं, इस खबर ने अभी से लोगों की खुशी सांतवें आसमान पर पहुंचा दी है। वैसे यह पहला मौका नहीं है जब अनिल और एनटीआर एक फिल्म में नजर आएंगे। दोनों को वॉर 2 में देखा गया था। बड़ी खबर है कि एनटीआर की बहुप्रतीक्षित पैन इंडिया फिल्म ड्रैगन में, अनिल शामिल हो गए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, ड्रैगन की शूटिंग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रही है जिसमें अफ्रीका और अन्य विदेशी शहर शामिल हैं। अनिल के फिल्म से जुड़ने और शुरूआती कास्टिंग से पता चला है कि अन्य भारतीय कलाकार भी इस परियोजना का हिस्सा बन सकते हैं।

हालांकि, निमार्ता अभी भी स्क्रिप्ट को आखिरी प्रारूप देने में लगे हैं। निर्देशन की जिम्मेदारी प्रशांत नील ने संभाली है जो पूर्व में, सालार और केजीएफ फ्रैंचाइजी बनाकर दिल जीत चुके हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि ड्रैगन में अनिल को खलनायक या सहायक किरदार के रूप में देखा जा सकता है। फिलहाल तो उनकी और एनटीआर की फिल्म में एक साथ उपस्थित ने लोगों की उम्मीदों को बढ़ा दिया है। यह एक पैन इंडिया फिल्म होने वाली है जिसे कई भाषाओं के साथ दुनियाभर में रिलीज किया जाएगा। हालांकि निमार्ताओं की तरफ से आधिकारिक रिलीज तारीख का ऐलान होना बाकी है।


# बॉक्स ऑफिस पर बॉर्डर 2 की कमाई में आई भारी गिरावट, मदार्नी 3 का हाल बुरा




बॉक्स ऑफिस पर इस वक्त सनी देओल की युद्ध ड्रामा फिल्म बॉर्डर 2 अपना कब्जा जमाकर बैठी है। दूसरी तरफ रानी मुखर्जी की फिल्म मदार्नी 3 भी रिलीज हो चुकी है। दोनों फिल्मों ने वीकेंड पर अच्छी कमाई कर दिखाई थी, लेकिन नॉन हॉलीडे में लौटते ही दोनों को भारी झटका लगा है। बॉक्स ऑफिस पर दोनों फिल्मों की कमाई के आंकड़े तेजी के साथ नीचे गिरे हैं, जो खासतौर पर मदार्नी 3 के लिए संकट की बात है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, बॉर्डर 2 ने अपने दूसरे सोमवार को 11 वें दिन 5.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया है, जो पिछली कमाई के लिहाज से काफी कम है। इसने वीकेंड पर 9वें दिन 17.75 करोड़ कमाए थे और 10वें दिन का कारोबार 22.5 करोड़ रुपये था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 11 दिन गुजारने के बाद कुल 281 करोड़ रुपये का नेट कारोबार कर लिया है। अब इसका अगला लक्ष्य 300 करोड़ के क्लब में पहुंचा है। यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी मदार्नी 3 ने 30 जनवरी को सिनेमाघरों का रुख किया था। बॉक्स ऑफिस पर महज 4 करोड़ से ओपनिंग करने के बाद फिल्म ने दूसरे दिन 6.25 करोड़ और तीसरे दिन 7.25 करोड़ कमाए थे। वहीं सोमवार को यानी, चौथे दिन फिल्म ने कुल 2.15 करोड़ का कारोबार किया है, जिसके बाद कुल कमाई 19.65 करोड़ रुपये हुई है। फिल्म को कथित बजट 60 करोड़ पार करने के लिए काफी संघर्ष करना होगा।

# मैं फेल हो सकती हूं,मगर हार नहीं मानूंगी : पायल राजपूत

साउथ फिल्म इंडस्ट्री की उभरती एक्ट्रेस पायल राजपूत ने अपनी मेहनत और संघर्ष की कहानी के साथ अपने मजबूत इरादे को जाहिर किया। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि वह कभी हार नहीं मानेंगी। पायल ने स्पष्ट किया कि इंडस्ट्री में कुछ लोग उन्हें एक्टिंग छोड़ने के लिए मजबूर करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वे दृढ़ हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा, वे चाहते हैं कि मैं छोड़ दूं, और मैं खुद से सवाल करती हूं कि क्या मुझे ऐसा करना चाहिए। लेकिन फिर मैं पिछले 12 सालों में



की गई कड़ी मेहनत के बारे में सोचती हूं। इसलिए मैं खुद से कहती हूं नहीं, मैं फेल हो सकती हूं, लेकिन हार नहीं मानूंगी। नेपोटिज्म जैसे गंभीर मुद्दों पर पायल अक्सर अपने राय रखती रहती हैं। इससे पहले भी उन्होंने विचार व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया और फिल्म इंडस्ट्री में भाई-भतीजावाद और फेवरेटिज्म पर खुलकर बात की थी। उन्होंने लिखा था कि एक्टर बनना सबसे मुश्किल करियर में से एक है। हर दिन अनिश्चितता के साथ शुरू होता है, जहां टैलेंट से ज्यादा विशेषाधिकार और कनेक्शन हावी हो जाते हैं। पायल ने बताया था कि कई बार उन्हें शक होता है कि उनकी मेहनत और लगन ऐसी दुनिया में नोटिस होगी भी या नहीं। मौके अक्सर मशहूर सरनेम या पावरफुल एजेंट वाले लोगों के पास चले जाते हैं। फिर भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और टैलेंट पर भरोसा रखा।

फिलहाल पायल कई प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। वह तेलुगू फिल्म वेंकटलक्ष्मी में नजर आने वाली हैं, जिसे मशहूर डायरेक्टर मुनि बना रहे हैं। मेकर्स इस फिल्म को तेलुगू, तमिल और हिंदी में रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। इसके अलावा, पायल के पास एक और तमिल फिल्म है। अनटाइटल्ड फिल्म एक बड़े बजट का प्रोजेक्ट है, जिसे जाने-माने डायरेक्टर आर.एस. दुरई सेंथिलकुमार डायरेक्ट कर रहे हैं। शूटिंग का पहला फेज चेन्नई में पूरा हो चुका है। जानकारी के अनुसार यह फिल्म सच्ची घटनाओं से प्रेरित एक रोमांचक एक्शन-ड्रामा है। संगीत जिब्रान दे रहे हैं, सिनेमैटोग्राफी एस. वेंकटेश की है, एडिटिंग प्रदीप कर रहे हैं और आर्ट डायरेक्शन दुरईराज संभाल रहे हैं।

# महिलाएं इस तरह से स्टाइल कर सकती हैं स्कॉर्ट्स,आपको मिलेगा सबसे स्टाइलिश लुक

महिलाओं के बीच स्कॉर्ट्स काफी लोकप्रिय हो रहे हैं, जो स्कर्ट और शॉर्ट्स का मेल होते हैं। ये असल में शॉर्ट्स होते हैं, लेकिन आगे से स्कर्ट जैसे दिखते हैं। यह कपड़ा न केवल स्टाइलिश लुक देता है, बल्कि बहुत आरामदायक भी होता है। स्कॉर्ट्स को सही तरीके से स्टाइल करने से आप हर मौके पर बेहतरीन दिख सकती हैं। इस लेख में हम आपको कुछ फैशन टिप्स देंगे, जिनसे आप



स्कॉर्ट्स को अलग-अलग तरीकों से स्टाइल कर सकेंगी।

**टी-शर्ट के साथ मेल करें**

स्कॉर्ट्स के साथ एक साधारण टी-शर्ट पहनना एक बेहतरीन आउटफिट हो सकता है। यह मेल कॉलेज जाने वाली महिलाओं के लिए बढ़िया रहेगा और यह समुद्र तट पर छुट्टियां बिताने के लिए भी अच्छा आउटफिट होगा। आप चाहें तो टी-शर्ट को अंदर से टक कर सकती हैं, ताकि आपका लुक और भी खास लगे। इसके अलावा आप टी-शर्ट के रंग और डिजाइन को अपने स्कॉर्ट्स के रंग से मिलाकर एक आकर्षक लुक पा सकती हैं।

**जैकेट या कोट लेयर करें**

अगर आप अपने लुक में थोड़ा-सा बदलाव चाहती हैं तो एक अच्छी फिटिंग वाली जैकेट या कोट लेयर कर सकती हैं। स्कॉर्ट्स के ऊपर कोई सुंदर-सा टैंक टॉप पहनें और ऊपर से मेल खाती हुई जैकेट लेयर कर लें। जैकेट या कोट का चुनाव करते समय ध्यान रखें कि उसकी फिटिंग सही हो, ताकि आपका लुक बेहतरीन लगे। गर्मियों के लिए डेनिम जैकेट सही रहेगी और सर्दियों में आप लेदर या कोई भी मोटी जैकेट पहन सकती हैं।

**स्टाइलिश टॉप के साथ पहनें**

अगर आप किसी खास मौके पर जा रही हैं तो स्कॉर्ट्स के ऊपर कोई स्टाइलिश टॉप पहन लें। आप कॉर्सेट या ट्यूब टॉप का चुनाव कर सकती हैं, जो ऑफ शोल्डर और फिटिंग वाला लुक देंगे। इसके अलावा इस बॉटम वियर के साथ टैंक टॉप, वन ऑफ शोल्डर टॉप, सैटिन टॉप और बैकलेस टॉप भी बढ़िया लगते हैं। आपको टॉप का चुनाव जगह और अवसर को ध्यान में रखते हुए करना चाहिए।

**शर्ट के साथ स्टाइल करें**

स्कॉर्ट्स में पेशेवर लुक पाना थोड़ा मुश्किल सही, लेकिन असंभव नहीं है। अगर आप इसके साथ शर्ट पहनती हैं तो यह ऑफिस के लिए अच्छा आउटफिट हो सकता है। साथ ही यह घूमने जाने के लिए भी आदर्श लुक हो सकता है। स्कॉर्ट्स के साथ मेल खाते रंग वाली शर्ट पहनें और उसे अंदर टक कर लें। इस लुक के साथ हील वाली सैंडल पहनें, ताकि आपकी लंबाई बढ़े और आप ज्यादा सुंदर दिख सकें।

# क्या आपको है शॉपिंग की लत ? इन 5 तरीकों से जल्द मिलेगा छुटकारा

अधिकतर लोग खरीदारी करना पसंद करते हैं। हालांकि, जब यह एक आदत बन जाती है तो इससे आर्थिक स्थिति पर बुरा असर पड़ता है। अगर आप जरूरत से ज्यादा खरीदारी करते हैं तो इससे आपकी बचत पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है और जेब खाली हो सकती है। आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देंगे, जिन्हें अपनाकर आप खरीदारी की लत से छुटकारा पा सकते हैं और अपने खर्चों को नियंत्रित कर सकते हैं।



**बजट बनाएं और उसका पालन करें**

खरीदारी की लत से छुटकारा पाने के लिए सबसे पहले एक बजट बनाएं और उसका पालन करें। अपनी मासिक आय और खर्चों का अंदाजा लगाएं और तय करें कि आप कितनी राशि खरीदारी पर खर्च कर सकते हैं। इससे आपको अपने खर्चों का सही अंदाजा होगा और बेवजह के खर्चों से बच सकेंगे। इसके अलावा बजट बनाने से आप अपनी बचत को भी बढ़ा सकते हैं और आर्थिक स्थिरता पा सकते हैं।

**सूची बनाकर खरीदारी करें**

खरीदारी करने से पहले एक सूची बनाएं और उसी के अनुसार सामान खरीदें। बिना योजना के बाजार जाने से आप अनावश्यक चीजें खरीद सकते हैं, जो आपके बजट को बिगाड़ सकती हैं। इसके अलावा सूची बनाकर खरीदारी करने से आपका समय भी बचेगा और आप अधिक व्यवस्थित रहेंगे। इससे आपको अपने खर्चों पर नियंत्रण रखने में मदद मिलेगी और बेवजह के खर्चों से बच सकेंगे। इस तरह से आप अपनी आर्थिक स्थिति को बेहतर बना सकते हैं।

**ऑनलाइन खरीदारी वाले ऐप हटाएं**

अगर आपको ऑनलाइन खरीदारी करने की आदत है तो अपने फोन या कंप्यूटर से सभी ऑनलाइन खरीदारी वाले ऐप को हटा दें। इनकी मौजूदगी आपके लिए लालच का कारण बन सकती है और आप बिना जरूरत के चीजें खरीद सकते हैं। इसके अलावा इन ऐप को हटाने से आप अपनी बचत को सुरक्षित रख सकेंगे और बेवजह के खर्चों से बच सकेंगे। अगर आप ऐप हटाना नहीं चाहते हैं तो उनके नोटिफिकेशन को बंद रखें।

**खरीदारी करने का समय तय करें**

खरीदारी करने का एक निश्चित समय तय करें और उससे बाहर न जाएं। उदाहरण के लिए सप्ताह में एक बार या महीने में एक बार ही खरीदारी करने का समय होना चाहिए। इससे आपकी खरीदारी की आदत नियंत्रित रहेगी और आप बेवजह पैसे लुटाने से बचे रहेंगे। अगर संभव हो तो महीने में एक बार ही घर का सारा जरूरी सामान खरीद लाएं। इससे आपको बीच में चीजें लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी और फिजूल खर्ची भी नहीं होगी।

**भावनात्मक कारणों से खरीदारी करने से बचें**

अक्सर लोग तनाव, उदासी या अकेलेपन जैसे भावनात्मक कारणों से खरीदारी कर लेते हैं। इन भावनाओं को समझें और उनसे निपटने के लिए अन्य तरीके अपनाएं। आप खरीदारी के बजाय योग, ध्यान या दोस्तों के साथ समय बिताना चुन सकते हैं। इस तरह आप अपनी खरीदारी की आदत को नियंत्रित रख सकेंगे और बेवजह के खर्चों से बच सकेंगे। इससे आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी और आप अधिक संतुलित जीवन जी पाएंगे।

# उत्तर प्रदेश पुलिस पेंशनर्स कल्याण संस्थान की मासिक गोष्ठी संपन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस पेंशनर्स कल्याण संस्थान, जनपदीय इकाई लखनऊ की मासिक गोष्ठी आज दिनांक 04 फरवरी 2026 को अध्यक्ष श्री आर. के. चतुर्वेदी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। गोष्ठी में कार्यकारिणी के सदस्यगण एवं बड़ी संख्या में वरिष्ठ पेंशनर्स उपस्थित रहे।
गोष्ठी के दौरान पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। एक पेंशनर द्वारा अपनी अविवाहित पुत्री को आश्रित श्रेणी में सम्मिलित किए जाने संबंधी जानकारी मांगी गई, जिस पर अध्यक्ष द्वारा अवगत कराया गया कि अविवाहित पुत्री आश्रित की श्रेणी में आती है तथा संबंधित कार्यालय से संपर्क कर अग्रिम कार्रवाई की जाए।
श्रीमती निर्मला जी के पति के चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावे से संबंधित बिल को पुलिस मुख्यालय प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए गए। वहीं, पेंशनर श्री मुकुट सिंह द्वारा वर्ष 2015 में सेवानिवृत्ति के उपरांत ग्रेच्युटी अंतर राशि के भुगतान हेतु डीसीपी मुख्यालय, कमिश्नरेट लखनऊ को पत्र भेजे जाने का निर्णय लिया गया।
इसके अतिरिक्त, पेंशनर्स द्वारा पहचान पत्र बनवाने सहित अन्य समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु अध्यक्ष महोदय द्वारा आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कमिश्नरेट लखनऊ से गोष्ठी में उपस्थित चिकित्सा प्रतिपूर्ति क्लर्क द्वारा जानकारी दी गई कि वर्ष 2025 में कुल 2190 चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावे प्राप्त हुए, जिन्हें मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं चिकित्सा अधिकारी, पुलिस लाइन लखनऊ को प्रेषित किया गया। वहीं वर्ष 2026 में अब तक 187 दावे प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 113 दावे प्रेषित किए जा चुके हैं तथा 74 दावे लंबित हैं।
इस संबंध में चिकित्सा अधिकारी, पुलिस लाइन लखनऊ से वार्ता कर लंबित चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों के शीघ्र निस्तारण का अनुरोध किया गया। अन्य कोई विषय न होने पर गोष्ठी समाप्त घोषित की गई।

# शादी में चढ़त के दौरान हर्ष फायरिंग, छत पर खड़ी युवती की गर्दन को चीरती हुई निकली गोली, हालत गंभीर

**मेरठ।** खरखौदा क्षेत्र के गांव फखरपुर कबट्टा में बुधवार रात शादी समारोह के दौरान हुई हर्ष फायरिंग में एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। बारात की चढ़त के समय चली गोली छत पर खड़ी युवती की गर्दन को चीरती हुई कंधे से निकल गई। उसे तुरंत मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

**डांस के बीच किसी बाराती ने किया फायर**

जानकारी के अनुसार गांव कबट्टा निवासी सुनील पुत्र सुरेश की बेटी की बारात बुधवार रात करीब 10:30 बजे अंबेडकर पार्क के पास पहुंची थी। बैंड-बाजे के साथ बाराती नाचते हुए आगे बढ़ रहे थे। इसी दौरान किसी बाराती ने खुशी में हवाई फायर कर दिया। उधर बैंड की आवाज सुनकर आसपास के मकानों की छतों पर महिलाएं और बच्चे बारात देख रहे थे। तभी फायर की गई गोली छत पर खड़ी जेसिका (21) पुत्री नरेंद्र कुमार को जा लगी।

**घटना की सूचना मिलते ही सीओ किठौर प्रमोद कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पीड़ित परिवार की ओर से अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है**

**गर्दन से कंधे तक चीरती हुई निकली गोली**

गोली युवती की गर्दन को चीरती हुई कंधे से बाहर निकल गई, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ी। परिजन आनन-फानन में उसे मेरठ के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर बताई है।

**पुलिस ने गांव में संभाला मोर्चा**

घटना की सूचना मिलते ही सीओ किठौर प्रमोद कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पीड़ित परिवार की ओर से अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दो समुदायों से जुड़ा मामला होने के चलते बारात की विदाई तक गांव में पुलिस बल तैनात रहा।

# विपक्ष की आवाज दबाने का आरोप, जयराम रमेश बोले- राहुल गांधी को नहीं बोलने दिया तो सदन नहीं चलेगा



**दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने गुरुवार को चेतावनी दी कि अगर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को 2020 में चीन के साथ हुए गतिरोध पर संसद में अपनी बात रखने की अनुमति नहीं दी गई तो सदन के चलने की संभावना बहुत कम रह जाएगी। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि संसद में केवल एक ही मुद्दा है जो विपक्ष को परेशान कर रहा है, और वह यह है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता को बोलने से रोका गया है। राज्यसभा में विपक्ष के नेता ने भी यही मुद्दा उठाया। राज्यसभा में विपक्षी सांसद भी आज इसी मुद्दे पर सदन से बाहर चले गए। रमेश ने आगे कहा कि सभी विपक्षी दल इस बात पर एकमत हैं कि अगर लोकसभा सांसद को बोलने नहीं दिया गया, तो सदन के चलने की संभावना बहुत कम है। कांग्रेस ने संसद में कई मुद्दे उठाए हैं, जिनमें से एक प्रमुख मुद्दा पूर्वी लद्दाख में 2020 के चीन गतिरोध पर एमएम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण से जुड़ा है। कांग्रेस का कहना है कि लोकसभा सांसद राहुल गांधी को पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे (सेवानिवृत्त) के उद्धरण देने से कई बार "रोका" गया। भाजपा नेताओं ने बचाव में कहा कि यह सदन के नियमों का उल्लंघन है और इससे सशस्त्र बलों का मनोबल गिरने का खतरा है। संसद में लगातार हो रही बाधाओं के बीच, प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव में भाग न लेने का फैसला किया। जयराम रमेश ने याद दिलाया कि जून 2004 में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने धन्यवाद प्रस्ताव में इसलिए भाग नहीं लिया था क्योंकि उन्हें जवाब देने से रोका गया था। उन्होंने आगे कहा कि मनमोहन सिंह ने 2005 में राष्ट्रपति को दो बार धन्यवाद दिया था।

# फिटनेस,फैशन और मस्ती का अनोखा संगम बना द एथलीजर फेस्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** फीनिक्स पलासियो ने अपने भव्य एट्रियम को फिटनेस और एथलीजर के रंग में रंग दिया है। यहां द एथलीजर फेस्ट की शुरूआत के साथ ही फैशन, फिटनेस और मस्ती का ऐसा माहौल बन गया है, जो शहर के युवाओं और फिटनेस प्रेमियों को खास तौर पर आकर्षित कर रहा है। यह फेस्ट 29 जनवरी से शुरू होकर 22 फरवरी तक चलेगा और तीन लगातार वीकेंड तक लोगों को एक्शन और एनर्जी से भरपूर अनुभव देगा।
फेस्ट को इस तरह तैयार किया गया है कि यहां शॉपिंग के साथ-साथ एक्टिव लाइफस्टाइल को करीब से महसूस किया जा सके। फीनिक्स पलासियो के स्पोर्ट्स और फिटनेस ब्रांड्स को आकर्षक इंस्टॉलेशंस, प्रजेंटेशन और लाइव एक्टिविटीज के जरिये पेश किया गया है। यहां साइक्लिंग चैलेंज, रिफ़्लेक्स परखने वाले गेम्स, टायर फ़्लिप, जुम्बा डांस, पुशअप्स और स्क्वाट चैलेंज, रोप और स्किपिंग एक्टिविटी जैसी कई फिटनेस गतिविधियां लोगों को खुद को आजमाने का मौका दे रही हैं। इसके साथ ही सोशल मीडिया के लिए खास तौर पर तैयार किए गए एक्सपीरियंस जोन भी युवाओं के बीच खासे लोकप्रिय हो रहे हैं।
फेस्ट के दौरान मॉल में कई रोमांचक गेम्स और एंड्योरेंस चैलेंज भी रखे गए हैं, जिनमें हिस्सा लेकर विज़िटर्स आकर्षक इनाम जीत सकते हैं। इस पहल का मकसद सिर्फ.खरीदारी तक सीमित न रहकर लोगों को एक ऐसा लाइफस्टाइल अनुभव देना है, जिसमें सेहत, स्टाइल और एंटरटेनमेंट एक साथ जुड़ते हैं।

**फीनिक्स पलासियो में जनवरी 29 से फरवरी 22 तक हाई-एनर्जी लाइफस्टाइल फेस्ट**

इस मौके पर संजीव सरीन, रीटेल डायरेक्टर (नॉर्थ), फीनिक्स मिल्स ने कहा, फीनिक्स पलासियो में हमारा प्रयास हमेशा यही रहता है कि हम रिटेल से आगे बढ़कर यादगार अनुभव दें। द एथलीजर फेस्ट लखनऊ की उस पीढ़ी का उत्सव है, जो फिटनेस को लेकर जागरूक है और स्टाइल में भी आगे रहना चाहती है। इनोवेशन, इंटरऐक्शन और मनोरंजन के जरिये हम ऐसा मंच बना रहे हैं, जहां फिटनेस और फैशन एक साथ लोगों को प्रेरित करते हैं।
उच्च ऊर्जा से भरपूर सेटअप, इंटरैक्टिव जोन्स और वीकेंड-लॉन्ग एक्टिविटीज के साथ द एथलीजर फेस्ट यह दिखाता है कि फीनिक्स पलासियो अब सिर्फ. शॉपिंग मॉल नहीं, बल्कि एक ऐसा लाइफस्टाइल डेस्टिनेशन बन चुका है, जहां लोग बार-बार लौटना चाहते हैं, जुड़ना चाहते हैं और कुछ नया महसूस करना चाहते हैं।

# रहीस भारती अपने धोद बैंड के साथ बेल्जियम एवं फ्रांस में भारत की कला और संस्कृति का प्रतिनिधित्व करेंगे

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**दिल्ली।** रहीस भारती अपने विश्वविख्यात धोद बैंड -राजस्थान के साथ बेल्जियम एवं फ्रांस में भारत की समृद्ध कला, संस्कृति और जीवंत विरासत का प्रतिनिधित्व करने के लिए आमंत्रित किए गए हैं। यह आमंत्रण यूरोप की प्रतिष्ठित सांस्कृतिक संस्था ज्यूनैस म्यूज़िकाल्स ऑफ बेल्जियम द्वारा प्रदान किया गया है, जो 85 वर्षों से अधिक पुरानी संस्था है और बेल्जियम के संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से संचालित होती है।
इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम के अंतर्गत, रहीस भारती एवं धोद बैंड बेल्जियम के विभिन्न शहरों में राष्ट्रव्यापी सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक संगीत श्रृंखला के तहत प्रस्तुतियाँ देंगे। इसके पश्चात यह अंतरराष्ट्रीय दौरा फ्रांस तक विस्तारित होगा। इस दौरान स्कूलों, कॉलेजों, ओपेरा हाउस एवं प्रमुख सांस्कृतिक मंचों पर आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से हजारों दर्शकों और विद्यार्थियों को भारत की पारंपरिक संगीत एवं नृत्य परंपराओं से रूबरू होने का अवसर प्राप्त होगा।
इस अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक दौरे के माध्यम से 25,000 से अधिक स्कूल एवं विश्वविद्यालय के छात्र भारत की कला, संस्कृति और जीवंत विरासत का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करेंगे, जो वैश्विक शैक्षणिक मंच पर भारत का एक महत्वपूर्ण प्रतिनिधित्व है।
यह अंतरराष्ट्रीय आमंत्रण हाल ही में डेनमार्क के कोपेनहेगन में आयोजित ह्यवंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ एवं उत्तर प्रदेश दिवस के ऐतिहासिक समारोहों में रहीस भारती एवं धोद बैंड द्वारा दी गई सफल प्रस्तुतियों के पश्चात प्राप्त हुआ है। यह आयोजन डेनमार्क स्थित भारतीय दूतावास द्वारा डेनमार्क में बसे भारतीय समुदाय के सहयोग से आयोजित किया गया था।
डेनमार्क में आयोजित उक्त समारोहों के लिए आमंत्रण डेनमार्क में भारत के राजदूत, महामहिम श्री मनीष प्रभात द्वारा प्रदान किया गया, जिन्होंने संस्कृति के माध्यम से भारत की सेवा में रहीस भारती के उल्लेखनीय योगदान तथा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का गौरव बढ़ाने हेतु उनके आजीवन समर्पण की सराहना की।
पिछले 25 वर्षों से अधिक समय से रहीस भारती अपनी कला के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु निरंतर कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में धोद बैंड एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक संस्था के रूप में स्थापित हुआ है और राजस्थान की एकमात्र ऐसी लोक-संगीत मंडली है जो विगत दो दशकों से अधिक समय से बिना किसी विराम के निरंतर अंतरराष्ट्रीय प्रस्तुतियाँ दे रही है।
रहीस भारती एवं धोद बैंड ने भारत का प्रतिनिधित्व अनेक प्रतिष्ठित वैश्विक आयोजनों में किया है, जिनमें महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का डायमंड जुबिली समारोह (लंदन), फॉर्मूला-1 सिंगापुर, वोमाड फेस्टिवल (यूके) तथा पेरिस में नमस्ते फ्रांस के उद्घाटन समारोह, जो माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में आयोजित हुआ, प्रमुख हैं।
माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की भारत की सांस्कृतिक जड़ों को सशक्त करने एवं वैश्विक सॉफ्ट पावर को बढ़ावा देने की प्रेरक सोच से प्रेरित होकर, रहीस भारती अपने धोद बैंड के साथ भारत की परंपराओं को प्रामाणिकता, गरिमा और वैश्विक प्रासंगिकता के साथ अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रस्तुत कर रहे हैं।
बेल्जियम एवं फ्रांस दौरे के दौरान, रहीस भारती एवं धोद बैंड स्कूलों, कॉलेजों और प्रमुख सांस्कृतिक मंचों पर प्रस्तुतियाँ देंगे, जिनमें ओपेरा द लीज (Opéra de Liège जैसे प्रतिष्ठित स्थल भी शामिल हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से हजारों युवा छात्र भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रत्यक्ष अनुभव करेंगे।
इस प्रकार, रहीस भारती एवं धोद बैंड भारत के सच्चे सांस्कृतिक राजदूत के रूप में विश्व पटल पर भारत की शाश्वत सांस्कृतिक चेतना, गरिमा और गौरव का प्रतिनिधित्व करेंगे।

**प्रस्तुत करने वाले कलाकार - धोद बैंड** (डेनमार्क एवं बेल्जियम दौरा)
रहीस भारती - निदेशक, तबला
बाबू खान - गायक, हारमोनियम
सुशीला कालबेलिया - नृत्य
अफरीदी भारती - तबला, करताल
सिराज खान - गायक
इंसाफ अली - ढोलक तनवर लाल - हारमोनियम।

# जंतर मंतर पर प्रदर्शन करने की इजाजत को लेकर पुलिस करती है परेशान : परमजीत सिंह पम्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दिल्ली।** नेशनल अकाली दल के अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा ने कहा जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन करने के लिए आयात मांगी जाती है तो पुलिस कोई ना कोई बहाना बनाकर इजाजत देने में आनाकानी करती है। उन्होंने बताया विभिन्न मुद्दों पर उन्होंने समय-समय पर जंतर मंतर प्रदर्शन करने के लिए पार्लियामेंट स्ट्रीट डीसीपी ऑफिस से इजाजत मांग रहे हैं मगर पुलिस अधिकारी कभी कहते हैं 10 दिन पहले पत्र दो या कभी कहते हैं अभी हम इजाजत नहीं दे सकते।



**पुलिस आम आदमी की आवाज दबाने में लगी है : पम्मा**

परमजीत सिंह पम्मा ने कहा उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध में प्रदर्शन की इजाजत मांगी गई थी तब भी नहीं दी गई थी। अब ऑनलाइन व मोबाइल गमो से हो रही आत्महत्या व बढ़ रही आपराधिक घटनाओं को लेकर 5 फरवरी को पत्र लिखकर 8 फरवरी के लिए इजाजत मांगने गए तो उन्होंने वह भी देने से मना कर दिया। अब संस्थान जंतर मंतर पर प्रदर्शन नहीं करेंगे तो क्या सड़कों पर करेगी? इसको लेकर नेशनल अकाली दल दिल्ली पुलिस कमिश्नर पार्लियामेंट स्ट्रीट के डीसीपी को पत्र लिखेगा।
परमजीत सिंह पम्मा ने कहा बड़े दुख की बात है वह लगभग 30 - 35 वर्षों से देश व समाज हित के लिए शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते आ रहे हैं। और आज तक कभी इस प्रकार की मुश्किल नहीं आई।

# सिवाया टोल की लेन में इंजीनियर की कार में ट्रक ने मारी टक्कर, विरोध पर दी धमकी

मोदीपुरम। दून हाईवे स्थित सिवाया टोल प्लाजा की लेन में खड़ी इंजीनियर की कार में हरियाणा नंबर के ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। विरोध करने पर चालक धमकी देकर वहां से भाग गया। पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज हुआ है। मुजफ्फरनगर के मंसूरपुर नावला निवासी पवन कुमार नोयडा की कंपनी में इंजीनियर हैं। तीन फरवरी को पवन अपने घर से नायेडा आफिस जाने के लिए कार में सवार होकर निकले थे। दून हाईवे स्थित सिवाया टोल प्लाजा की लेन में पवन की कार खड़ी थी।कार के आगे हरियाणा नंबर का ट्रक खड़ा था। इसी बीच चालक ने बिना किसी हैल्पर के ट्रक को पीछे करने लगा। जिससे पीछे खड़ी इंजीनियर की कार अगले हिस्से से क्षतिग्रस्त हो गई। कार से उतरकर पवन ने विरोध किया तो ट्रक चालक उलटा उसी की गलती बताते हुए जोर शोर से चिल्लाने लगा। पीड़ित ने फोन कर पुलिस को बुलाने की चेतावनी दी तो चालक मौके से ट्रक लेकर भाग निकला। पीड़ित पवन की तहरीर पर दौराला थाने में ट्रक के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर केस दर्ज हुआ है। दौराला इंस्पेक्टर सुमन कुमार सिंह का कहना है कि तहरीर पर केस दर्ज है।

# रेलवे में सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर युवक से सात लाख की ठगी

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट क्षेत्र के रहने वाले एक युवक ने किठौर निवासी अपने रिश्तेदार पर नौकरी के नाम पर सात लाख रुपए ठगने का आरोप लगाया है। पीड़ित का आरोप है कि रकम वापस मांगने पर आरोपी उसे तरह-तरह की धमकी दे रहा है। अधिकारियों ने मामले में जांच के आदेश दिए हैं।
रशीद नगर निवासी सलमान ब्रहस्पतिवार को एसएसपी ऑफिस पहुंचा। सलमान ने बताया कि उसका सहारनपुर में अपनी रिश्तेदारी में आना-जाना था। वहीं उसकी मुलाकात किठौर निवासी गय्यूर अली से हुई। गय्यूर ने सलमान को रेलवे में टिकट काउंटर पर सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा दिया। इसके बाद एक साल में युवक से कई किस्तों में सात लाख की रकम ठग ली। सलमान का आरोप है कि इसके बदले गय्यूर ने उसे ईमेल और डाक के जरिए फर्जी जॉइनिंग लेटर भेज दिया। मगर जब युवक कन्नौज में जॉइनिंग के लिए पहुंचा तो पता चला कि यह सारे कागजात फर्जी हैं।



पीड़ित का कहना है कि इसके बाद से वह लगातार गय्यूर से अपनी रकम वापस मांग रहा है। लेकिन गय्यूर अब सलमान को झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी दे रहा है। अधिकारियों ने मामले में जांच और कार्रवाई के आदेश दिए।


जताया आभार

## प्रदूषण,मेरठ मेडिकल कॉलेज को पीजीआई बनाने और ई-फाइलिंग सहित कई जनहित मुद्दों पर हुई चर्चा

# मोरना चीनी मिल की क्षमता वृद्धि पर मुख्यमंत्री से मिल भाकियू (अराजनैतिक) प्रवक्ता ने जताया आभार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक ने मंगलवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की।
इस दौरान उन्होंने जनपद मुजफ्फरनगर के मोरना क्षेत्र स्थित दी गंगा किसान सहकारी चीनी मिल लिमिटेड के आधुनिकीकरण एवं क्षमता वृद्धि के लिए उत्तर प्रदेश कैबिनेट द्वारा स्वीकृत धनराशि को ऐतिहासिक निर्णय बताते हुए संगठन एवं क्षेत्र के लाखों गन्ना किसानों की ओर से मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।मुलाकात के दौरान धर्मेंद्र मलिक ने औद्योगिक इकाइयों द्वारा आरडीएफ के नाम पर नगरपालिका ठोस अपशिष्ट (एमएसडब्ल्यू) एवं लीगेसी वेस्ट जलाए



जाने से उत्पन्न गंभीर वायु प्रदूषण पर चिंता जताते हुए जनस्वास्थ्य की रक्षा के लिए तत्काल दंडात्मक एवं बाध्यकारी कार्रवाई की मांग की।साथ ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एम्स की स्थापना,मेरठ मेडिकल कॉलेज (एलएलआरएम) को पीजीआई/ स्वशासी संस्थान घोषित करने,प्रदेश के सभी जनपदों में हाईकोर्ट मुकदमों की ई-फाइलिंग सुविधा को सुचारु रूप से लागू कराने जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई।इसके अतिरिक्त रियल टाइम खतौनी बनाते समय अंश निर्धारण,नाम में त्रुटि सुधार,राजस्व संहिता की धारा 24 के दुरुपयोग तथा चकबंदी प्रक्रिया में तकनीक के प्रभावी उपयोग जैसे मुद्दे भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखे गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी विषयों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए समाधान का आश्वासन दिया।

# शादी का झांसा देकर चार साल तक मुस्लिम युवती से रेप,अब वादे से मुकरा ढाबा संचालक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** नौचंदी क्षेत्र की रहने वाली मुस्लिम युवती ने सिवाया टोल प्लाजा के पास ढाबा चलाने वाले युवक पर चार साल तक शादी का झांसा देकर अपना शोषण करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि अब युवक अपने वादे से मुकर गया है और उसकी हत्या की धमकी दे रहा है।
शास्त्रीनगर निवासी मुस्लिम संप्रदाय की युवती ब्रहस्पतिवार को एसएसपी ऑफिस पहुंची। युवती ने बताया कि चार साल पहले वह इंस्टाग्राम के जरिए बुलंदशहर निवासी एक हिंदू युवक के संपर्क में आई थी। आरोप है कि एक दिन युवक ने युवती को मिलने के लिए बुलाया और गाड़ी में उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद युवक ने युवती से शादी करने का वादा किया।
युवक युवती को अक्सर सिवाया टोल प्लाजा के पास स्थित अपने ढाबे पर ले जाता और वहां उसके साथ संबंध बनाता था। काफी समय तक युवक और युवती एक साथ किराए के मकान में भी रहे। आरोप है कि इस दौरान युवक ने कई बार युवती का अबॉर्शन कराया।
पीड़िता ने आरोप लगाया कि अब ढाबा संचालक उससे शादी करने से इनकार कर रहा है। वहीं, अपने दोस्तों और परिवार के अन्य लोगों से युवती को धमकी दिला रहा है।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267